RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 6 अंक 01
फरीदाबाद, शनिवार, 04 फरवरी, 2023
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana

6वीं पायनियर वर्षगांठ


## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 60,841 | ▲ | 909.64 |
| निफ्टी | 17,854 | ▲ | 01.38 |
| सोना | 57,929 | ▼ | 681 /10 gm |
| चांदी | 70,335 | ▼ | 2045 /kg |

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 24.00°C
न्यूनतम 12.00°C

## क्विक न्यूज

### पंजाब में पेट्रोल-डीजल का रेट हुआ महंगा





**चंडीगढ़।** पंजाब में पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ाए गए हैं। सरकार ने पेट्रोल-डीजल पर 90 पैसे प्रति लीटर सेस लगा दिया है। यह फैसला शुक्रवार को कैबिनेट की बैठक में लिया गया है। इसके अलावा बैठक में मुख्यमंत्री ने इलेक्ट्रीकल व्हीकल पॉलिसी और नई उद्योग पॉलिसी को मंजूरी दी है।

### अमेरिका में दिखाई दिए जासूसी बैलून



**वॉशिंगटन।** अमेरिका में संदिग्ध जासूसी बैलून देखे गए। पेंटागन ने दावा किया है कि यह बैलून चीन के हैं, जो अमेरिका में निगरानी के लिए भेजे गए हैं। अधिकारियों ने यह नहीं बताया कि बैलून कितनी ऊंचाई पर उड़ रहा था, लेकिन उन्होंने कहा कि बैलून सिविलियन एयर ट्रैफिक के ऊपर और आउटर स्पेस के नीचे उड़ रहा था।

### उन्नाव में दो कारें भिड़ीं पांच लोगों की मौत



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उन्नाव में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर दो कारों की आपस में टक्कर हो गई। भिड़ंत इतनी तेज हुई कि मौके पर ही पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हो गए। घायलों को लखनऊ रेफर किया गया है।

### अखिलेश के काफिले की छह गाड़ियां आपस में टकराईं

**लखनऊ।** यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के काफिले में शामिल छह गाड़ियां आपस में टकरा गईं। कटरा बिल्हौर राजमार्ग पर हुए इस हादसे में दो सपा कार्यकर्ता घायल हो गए। हादसा तब हुआ जब अखिलेश एक कार्यक्रम में शामिल होने हरदोई जा रहे थे।

### उपराष्ट्रपति ने किया सूरजकुंड मेले का उद्घाटन

**फरीदाबाद।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने 36वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय हस्तशिल्प मेला-2023 का शुभारंभ किया। यह मेला आगामी 19 फरवरी को सम्पन्न होगा। उपराष्ट्रपति की पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़, मुख्यमंत्री मनोहर लाल, परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा, विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली, सहकारिता मंत्री डॉ. बनवारी लाल, मुख्य सचिव संजीव कौशल के साथ गोल्फ कार्ट में सवार होकर मेला परिसर का अवलोकन किया।


विस्तृत खबर पेज -12 पर


---

### शीर्ष न्यायालय की नाराजगी देख केंद्र ने कहा

# पांच न्यायाधीशों की नियुक्ति अगले पांच दिन में हो जाएगी

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**सुप्रीम** कोर्ट में पांच जजों की नियुक्ति के लिए केंद्र को भेजी सिफारिश अगले पांच दिन में मंजूर हो जाएगी। केंद्र सरकार ने अपने हलफनामें में सुप्रीम कोर्ट को यह जवाब दिया है। उसका यह जवाब सुप्रीम कोर्ट की नाराजगी के बाद आया है।

दरअसल, एडवोकेट्स एसोसिएशन बेंगलुरु ने इस मामले में एक अवमानना याचिका लगाई थी। शुक्रवार को इस पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने हाईकोर्ट जजों का ट्रांसफर कर सुप्रीम कोर्ट में नियुक्ति

**13 दिसंबर को सरकार से पांच नामों की सिफारिश की थी**

देने की सिफारिशों को मंजूरी देने में हो रही देरी पर नाराजगी जताई। कोर्ट ने सरकार से कहा कि ये बेहद गंभीर मामला है। हमें ऐसा स्टैंड लेने पर मजबूर न करें, जिससे परेशानी हो। केस की अगली सुनवाई 13 फरवरी को होगी। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 13 दिसंबर को सरकार से पांच नामों की सिफारिश की थी। इनमें जस्टिस पंकज मिथल चीफ जस्टिस राजस्थान हाईकोर्ट, जस्टिस संजय करोल चीफ जस्टिस पटना हाईकोर्ट, जस्टिस पीवी संजय कुमार चीफ जस्टिस मणिपुर हाईकोर्ट, पटना हाईकोर्ट के जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस मनोज मिश्रा का नाम शामिल था।

16 जनवरी को कानून मंत्री किरण रिजिजू ने सीजेआइ को पत्र लिखकर कॉलेजियम में अपना प्रतिनिधि शामिल करने की बात कही थी। केंद्र के रुख का जवाब देने के लिए सीजेआइ की अगुआई में कॉलेजियम ने तय किया कि इस बार सारे मामले को सार्वजनिक किया जाए।

### फिलहाल 27 जजों के साथ हो रहा कार्य

**सुनवाई** के दौरान अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने जस्टिस एसके कौल और एएस ओका की बेंच को बताया कि पांच जजों की नियुक्ति का वारंट जल्द ही जारी होगा। सुप्रीम कोर्ट में जजों की सैंक्शन स्ट्रेंथ सीजेआइ समेत 34 है। फिलहाल 27 जजों के साथ काम हो रहा है। पांचों जजों के शपथ लेने के बाद यह संख्या बढ़कर 32 हो जाएगी।



---

# हरियाणा बोर्ड की 10वीं-12वीं की परीक्षा डेटशीट में बदलाव

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने 27 फरवरी से शुरू हो रही 10वीं व 12वीं की वार्षिक परीक्षाओं की 11 जनवरी को जारी की गई डेटशीट में बदलाव किया है। 10वीं की 13 मार्च को होने वाली परीक्षा अब 14 मार्च को होगी। वहीं 12वीं की 13 मार्च वाली परीक्षा 14 को और 14 मार्च वाली परीक्षा 13 मार्च को होगी।

शिक्षा बोर्ड सचिव कृष्ण कुमार ने बताया कि बच्चों की सुविधा के लिए 10वीं व 12वीं की वार्षिक परीक्षाओं की डेटशीट में आंशिक बदलाव किया गया है। 10वीं की गणित की परीक्षा अब 13 की बजाय

**दसवीं कक्षा गणित का पेपर अब 13 की बजाय 14 मार्च को होगा**



14 मार्च को होगी।

वहीं 12वीं की 13 मार्च को होने वाली मिलिट्री सांइस, डांस, साइकोलॉजी, संस्कृति व्याकरण भाग-1 की परीक्षा 14 मार्च को होगी और 14 मार्च को होने वाली पॉलिटिकल साइंस की परीक्षा 13 मार्च को होगी। उन्होंने बताया कि ये बदलाव दो कठिन पेपरों में एक दिन का गैप देने के लिए किया गया है।

---

# हिंडनबर्ग के खिलाफ अडाणी ने सुप्रीम कोर्ट में दायर की याचिका

### अडाणी के शेयर में 35 प्रतिशत गिरावट, फिर 50 प्रतिशत रिकवरी

**हिंडनबर्ग फाउंडर नाथन एंडरसन के खिलाफ एफआईआर की मांग**

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**हिंडनबर्ग** रिसर्च की रिपोर्ट ने अडाणी समूह की नींव हिला दी है। मामला अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। एडवोकेट एमएल शर्मा ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। इसमें उन्होंने निवेशकों का शोषण करने और उन्हें ठगने के लिए हिंडनबर्ग रिसर्च के फाउंडर नाथन एंडरसन और उनके साथियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। साथ ही उन निवेशकों के लिए मुआवजे की भी मांग की है, जिन्हें शेयर की कीमत गिरने से नुकसान हुआ है।

इधर अडाणी ग्रुप पर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट पर गुरुवार को संसद से बाजार तक हंगामा मचा रहा। अमेरिकी स्टॉक एक्सचेंज डाउ जोंस ने अडाणी एंटरप्राइजेज को सस्टेनबिलिटी इंडेक्स से बाहर कर दिया। इसके बाद कंपनी के शेयर 35 प्रतिशत तक गिर गए। हालांकि इसके बाद शेयर में रिकवरी आई और यह केवल 2.19 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,531 रुपये पर बंद हुए। निचले स्तर से शेयर में 50 प्रतिशत की रिकवरी देखने को मिली। 24 जनवरी की शाम को हिंडनबर्ग की रिपोर्ट आने से पहले अडाणी एंटरप्राइजेज के शेयर की कीमत 3400 रुपये के करीब थी।



### विपक्ष का आरोप, लोगों की मेहनत का पैसा अडाणी को दिया

**सरकारी** बैंक एसबीआई ने अडाणी ग्रुप को 21.38 हजार करोड़ रुपये का लोन दिया है। वहीं, फाइनेंस और इंश्योरेंस कंपनी एलआईसी ने पिछले कुछ साल में अडाणी ग्रुप में 30,127 करोड़ रुपये का इन्वेस्टमेंट किया है। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट आने से पहले एलआईसी का ग्रुप के शेयरों से प्रॉफिट 81,000 करोड़ रुपये था, जो दो फरवरी को 43,000 करोड़ रुपये रह गया। विपक्षी नेताओं का कहना है कि शेयर बाजार का यह अमृतकाल का सबसे बड़ा महाघोटाला है। एसीई इक्विटी के पास अवेलेबल डेटा के मुताबिक, 31 दिसंबर 2022 तक एलआईसी के पास अडाणी ग्रुप में करीब एक प्रतिशत (0.975 प्रतिशत) हिस्सेदारी है। बीते छह ट्रेडिंग सेशन में एलआईसी का अडाणी ग्रुप में इन्वेस्टमेंट लगभग आधा रह गया है। विपक्ष का कहना है कि लोगों की मेहनत का पैसा बर्बाद हो रहा है। लोगों का विश्वास एसबीआई और एलआईसी से उठ जाएगा।

### अडाणी अमीरों की लिस्ट में 22वें स्थान पर खिसके

शेयरों में भारी गिरावट के बाद गौतम अडाणी की नेटवर्थ 55 बिलियन डॉलर हो गई है। पिछले साल ये 150 बिलियन डॉलर के करीब थी। शुक्रवार को जारी हुई फोर्ब्स की अमीरों की रियल टाइम लिस्ट में अडाणी 22वें स्थान पर आ गए हैं। 27 फरवरी के पहले अडाणी दुनिया के तीसरे सबसे अमीर व्यक्ति थे और एशिया में पहले नंबर पर थे।

गुरुवार को यह करीब एक हजार रुपये तक नीचे आ गया। फिर रिकवर होकर 1,531 रुपये पर बंद हुआ।

अडाणी ग्रुप में एसबीआई और एलआईसी का पैसा लगाने के मुद्दे पर लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही लगातार दूसरे दिन स्थगित करनी पड़ी। विपक्ष इसकी जांच जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी (जेपीसी) या सुप्रीम कोर्ट के पैनल से कराने की मांग कर रहा है। इस पर वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि देश का शेयर मार्केट नियमों के मुताबिक चल रहा है। अडाणी के बिजनेस विवाद की वजह से निवेशकों का भरोसा डगमगाने की आशंका नहीं है।

---

# अमूल दूध फिर महंगा, दस महीने में 12 रुपये बढ़े दाम

**कंपनी ने शुक्रवार को तीन रुपये और बढ़ाए**

**गोल्ड 66, फ्रेश 54 रुपये प्रति लीटर मिलेगा, वेरका ने भी बढ़ाए दूध के दाम**

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**अमूल** दूध खरीदने के लिए ग्राहकों को अपनी जेब और ढीली करनी होगा। कंपनी ने शुक्रवार को तीन रुपये और बढ़ा दिये हैं। पिछले दस माह के आंकड़ों को देखा जा तो अमूल दूध के रेटों में 12 रुपये की वृद्धि हुई है।

अमूल ने दूध के दाम तीन रुपये लीटर बढ़ा दिए हैं। गुजरात डेयरी को-ऑपरेटिव ने कहा है कि नई कीमतें तत्काल प्रभाव से लागू हो गई हैं। अब अमूल गोल्ड की कीमत 66 रुपए प्रति लीटर, अमूल फ्रेश की कीमत 54 रुपये प्रति लीटर, अमूल गाय के दूध की कीमत 56 रुपये प्रति लीटर और अमूल ए-2 भैंस के दूध की कीमत 70 रुपये प्रति लीटर हो गई है। अमूल ने अक्टूबर में भी दूध के दाम में दो रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की थी।

दूध की कीमतें बढ़ाने को लेकर अमूल ने कहा, ऑपरेशन और प्रोडक्शन की कुल लागत में बढ़ोतरी के कारण दूध के दाम बढ़ाए जा रहे हैं। पिछले साल की तुलना में पशु चारे की कीमत ही करीब 20 प्रतिशत बढ़ चुकी है। इनपुट लागत में बढ़ने के कारण हमारी मेंबर यूनियन ने किसानों से खरीदे जाने वाले दूध की कीमतों में पिछले साल की तुलना में 8-9 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है।

पिछले 10 महीनों में दूध के दाम 12 रुपये तक बढ़े हैं। इससे पहले करीब सात साल तक दूध के दाम नहीं बढ़े थे। दूध की कीमतों में अप्रैल 2013 और मई 2014 के बीच आठ रुपये प्रति लीटर की वृद्धि हुई थी। चूंकि गर्मियों में दूध का उत्पादन घट जाता है, इस वजह से दुग्ध कंपनियों को पशुपालकों को अधिक कीमत चुकानी पड़ रही है। इसलिए एक्सपर्ट्स ने आने वाले दिनों में दूध की कीमतों में बढ़ोतरी की आशंका जताई है।

**महंगाई को लेकर कांग्रेस ने भाजपा पर निशाना साधा**

**अमूल** दूध के दाम बढ़ने के बाद कांग्रेस ने भाजपा के 'अच्छे दिन' वाले नारे का जिक्र कर चुटकी ली है। कांग्रेस ने ट्वीट कर कहा, 'अमूल दूध तीन रुपये तक महंगा हो गया. पिछले एक साल में आठ रुपये दाम बढ़े हैं, फरवरी 2022 में अमूल गोल्ड की कीमत 58 रुपये प्रति लीटर थी, फरवरी 2023 में अमूल गोल्ड 66 रुपए प्रति लीटर हो गया। अच्छे दिन?' वहीं हरियाणा और पंजाब के पॉपुलर ब्रांड वेरका ने भी दूध के दाम बढ़ाने का ऐलान कर दिया है। इसके तहत फुल क्रीम दूध की कीमत में छह रुपये की बढ़ोतरी की गई है।

---

# शारदा चिट फंड मामले में पी. चिदंबरम की पत्नी की संपत्ति कुर्क

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**शारदा** चिट फंड मामले में शुक्रवार को ईडी ने कार्रवाई की है। ईडी ने पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री और कांग्रेस नेता पी चिदंबरम की पत्नी नलिनी चिदंबरम, पूर्व आईपीएस अधिकारी व सीपीएम के पूर्व विधायक देबेंद्रनाथ बिस्वास और असम के पूर्व कैबिनेट मंत्री रहे अंजन दत्त की कंपनी की छह करोड़ से ज्यादा की संपत्ति कुर्क की है।

ईडी ने बताया कि मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत 3.30 करोड़ रुपये की चल संपत्ति और तीन करोड़ रुपये की अचल संपत्ति कुर्क करने का अस्थायी आदेश जारी किया गया था। मनी लॉन्ड्रिंग का यह मामला 2013 तक पश्चिम बंगाल, असम और ओडिशा में शारदा समूह द्वारा कथित चिट फंड घोटाले से संबंधित है। ईडी के अनुसार शारदा ग्रुप की कंपनी ने लगभग 2,459 करोड़ रुपए जुटाए हैं, जिसमें से लगभग 1,983 करोड़ रुपए अब तक जमाकर्ताओं को ब्याज राशि को छोड़कर बकाया है। ईडी इस मामले में अब तक करीब 600 करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क कर चुका है। ये फ्रॉड शारदा ग्रुप ने पोंजी स्कीम के जरिए किया।

# कैप्टन अमरिंदर की पत्नी को कांग्रेस से सस्पेंड किया

**एजेंसी।** अमृतसर

**पंजाब** के पूर्व सीएम कैप्टन अमरिंदर सिंह की पत्नी और पटियाला की सांसद परनीत कौर को कांग्रेस ने सस्पेंड कर दिया है। परनीत कौर पर यह कार्रवाई भाजपा के साथ मिलकर पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने पर की गई। कैप्टन पहले ही बीजेपी ज्वॉइन कर चुके हैं।

पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रधान अमरिंदर सिंह राजा वडिंग ने परनीत कौर पर पार्टी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगाते हुए



पार्टी हाईकमान को शिकायत भेजी थी। इसी शिकायत के आधार पर कांग्रेस की डिसिप्लिनरी एक्शन कमेटी के मेंबर सेक्रेटरी तारिक अनवर ने परनीत कौर को सस्पेंड करने संबंधी लैटर जारी किया। पत्र में परनीत कौर को पक्ष रखने के लिए तीन दिन का समय दिया गया है।

---

# पुरानी पेंशन स्कीम को लेकर गहलोत-खट्टर आमने-सामने

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**राजस्थान** के मुख्यमंत्री (सीएम)अशोक गहलोत ने ओल्ड पेंशन स्कीम (ओपीएस) को लेकर हरियाणा के सीएम मनोहर लाल खट्टर को ओपन लेटर लिख पलटवार किया है। सीएम गहलोत ने लिखा कि हरियाणा सीएम का बयान तथ्यपूर्ण नहीं है। उन्होंने ओपीएस को हरियाणा में भी लागू करने की सलाह दी। साथ ही केंद्र को सिफारिश भेजने को कहा है।

बुधवार को कैबिनेट मीटिंग के बाद हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर की तरफ से

**खट्टर ने कहा था कि राजस्थान सरकार ओपीएस लागू नहीं कर रही**

ओल्ड पेंशन स्कीम पर कहा गया था कि राजस्थान सरकार इसे राज्य में लागू नहीं कर रही है। इस पर राजस्थान के सीएम ने चिट्ठी लिखी है। जिसमें कहा गया है कि राज्य में एक अप्रैल 2022 से ओल्ड पेंशन स्कीम लागू कर दी गई है। 2004 के बाद सेवा में आकर रिटायर हुए 621 कर्मचारियों को ओपीएस का लाभ



दिया जा चुका है। उन्होंने लिखा है कि आगे भी सभी कर्मचारियों को ओल्ड पेंशन स्कीम का लाभ दिया जाएगा।

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर



लाल खट्टर को संबोधित करते हुए गहलोत ने लिखा है कि मैं यह आपकी जानकारी के लिए बताना चाहूंगा कि इसी प्रकार का असत्य हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने भी बोला था। इसके बाद हिमाचल प्रदेश में चुनाव के दौरान शिमला पहुंचकर लोगों को सच से अवगत कराया।

अशोक गहलोत ने लिखा है कि संविधान की सातवीं अनुसूची में राज्य सूची का बिंदु संख्या 42 स्पष्ट कहता है कि स्टेट पेंशन जो राज्य की समेकित निधि (कंसोलिडेटेड फंड) से दी जाएंगी।

इस पर राज्य सरकार को कानून बनाने का अधिकार है। ऐसे में आपका यह कहना उचित नहीं है कि ओल्ड पेंशन स्कीम केंद्र सरकार द्वारा दी जा सकती है।




# मानेसर नगर निगम मेयर के भावी प्रत्याशी सरपंच सुंदर लाल यादव के काफिले ने संत रविदास जयंती पर लूटी वाहवाही

## गाड़ियों का काफिला लेकर राज्य स्तरीय संत रविदास जयंती समारोह में पहुंचे सरपंच सुंदर लाल

## सेक्टर-84 अपने कार्यालय से काफिला लेकर पहुंचे देवीलाल स्टेडियम कार्यक्रम स्थल

### संत रविदास जयंती की बधाई देने को लगवाया विशालकाय गुब्बारा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**महापुरुषों को** सम्मान देने के उद्देश्य से मनोहर सरकार द्वारा उनकी जयंती मनाने के क्रम में शुक्रवार को गुरुग्राम में राज्य स्तरीय संत रविदास जयंती मनाई गई। इस समारोह में संत रविदास जी को नमन करने पहुंचे सरपंच सुंदर लाल आकर्षण का केंद्र रहे।

मानेसर नगर निगम के चुनाव के लिए भाजपा की टिकट पर चुनाव लड़ने के इच्छुक सरपंच सुंदर लाल अपने सेक्टर-84 स्थित कार्यालय से अपने कार्यकर्ताओं के साथ गाड़ियों का काफिला लेकर रवाना हुए। रास्ते भर डीजे, ढोल-नगाड़ों पर कार्यकर्ता गाड़ियों में ही जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े। खुली गाड़ी में सवार सरंपच सुंदर लाल ने रास्ते भर लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। उनका कई जगह पर सम्मान और स्वागत भी हुआ। जयंती में शामिल होने के लिए सरपंच सुंदर लाल के कार्यकर्ता बैनर आदि लेकर शामिल हुए। कार्यकर्ताओं की फौज ने सरपंच सुंदर लाल के प्रति उनकी लोकप्रियता पर मुहर लगाई। सरंपच सुंदर लाल ने संत रविदास जी की जयंती में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए मानेसर क्षेत्र में गांवों, सोसायटियों में जाकर मीटिंग, सभाएं की थी।

इससे पूर्व अपने कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत में सरपंच सुंदर लाल ने कहा कि पहली बार किसी सरकार ने बिना किसी भेदभाव के महापुरुषों की जयंती मनाने का कार्य शुरू किया है। उन्होंने कहा यही सोच समाज से भेदभाव की भावना को भी दूर करती है। संत रविदास जी की जयंती को सर्व समाज आज मिलकर मना रहा है। उनको नमन करने के लिए गुरुग्राम में अनेक स्थानों से लोक एकत्रित हुए हैं। यहां जातीयता से ऊपर उठकर लोग पहुंचे और संत रविदास जी को नमन किया। सरपंच सुंदर लाल ने कहा कि गुरुग्राम में संत रविदास जी की जयंती के सह-संयोजक एवं पटौदी के विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने कार्यक्रम में पहुंचने के लिए लोगों को कई दिन तक न्यौता दिया। समारोह में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। सुंदर लाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में और हरियाणा में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में सरकार ने सामाजिक ताने-बाने को मजबूत बनाने का काम किया है। उन्होंने कहा था कि सभी एक ही ईश्वर की संतान है।

### आजादी के बाद पहली बार बड़े स्तर पर मनी जयंती: जरावता

सत्य प्रकाश जरावता ने समारोह में कहा कि 2014 से पहले दलित समाज के लोग चंदा मांगकर संतों की जयंतियां मनाते थे। नेताओं को मुख्य अतिथि बनाने के लिए चक्कर काटते थे। विधायक श्री जरावता ने कहा कि अब मनोहर सरकार ने संतों की जयंतियों को सरकारी स्तर पर मनाकर सभी समाज को जोड़ने का काम किया है। आजादी के बाद पहली बार गुरू रविदास की बड़े स्तर पर 36 बिरादरी के लोग जयंती मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि संत रविदास 800 वर्ष पूर्व जब मुगलों का राज था उनसे टक्कर लेते हुए सनातन धर्म को बचाया। संत रविदास ने उस समय भक्ति आंदोलन चलाकर समाज की भलाई के लिए काम किया। सनातन धर्म के अंदर जाति-पाति का भेदभाव था, तब संत रविदास ने कड़ा प्रहार किया था।


































# मेले में पहली बार लेकर आए हैं दाना-पानी घोंसला

कविता। फरीदाबाद

36वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय मेले में पहली बार पक्षियों के लिए दाना-पानी घोंसला आया है। वर्ना हर बार केवल पक्षियों के नॉर्मल घोंसले आते हैं। दाना-पानी घोंसला इस तरह से बनाया गया है कि इसमें जहां एक तरफ पक्षियों के लिए दाना रखने के लिए नीचे प्लास्टिक की प्लेट लगी है। वहीं बीच में घोंसला और उसके ऊपर पक्षियों के लिए पानी की कटोरी लगाई गई है। इस घोंसले को लेकर आए अमर सिंह ने बताया कि वह पहली बार ऐसे घोंसले लेकर

### नारियल के छिलके से बने घोंसले में पक्षियों के लिए दाना और पानी रख सकते हैं

आए हैं। पिछले पांच सालों से वह नॉर्मल घोंसले ही ला रहे थे। अमर सिंह ने कहा कि उनके यहां फिक्स रेट पर पक्षियों के घोंसले उपलब्ध है। जिसमें 100 से 350 रुपये तक के नॉर्मल घोंसलें और 450 रुपये का दाना-पानी घोंसला है।

**पांच साल में पहली बार:** अमर सिंह ने बताया कि वह मेले में



दाना-पानी घोंसले की जानकारी पर्यटक युवतियों को देते अमर सिंह।

पिछले पांच सालों से हरियाणा टूरिज्म की तरफ से लगातार आ रहे हैं। हर बार वह केवल नॉर्मल घोंसले ही लेकर आते थे। लेकिन इस बार नॉर्मल घोंसलों के संग वह दाना-पानी घोंसले भी लेकर आए हैं। यह घोंसले दूर से ही लोगों के आकर्षण का केन्द्र बन रहे हैं। लोग इन घोंसलों को देखते ही स्टॉल नम्बर 813 पर आकर रूक जाते हैं और बिना दाम पूछे खुद को रोक नही पाते। अमर ने बताया कि स्टॉल लगाने से पहले ही लोग खरीदारी करने आ गए। हर बार उनकी मेले में अच्छी बिक्री होती है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से लोग आकर पूछताछ कर रहे हैं। उससे लगता है कि दाना-पानी घोंसले लोगों की पहली पसंद साबित होंगे।

**नारियल के छिलकों का इस्तेमाल:** अमर सिंह ने बताया कि मेले में जो घोंसले उनके पास हैं, वह सभी नारियल के छिलकों से बने हैं। जोकि बया चिड़िया के लिए बने हैं। उन्होंने कहा कि कभी जंगल में, कहीं सड़क के किनारे पेड़ों पर, खेतों में कुएं के आस-पास लगे पेड़ों के झुरमुट पर लटके हुए मिलने वाले बया चिड़िया के घोंसले अब सामान्य तौर पर दिखाई नहीं देते। जिस कारण वह मेले में पिछले पांच सालों से लेकर आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस बार उन्होंने हाथ से बने चिड़िया के घोंसलों के साथ दाना-पानी घोंसला भी बनाया है। जिसमें उन्होंने नरियल के छिलकों से बने घोंसले में प्लास्टिक की कटोरी और प्लेट लगाई है। ताकि चिड़ियां घोंसले में ही दाना चुग सके और पानी भी पी सके।

# स्टेट विजिलेंस टीम ने सब इंस्पेक्टर को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा

### दो पक्षों का राजीनामा करवाने के बदले मांग रहा था पांच हजार रुपये की रिश्वत

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद




स्टेट विजिलेंस ब्यूरो का कार्यालय।

**स्टेट** विजिलेंस की टीम पांच हजार रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में पुलिस के एक सब इंस्पेक्टर को रंगेहाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी सब इंस्पेक्टर थाना खेड़ीपुल में तैनात था। आरोपी दो पक्षों के बीच हुए किसी विवाद में राजीनामा करवाने के बदले में पीड़ित व्यक्ति से पांच हजार रुपये की रिश्वत मांग रहा था। आरोपी से परेशान होकर जवाहर कालोनी निवासी पीड़ित ने स्टेट विजिलेंस ब्यूरो को शिकायत दी थी। स्टेट विजिलेंस ने आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक जवाहर कालोनी निवासी संजीव कुमार ने स्टेट विजिलेंस के अधिकारियों को दी शिकायत में कहा है कि उसका काफी समय से अपने एक परिचित व्यक्ति के साथ 20 हजार रुपये के लेनदेन को लेकर विवाद चल रहा था। इस दौरान दोनों पक्षों के परिचितों ने दोनों पक्षों के बीच चल रहे विवाद को सुलझाने का कई बार प्रयास किया। लेकिन किसी भी तरह से फैसला नहीं हो पाया। जिसके कारण पिछले दिनों दूसरे पक्ष के व्यक्ति ने इस मामले की शिकायत थाना खेड़ी पुलिस को दे दी। इस मामले की जांच थाना प्रभारी द्वारा सब इंस्पेक्टर राजेंद्र कुमार को सौंपी गई थी। जिसे लेकर राजेंद्र कुमार द्वारा उसे कई बार थाने में बुलाया गया। लेकिन जांच पड़ताल करने के बाद राजेंद्र कुमार इस मामले में दोनों पक्षों के बीच फैसला करवाने की बात कहने लगा। आरोप है कि संजीव का दूसरा पक्ष से फैसला करवाने के बदले में सब इंस्पेक्टर राजेंद्र कुमार पांच हजार रुपये की रिश्वत मांगने लगा। रुपये न देने पर वह राजीनामा करवाने के लिए बिल्कुल भी तैयार नहीं था। जिसके कारण पीड़ित संजीव उसे रुपये देने के लिए तैयार हो गए। लेकिन बाद में संजीव ने रुपये देने की बजाए मामले की शिकायत स्टेट विजिलेंस के अधिकारियों से कर दी। आरोपी को पकड़ने के लिए विजिलेंस के इंस्पेक्टर श्योरण लाल के नेतृत्व में टीम गठित कर दी गई।

टीम के साथ बिजली विभाग के कार्यकारी अभियंता विनय अत्री को ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात किया गया था। टीम ने संजीव को कुमार को पाउडर लगे नोट देकर आरोपी सब इंस्पेक्टर के पास भेज दिया। संजीव ने मौके पर जाकर आरोपी सब इंस्पेक्टर राजेंद्र कुमार को रुपये देने के बाद बाहर मौजूद



आरोपी सब इंस्पेक्टर राजेंद्र।

टीम को इशारा कर दी। इशारा मिलते ही टीम ने तुरंत आरोपी को रंगेहाथों गिरफ्तार कर लिया है। विजिलेंस की टीम ने आरोपी के कब्जे से रिश्वत की रकम बरामद कर ली है। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

# पंजाबी समाज के भविष्य को लेकर की गहन चर्चा



पूर्व मंत्रियों संग संघ के प्रदेश अध्यक्ष हरीश चन्द्र व अन्य।

प्रवीन शर्मा। फरीदाबाद

**हरियाणा** पंजाबी संस्कृति संघ के प्रदेश अध्यक्ष हरीश चन्द्र आज़ाद ने बताया कि हरियाण सरकार में केन्द्रिय मंत्री रहे दो कद्दावर पंजाबी नेताओं की फरीदाबाद में गहन चर्चाहुई। इनमें पूर्व मंत्री व पंजाबी एकता मंच के अध्यक्ष एसी चौधरी के निवास स्थान पर हरियाण सरकार में गृह मंत्री रहे अखिल भारतीय पंजाबी जागृति मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष बतरा व पंजाबी समाज सेवकों हरीश चन्द्र आज़ाद, परिक्षित मदान कुरुक्षेत्र से और मदन कत्याल करनाल के साथ बैठक रखी जिसमें पंजाबी समाज के भविष्य को लेकर बात हुई।

पूर्व मंत्री एसी चौधरी ने कहा कि वह पंजाबी समाज के उत्थान के लिये हमेशा साथ खड़े है और हम सभी पंजाबी नेता मिलकर जल्दी ही भविष्य की योजनाओं की घोषणा करेंगें जिससे सदियों से राजनैतिक महत्वकांक्षा की भेंट चढ़ रहा पंजाबी समाज उभरकर आगे आ सके। पूर्व मंत्री सुभाष बत्तरा ने बताया कि कुछ दिन पहले ही उन्होंने कांग्रेस व भाजपा द्वारा पंजाबी समाज की अनदेखी पर रोष प्रकट करते पंजाबियों के महाकुम्भ करने का ऐलान किया। इसीलिए वह प्रदेश के सभी पंजाबी नेताओं और समाजसेवियों से मिल रहे है। उन्होने कहा कि एसी चौधरी ने हमारे समाज की कमान बहुत अच्छी तरह से सम्भाली इसलिये उनसे मंत्रगा कर आगे की रणनिति बनाई जाएगी। अखिल भारतीय पंजाबी जागृति मंच के राष्ट्रीय महासचिव हरीश चन्द्र आज़ाद ने कहा कि आज प्रदेश में दो मुख्य मंत्रालयों पर पंजाबी समाज के नेता बैठे है जिनमें मुख्यमंत्री व ग्रहमंत्री दोनों पंजाबी हैं और इसके लिय हम बहुत खुश हुए कि अब प्रदेश में हशिये पर आये पंजाबी समाज का कुछ भला होगा लेकिन करीब 8 वर्षों में एक कार्य भी पंजाबी समाज के हित के लिय सरकार द्वारा नहीं किया गया। इस मौके पर पंजाबी समाज सेवकों परिक्षित मदान व मदन कत्याल ने भी अपने विचार रखे।

# सुधा रुस्तगी कॉलेज में व्याख्यान का आयोजन

**फरीदाबाद।** इम्प्लांटोलॉजी दंत चिकित्सा का एक सतत विकसित क्षेत्र है। अपनी प्रगति के साथ तालमेल बिठाना एक सतत सीखने की प्रक्रिया है जिसमें पुरानी अवधारणाओं को भूलकर नई अवधारणाओं को समझना शामिल है। इसे ध्यान में रखते हुए पेरियोडोंटिक्स विभाग, सुधा रुस्तगी कॉलेज ऑफ डेंटल साइंस एंड रिसर्च ने शुक्रवार को इंप्लांट बेड प्रिपरेशन-प्रिजर्वेशन एंड ऑग्मेंटेशन पर एक व्याख्यान का आयोजन किया। कार्यक्रम का संचालन इसके संरक्षक डीवी गुप्ता (अध्यक्ष), दीपक गुप्ता (सचिव), डॉ. सीएम मढ़िया (प्राचार्य) एवं डॉ. विशाल जुनेजा (सीईओ) के मार्गदर्शन में किया गया। डॉ. सीएस बैजू (प्रोफेसर और प्रमुख) और पूरे पीरियोडोंटोलॉजी विभाग (डॉ. मीनू तनेजा भसीन, डॉ सनी मावी, डॉ. करुणा जोशी, डॉ. अंजुषा और स्नातकोत्तर छात्रों) की अध्यक्षता में व्याख्यान सत्र की योजना बनाई गई और उसे क्रियान्वित किया गया। इसमें विभिन्न विभागों के प्रमुखों, संकाय सदस्यों और दिल्ली एनसीआर के कॉलेजों के स्नातकोत्तर छात्रों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। इम्प्लांटोलॉजी की नई अवधारणाओं के साथ सभा को प्रबुद्ध करने के लिए एक प्रतिष्ठित अतिथि वक्ता डॉ नवनीत अरोड़ा को इस कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया गया था। डॉ अरोड़ा ऑबर्न कैलिफ़ोर्निया यूएसए में एक प्रैक्टिसिंग पीरियोडॉन्टिस्ट और इम्प्लांटोलॉजिस्ट हैं और उन्हें इस क्षेत्र में 15 से अधिक वर्षों का अनुभव है। उनके दिलचस्प व्याख्यान दो सत्रों में आयोजित किए गए, जबकि श्रोताओं के साथ प्रश्नोत्तर सत्र में ज्ञान का मुक्त आदान-प्रदान देखा जा सकता है।

## राहगीरों को बांटा प्रसाद



**फरीदाबाद।** समाजेसवी सुभाष चन्द्र शर्मा की प्रथम पुध्यतिथि पर उनके पुत्र इनसो जिलाध्यक्ष रवि शर्मा ने सीही मोड़ सेक्टर 7- 8 की डिवाईडिंग रोड़ पर राहगीरों को पूड़ी, आलू और हलवे का प्रसाद बांटा। इस अवसर पर हेमंत शर्मा, हितेश बिहानी, मयूर, नरेश गर्ग, विनोद सोमानी, मेघा कुणाल ने भी इस जनसेवा के कार्य में रवि शर्मा के साथ हाथ बंटाया। इस मौके पर रवि शर्मा ने कहा कि उनके पिता सुभाष चन्द्र शर्मा हमेशा परोपकार की भावना से कार्य करते थे और गरीबों के और असहाय लोगों के लिए जो भी उनसे बन पड़ता तो वो करते थे। उन्ही के पद चिन्हों पर चलते हुए आज यह भण्डारा लगाया है ताकि गरीबों की सेवा के साथ साथ उनका पेट भी भरा जा सके।

# समय से पता चलने पर संभव है कैंसर का इलाज

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**कैंसर** एक ऐसी बीमारी है, जिसके बारे में लोगों को शुरुआत में पता नहीं चल पाता है। हमारे यहां लोग अपने शरीर में होने वाले परिवर्तन या इस बीमारी के शुरू में लक्षणों के झूठ जागरुक नहीं हैं। जब तक तक वो समझ पाते हैं बीमारी काफी बढ़ जाती है। मेट्रो अस्पताल में डायरेक्टर एवं हेड मेडिकल ऑन्कोलॉजी एवं हिमेटोलॉजी डॉ. सुमंत गुप्ता ने बताया कि कैंसर का नाम सुनकर भले ही लोगों के मन में सिहरन उठती हो।

मन घबरा जाता है, परिवार मानसिक रूप से कमजोर पड़ जाता है। पर बहुत से लोगों ने कैंसर से मुकाबला किया और जीत हासिल की। हिम्मत और हौसले के बूते कैंसर जैसी घातक बीमारी पर जीत हासिल की। यह विजेता 10 से 15 साल बाद भी सामान्य लोगों की तरह सेहतमंद जीवन जी रहे हैं। शरीर कई प्रकार की कोशिकाओं से बना होता है, जो शरीर में बदलावों के कारण बढ़ती रहती हैं लेकिन जब ये कोशिकाएं अनियंत्रित तौर पर बढ़ती हैं और पूरे शरीर में फैल जाती हैं, तब यह शरीर के अन्य हिस्सों को उनका काम करने में कठिनाइयां उत्पन्न करने लगती हैं। इससे उन हिस्सों पर कोशिकाओं का गुच्छा गांठ या ट्यूमर बन जाता है। जिस अवस्था को कैंसर कहते हैं। यही ट्यूमर घातक होता है और लगातार बढ़ता रहता है। कैंसर अब लाइलाज नहीं है बल्कि समय से पहचान होने पर सफल इलाज संभव है। कैंसर दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य कैंसर के बारे में जागरूकता उत्पन्न करना और रोग का जल्दी पता लगाने की जरूरत तथा कैंसर के उपचार पर ध्यान केंद्रित करना है।



डॉ. सुमंत गुप्ता।

यदि हम अपने स्वास्थ्य को लेकर सजग रहें और समय-समय पर डॉक्टर की सलाह से चेकअप कराते रहें तो बीमारी का समय से पता चलने पर इलाज भी संभव है। विदेशों में ये बीमारी हमारे देश से ज्यादा है परंतु इससे होने वाली मृत्यु दर कम है। इसका कारण है कि वह हमसे अपने स्वास्थ्य और शरीर को लेकर बहुत ज्यादा जागरूक हैं। विश्व कैंसर दिवस की इस बार थीम 'क्लोज द केयर गैप' रखी गई है। कैंसर जैसी घातक बीमारी से बचने के लिए सावधानी व सतर्कता जरूरी है।

# उपकरण की मांग को लेकर कर्मचारियों की बैठक

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**बीके** चौक स्थित नगर निगम कर्मचारी यूनियन कार्यालय में सफाई कर्मचारी यूनियन के कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान गुरचरण खांड्या ने निगम प्रशासन पर यह आरोप लगाये।

मीटिंग का संचालन सचिव कृष्ण चंडालिया ने किया। खांडिया ने कहा कि नगर निगम प्रशासन पर सफाई कर्मचारियों को पिछले एक वर्ष से सफाई के उपकरण झाड़ू, कोलची, कस्सी, रेहडी, रिक्शा न देने सफाई करने के बाद खत्ते समाप्त कर कुडा डालने का स्थान सुनिश्चित न करने का आरोप लगाते हुए कहा कि स्वछता सर्वेक्षण में यदि नगर निगम पछड़ता है तो इसके लिए कर्मचारी दोषी नहीं है। इसकी जिम्मेदारी नगर निगम प्रशासन एवं सरकार की है जो कर्मचारियों को सफाई के उपकरण भी समय पर उपलब्ध नहीं करवा पा रहे हैं। खांडिया ने कहा कि यूनियन द्वारा अक्टूबर 2022 में गृहमंत्री एवं प्रधानमंत्री के दौरे के समय भी निगम



कर्मचारियों की बैठक को सम्बोधित करते नरेश शास्त्री।

प्रशासन से सफाई के उपकरण देने की मांग की थी लेकिन कुछ झाड़ू की सीख व कुछ हाथ रेहड़ी उपलब्ध करवाने के बाद आज तक सफाई के उपकरण उपलब्ध नहीं करवाए गए हैं जो हाथ रेहड़ी दी गई वह महीने बाद ही खराब हो होना शुरू हो गई यूनियन ने रैली खरीद की जांच करने की भी मांग करते हुए। बैठक में विशेष तौर पर नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री जिला प्रधान दलीप बहुत सचिव नानक चंद खिला लिया भी उपस्थित रहे।

कर्मचारियों को संबोधित करते हुए नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने कहा कि सरकार पालिका कर्मचारियों से 29 अक्टूबर को किए गए समझौते को लागू करने में टालमटोल कर रही संघ ने 6 जनवरी को शहरी स्थानीय निकाय मंत्री के हिसार स्थित आवास पर मांस डेपुटेशन के साथ मुलाकात की शहरी स्थानीय निकाय मंत्री ने तुरंत प्रभाव से मानी गई मांगों को लागू करने का वादा किया था।

लेकिन आज तक मानी गई मांगों को लागू नहीं किया गया हैं, इसलिए संघ ने निर्णय लिया है कि 12 फरवरी को मुख्यमंत्री के करनाल आवास पर विशाल प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर 29 अक्टूबर के समझौते को लागू करने की मांग करेगा । श्री शास्त्री ने कहा कि यदि मुख्यमंत्री ने नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रतिनिधिमंडल से बातचीत कर 29 अक्टूबर के फैसले को लागू करवाने के लिए हस्तक्षेप नहीं किया तो नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा निकट भविष्य में अनिश्चितकालीन हड़ताल करने के लिए मजबूर होगा। श्री शास्त्री नगर निगम के सभी विभागों के कर्मचारियों से 12 फरवरी को करनाल में होने वाले प्रदर्शन में बढ़-चढ़कर भाग लेने की भी अपील की है।

आज की मीटिंग में अन्य के अलावा कर्मी नेता जिला महिला सब कमेटी कि नेता सुरेश देवी नगर निगम महिला सब कमेटी की प्रधान ललिता, सफाई कर्मचारी यूनियन के वरिष्ठ उपप्रधान राकेश चंडालिया, रघुवीर चौटाला, प्रेमपाल, ओल्ड जॉन के प्रधान शक्ति सिंह, बल्लभगढ़ जॉन के प्रधान पाल मौर्या, राजीव, राजवीर सिंह चंडालिया, हरि सिंह खांड्या, महिला नेता ज्ञानो देवी, शकुंतला, सत्तो देवी, नीतू देवी सहित दर्जनों कार्यकर्ता भी शामिल रहे।

# प्रदूषण के कारण बढ़ रहे हैं कैंसर के मरीज

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**स्मार्ट** सिटी में लीवर कैंसर के मरीजों में लगातार वृद्धि हो रही है। इसका मुख्य कारण हेपेटाइटिस बी और सी माना जा रहा है। इसके साथ ही प्रदूषण, संक्रमण और पानी में मौजूद हैवी मैटल का लगातर सेवन अहम भूमिका निभा रहा है। शहर के अस्पताल में कैंसर रोग विशेषज्ञों के अनुसार पिछले वर्ष की तुलना में 20 फीसदी मरीजों में वृद्धि हुई है। जिले में प्रत्येक महीने 15 से अधिक नए मरीजों की पहचान की जा रही है। इनमें अधिकतर 50 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के मरीज हैं। अस्पतालों में विशेषज्ञों के अनुसार पखवाड़े में पांच से छह मरीज लीवर की गंभीर शिकायत लेकर आ रहे हैं। इसमें से दो से तीन मरीजों में लीवर सिरोसिस (गंभीर बीमारी) हो जाता है, जो कुछ महीनों में ही कैंसर का रूप ले लेता है। इसका मुख्य कारण प्रदूषण, पानी में मौजूद हैवी मैटल के लगातार सेवन



डॉ. प्रवीन मेंहदीरत्ता

के अलावा असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित खून चढ़ाने और एक ही सिरिंज से नशीली दवा का सेवन करना है। वहीं, कुछ छोटे बच्चों में भी अनुवांशिक हेपेटाइटिस के कारण लीवर की शिकायतें आ रही हैं।

इस बारे में ग्रेटर फरीदाबाद सेक्टर 86 स्थित एकॉर्ड अस्पताल के वरिष्ठ कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रवीन मेंहदीरत्ता ने बताया कि प्रत्येक महीने लीवर में कैंसर रोगियों की पहचान की जा रही है। इसकी संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। इसका मुख्यकारण प्रदूषण, संक्रमण और कई अन्य कारण हैं। पांच प्रकार के होते हैं हेपेटाइटिस हेपेटाइटिस ए,बी,सी, डी और ई पांच प्रकार की बीमारियां होती हैं। इनमें से ए और ई पानी के कारण फैलता है।

## संक्षिप्त समाचार

### कर्नल मंसूर अली खान का गांव में हुआ स्वागत



**बल्लभगढ़।** देश की सरहदों पर खड़े होकर 31 साल तक भारत मां की रक्षा कर अपने गांव रनहेडा खेड़ा लौटे कर्नल मंसूर अली खान का लोगों ने ढोल बाजे और फूलमाला पहना कर स्वागत किया। मंसूर अली खान ने अपने जीवन के 31 साल भारत मां की सेवा के लिए न्यौछावर किए। सेना में विभिन्न पदों पर रहे कर्नल मंसूर अली खान के गांव पहुंचने उनको पगड़ी पहनाकर सम्मान किया गया। मंसूर अली खान ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए देश की सेवा में बिताए अपने समय और अनुभव शेयर किए। उन्होंने कहा कि वह अब नाना के पद चिन्हों पर चलकर समाज सेवा करेंगे। उनके नाना समाजसेवी थे और वह भी उनके पद चिन्हों पर चलना चाहते हैं। इस अवसर पर रनखेड़ा गांव के नंबरदार चौधरी शाहिद सैफ, हाजी आस मोहम्मद, चौधरी हासिल, साजिद खान, तौसीफ, हाजी महबूब सहित समाज लोगों ने कर्नल मनसूर अली खां को कुके देकर द और फूल मामला पहना कर उनकी सम्मानित किया।

### 14 हजार किलोमीटर की पैदल यात्रा से लौटे भीम का स्वागत



**फरीदाबाद।** गांव अटाली के मोटर मैकेनिक भीम भारद्वाज ने भारत के 12 ज्योतिर्लिंग की यात्रा छह महीने में पूरी करके फरीदाबाद के गांव अटाली का नाम रोशन किया है। उनकी यह यात्रा दो अगस्त 2022 से आरंभ होकर दो फरवरी 2023 को शिव मंदिर अटाली पर आकर समाप्त हुई। उन्होंने यह यात्रा 14,000 किलोमीटर पैदल चल कर पूरी की। गांव अटाली के शिव मंदिर पहुंचने पर आस आस के गांवों के लोगो ने भीम भारद्वाज का गाजे बाजे से स्वागत किया। उनके आगमन को लेकर शिव मंदिर में विशाल भंडारा किया गया। इस मौके पर किसान संघर्ष समिति ग्रेटर फरीदाबाद के अध्यक्ष शिवदत्त वशिष्ठ एडवोकेट ने पगड़ी व शाल पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर वशिष्ठ ने कहा कि भीम भारद्वाज गंगोत्री और हरिद्वार से अब तक 63 बार कावड़ ला चुके हैं। आज के समय में छह महीने का वक्त निकाल कर देश के 12 ज्योति लिंग की यात्रा करना हर किसी व्यक्ति के लिए सम्भव नहीं है। क्योंकि आज की भाग दौड़ की जिंदगी से इतना समय निकालना बहुत मुश्किल है। इतने बड़े समय का त्याग हर कोई नहीं कर सकता। छह महीने की पैदल यात्रा में बहुत उतार चढ़ाव आए थे। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेंद्र तेवतिया, सुनील मान, सतबीर शर्मा एडवोकेट, आमिर चौधरी एडवोकेट, देवराज व गांव के सैंकड़ों लोग मौजूद थे।

### रविंद्र फागना ने वर्षा अकैडमी को 10 रन से हराया



**फरीदाबाद।** एक अन्य प्रैक्टिस मैच रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी के ग्राउंड पर खेला गया। यह रविंद्र फागना क्रिकेट अकैडमी और वर्षा क्रिकेट अकैडमी के बीच खेला गया। इस मैच में रविंद्र फागना क्रिकेट अकैडमी ने सरस्वती क्रिकेट अकैडमी को 10 रन से हराया। इस मौके पर बीसीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया यह मैच 45 ओवर का था और वर्षा क्रिकेट अकैडमी ने पहले टॉस जीतकर फील्डिंग करने का निर्णय लिया। रविंद्र फागना क्रिकेट अकैडमी ने पहले बैटिंग करते हुए 45 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 155 रन का लक्ष्य दिया। रविंद्र फागना क्रिकेट अकैडमी की ओर से बल्लेबाजी करते हुए त्रिलोक ने 49 गेंदों पर 4 चौकों की मदद से 24 रन, ध्रुव ने 43 गेंदों पर 3 चौकों की मदद से 21 रन, मोहम्मद शानिब ने 37 गेंदों पर 3 चौकों मदद से 21 रन बनाए। सरस्वती क्रिकेट अकैडमी की ओर से गेंदबाजी करते हुए श्लोक शुक्ला ने 6 ओवर 23 रन देकर 3 विकेट, आर्यन ने 6 ओवर में 1 मैडेन और 21 रन देकर 3 विकेट, वर्षा,कार्तिक,श्रुति,आदित्य ने 1/1विकेट हासिल किये। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए वर्षा क्रिकेट अकैडमी ने 45 ओवर में 10 विकेट खोकर 145 रन बनाकर ढेर हो गई। वर्षा क्रिकेट अकैडमी की ओर से आदित्य गिरी ने 42 गेंदों पर 4 चौकों और 1 छक्के की मदद से 38 रन बनाए। रविंद्र फागना क्रिकेट अकैडमी की ओर से गेंदबाजी करते हुए जतिन अग्रवाल ने 9 ओवर में 1 मैडेन 33 रन देकर 3 विकेट, मोहम्मद शानिब ने 9 ओवर में 1मैडेन 19 रन देकर 2 विकेट, अभिषेक ने 6 ओवर में 1 मैडेन 12 रन देकर 2 विकेट और रिहान खान ने 9 ओवर में 30 रन देकर 1 विकेट हासिल किए। इस मैच का मैन ऑफ द मैच जतिन अग्रवाल को घोषित किया गया।

### मृदुंग-सांस्कृतिक महोत्सव व टैलेंट हंट का आयोजन



**फरीदाबाद।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में मृदंग-सांस्कृतिक उत्सव एवं प्रतिभा खोज का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता ने विद्यार्थियों को शिक्षण के साथ साथ शिक्षणेतर (सांस्कृतिक) गतिविधियों के महत्व के विषय में बताया। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय एक अच्छा प्लेटफार्म है जहां युवा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं और अपनी ऊर्जा का समुचित उपयोग कर सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों के साथ-साथ प्राध्यापकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को संवारना और उजागर करना ही शिक्षक का दायित्व है। सांस्कृतिक गतिविधियों के संयोजक डॉ. के. एल. कौशिक ने अपने विचार सांझा करते हुए इस प्रतिभा खोज का आयोजन निहित क्षमताओं को उजागर करने के उद्देश्य को लेकर महाविद्यालय में प्रतिवर्ष किया जाता है। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम नृत्य और गायन के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी-अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में नृत्य निर्देशक संजय और कोरियोग्राफर शुभम रहें द्य इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने विशेष उत्साह से भाग लिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्षा मैडम कमल टंडन, नृत्य प्रभारी डॉ. सुप्रिया ढांडा, गायन व संगीत प्रभारी डॉ. पूजा सैनी समन्वयक डॉ. रेखा रानी, मैडम प्रिय अरोड़ा, डॉ. निशा गिल, सुश्री दीपिका व श्री मोहित हुड्डा का योगदान रहा। कार्यक्रम में कुल 180 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

### पार्टी की रीढ़ होते हैं युवा कार्यकर्ता: सिंगला



**फरीदाबाद।** युवा कांग्रेसी नेता विनय भाटी को हरियाणा युवा कांग्रेस सोशल मीडिया का प्रदेश सह संयोजक नियुक्त किया गया है। अपनी नियुक्ति पर विनय भाटी ने कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व, पूर्व मुख्यमंत्री चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष उदयभान, राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा, युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीबी श्रीनिवास, प्रदेशाध्यक्ष दिव्यांशु बुद्धिराजा, हरियाणा युवा कांग्रेस प्रभारी सीवी चौहान, सह प्रभारी सत्यवान गहलोत, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता लखन कुमार सिंगला तथा फरीदाबाद युवा कांग्रेस (शहरी) अध्यक्ष नितिन सिंगला का आभार जताया है। अपनी नियुक्ति पर विनय भाटी ने आज फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी लखन कुमार सिंगला व नितिन सिंगला का उनके कार्यालय पहुंचकर आभार जताया।लखन सिंगला ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होते है और कर्मठ कार्यकर्ताओं की मेहनत के बल पर पार्टी सत्ता तक पहुंचती है। कांग्रेस में कर्मठ व जुझारू कार्यकर्ताओं की कमी नहीं है।उन्होंने विनय भाटी को नियुक्ति पत्र सौंपा। फरीदाबाद युवा कांग्रेस (शहरी) अध्यक्ष नितिन सिंगला ने कहा कि युवा कांग्रेसी कार्यकर्ता संगठन को मजबूत करने में जुटे हुए है और भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों को जन-जन के समक्ष उजागर करने में कोई कोर कसर बाकि नहीं छोड़ रहे।

# मुम्बई एक्सप्रेस वे : दिल्ली-दौसा मार्ग के उद्घाटन की तैयारियां शुरू

## मुंबई एक्सप्रेस वे के पहले चरण का मार्ग बनकर हो चुका है तैयार, 12 फरवरी को इसका उद्घाटन करेंगे

एन रोहिल्ला। सोहना

**निर्माणाधीन** मुंबई एक्सप्रेस वे के पहले चरण में तैयार हो चुके दिल्ली-दौसा मार्ग के उद्घाटन की तैयारियां प्रशासन ने जोर शोर से शुरू कर दी हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पहले चरण में गुरुग्राम से राजस्थान के शहर दौसा तक तैयार 230 किलोमीटर लंबे मार्ग का उद्घाटन करेंगे। मुंबई एक्सप्रेस वे के दिल्ली से वडोदरा राष्ट्रीय राजमार्ग के बीच का यह हिस्सा बनकर तैयार है।



गुरुग्राम-सोहना एलिवेटे मार्ग के गांव अलीपुर से शुरु होने वाले दिल्ली-वडोदरा एक्सप्रेसवे मार्ग चौक पर पौधारोपण और साफ-सफाई करते हुए मजदूर।

सोहना के गांव अलीपुर से शुरु होने वाला मुम्बई एक्सप्रेस वे राष्ट्रीय राजमार्ग पर 12 फरवरी से वाहन फर्राटा भर सकेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दौसा में इसका उद्घाटन करेंगे। इस राष्ट्रीय राजमार्ग पर राजस्थान के दौसा तक मार्ग का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। दिल्ली से जयपुर जाने वाले यात्रियों को अब मात्र दो घंटे का समय लगेगा। जबकि राष्ट्रीय राजमार्ग-8 से वर्तमान समय में 4 से 5 घंटा का समय लग रहा है। अलीपुर से शुरु होने वाले मुम्बई एक्सप्रेसवे पर चढ़ने व उतरने के लिए 50 से 60 एकड़ जमीन पर घेरा बना है। जहां से वाहनों को दौसा जाने व वहां से आते समय उतरने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी।

### चौक को हरा भरा बनाने की कवायद

**दिल्ली-वडोदरा** राजमार्ग के पहले चरण में होने वाले उद्घाटन को लेकर अलीपुर में बने चौक को हरा भरा करने की तैयारियां युद्धस्तर पर शुरु कर दी हैं। चौक पर बनी सड़कों के साथ तीन से चार प्रकार के फूलों से सुशोभित होने वाले पौधे लगाए जा रहे हैं। इसके साथ महकदार पौधे और साथ में जमीन को घास से हराभरा करने के लिए कड़ी मेहनत की जा रही है।

### मुख्यमंत्री जाएंगे एक्सप्रेसवे से दौसा

**केन्द्रीय** परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और प्रदेश मुख्यमंत्री मनोहर लाल दौसा में होने वाले उद्घाटन समारोह में शामिल होने के लिए एक्सप्रेसवे से ही जाएंगे। जिस पर चलने वाले वाहन 120 की स्पीड से फर्राटा भरते हुए नजर आएंगे।

# नये न्यायालय परिसर में बार एसो. ने की वकीलों के चेंबर बनाने की मांग



गुरुग्राम के नये न्यायालय परिसर में वकीलों के चेंबर बनाने की मांग को लेकर विधायक को ज्ञापन सौंपते बार एसोसिएशन के पदाधिकारी।

## विधायक सुधीर सिंगला को जिला बार एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गुरुग्राम** बार एसोसिएशन ने शुक्रवार को विधायक सुधीर सिंगला को अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया है कि निर्माणाधीन नये न्यायालय परिसर में वकीलों के लिए कक्ष का कोई प्रावधान नहीं किया गया है। इसलिए वहां वकीलों के भी चेंबर बनाए जाएं, ताकि वकीलों को काम का बेहतर माहौल मिले।

बार काउंसिल पंजाब एवं हरियाणा हाइकोर्ट के सदस्य प्रवेश यादव, बार एसोसिएशन के प्रधान नवीन यादव, सचिव संदीप सहरावत, उपाध्यक्ष जितेंद्र सैनी, संयुक्त सचिव योगेश भारद्वाज, अमित गोयल, कर्मबीर यादव, कर्मबीर यादव, अतुल सोबरी, कविता चौहान, अमित तंवर, मनीष यादव पार्षद, पंकज यादव आदि ने विधायक सुधीर सिंगला को दिए गए ज्ञापन में कहा कि गुरुग्राम में मुकदमेबाजी और सहायक कानूनी कार्यों की बढ़ती संख्या के परिणामस्वरूप वकीलों और कानूनी पेशेवरों की संख्या में भी वृद्धि हुई है। गुरुग्राम बार में वर्तमान ताकत 8250 की संख्या को पार कर गई है, जो हरियाणा के अन्य सभी शहरों में सबसे अधिक है। रोजाना वकीलों की संख्या बढ़ ही रही है। वकीलों को आवंटित वर्तमान कक्ष ब्लॉक ए, बी और सी में 300 हैं। जो बहुत कम हैं और पर्याप्त नहीं हैं।

वकीलों की बढ़ती संख्या की वर्तमान और भविष्य की जरूरतों को पूरा करना जरूरी है। महत्वपूर्ण बात यह है कि पुराने न्यायालय परिसर से नए न्यायालय परिसर की दूरी है। बाकी हरियाणा में प्रत्येक अदालत परिसर में कक्ष कोर्ट परिसर के साथ हैं, बल्कि मुख्य न्यायिक भवन से सीधे जुड़े हुए हैं, ताकि सुचारू कामकाज, वकीलों और जनता को असुविधा ना हो। इसलिए नए न्यायालय परिसर में वकीलों के लिए नए कक्षों के निर्माण के लिए जगह का आवंटन ना होना चिंता का विषय है।

एसोसिएशन के संज्ञान में आया है कि नए न्यायालय परिसर से सटी लगभग 8 एकड़ की भूमि है, जो किसी भी उद्देश्य के लिए सरकार की किसी योजना या नीति के तहत उपयोग में नहीं है। अगर इस जगह को वकीलों के लिए चैंबर के निर्माण के लिए आवंटित किया जा सकता है। यह वकीलों और वादकारियों की बढ़ती संख्या की वर्तमान और भविष्य की आवश्यकता को पर्याप्त रूप से पूरा करेगा। अपने मांग पत्र में एसोसिएशन ने कहा है कि एक चैंबर एक वकील के लिए जरूरी है। विशेष रूप से उन वकीलों के लिए जो अपने कार्यालयों को संबंधित कक्षों से चलाते हैं। विधायक सुधीर सिंगला ने ज्ञापन लेकर बार एसोसिएशन गुरुग्राम को आश्वासन दिया कि वे उनकी मांगों को सरकार तक पहुंचाएंगे। यह सही है कि वकीलों को भी काम करने के लिए दुरुस्त जगह चाहिए।

# सनातन और संत-मत ही भारत को भारत बनाते हैं

## संत-मत की विचारधारा से ही हुआ भारत के सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों का निर्माण

## महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित रामायण के बिना सनातन नहीं और संत रविदास, कबीर दास के बिना भारत का संत मत नहीं

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**शुक्रवार** को यहां राज्य स्तरीय संत गुरू रविदास जयंती समारोह में हरियाणा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा है कि संतों के विचार ही भारत का विचार है। सनातन और संत-मत ही भारत को भारत बनाते हैं। ओमप्रकाश धनखड़ ने संतों के सम्मान में भाजपा सरकारों द्वारा उठाए गए कदमों की तारीफ भी की।

श्री धनखड़ से पहले अनुसूचित मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाभ सिंह आर्य, केंद्रीय संसदीय बोर्ड की सदस्य डा. सुधा यादव, मंत्री डा. बनवारी लाल, परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा, विधायक सत्य प्रकाश जरावता ने भी समारोह को संबोधित किया। ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि सनातनी भारत और सनातन संस्कृति ही विश्वकल्याण और मानवता की मूल विचारधारा है। भारत की इस महानतम विचारधारा का निर्माण सनातन और संत परंपरा से ही हुआ है। भगवान वाल्मीकि द्वारा रचित रामायण के बगैर सनातन की कल्पना भी नहीं की जा सकती और भगवान रविदास, कबीर दास जैसे संत मतों के बिना भारत की कल्पना नहीं की जा सकती है। श्री धनखड़ ने कहा कि भारतीय परंपरा के लिए ये गर्व का विषय है कि महानतम संत परंपरा हमारी अनुसूचित जातियों से संबंध रखती है। जिनके अनुयायी सिर्फ भारत में ही नहीं, बल्कि विश्व भर में हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि संत हमारे जीवन को बनाते हैं, हमारा मार्गदर्शन करते हैं। संतों के कारण ही भारत की दुनिया में अलग पहचान है। संत महात्माओं ने हजारों साल पुराने ज्ञान को पीढ़ी दर पीढ़ी पहुंचाकर समाज पर बहुत बड़ा उपकार किया है। उन्होंने कहा कि भारत में केवल



गुरुग्राम के ताऊ देवीलाल स्टेडियम में राज्य स्तरीय संत गुरू रविदास जयंती समारोह में गुरू रविदास के चित्र पर पुष्प अर्पित करते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़।

दो धाराएं दिखाई देती हैं, एक सनातन और दूसरी संत मत की धारा है। इन दोनों धाराओं से भारत, भारत बनता है।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि दुनिया ने अपने ज्ञान पर दो हजार साल पहले ही ताला लगा दिया था। किसी ने 1500 साल पहले यह कह दिया यह आखिरी किताब है, इसके बाद कोई किताब नहीं होगी, लेकिन भारत में संत परम्परा है जहां ज्ञान की कोई आखिरी किताब नहीं होती। भारत ने डंके की चोट पर अपने ज्ञान को आगे बढ़ाया और दुनिया को भी अपने ज्ञान से प्रकाशित किया।

**इन नेताओं ने भी संत रविदास जी को किया नमन** - इस अवसर पर अनुसूचित मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाभ सिंह आर्य ने कहा कि मनोहर सरकार ने अपने आठ साल में संत, महापुरूषों को सम्मान देकर इतिहास रचा है। हरियाणा में संत रविदास जयंती पर बड़ा आयोजन वो ही कर सकता है जो संत रविदास को चाहता है। संत रविदास जयंती के संयोजक व मंत्री डा. बनवारी लाल ने कहा कि संत रविदास ने अपनी वाणी से समाज के अंदर समरसता का भाव पैदा किया। उन्होंने अपने ज्ञान के प्रकाश से लोगों के जीवन में बदलाव लाने का किया। संत रविदास की बताई गई वाणियों और विचारों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल चलकर समाज के अंतिम व्यक्ति का भला कर रहे हैं।

केंद्रीय संसदीय समिति की सदस्य एवं पूर्व सांसद डा. सुधा यादव ने संत रविदास के बारे में बोलते हुए कहा कि संत किसी जाति, सम्प्रदाय के नहीं होते बल्कि वे पूरे राष्ट्र के संत होते हैं और उन संतो के द्वारा जो रास्ता दिखाया जाता है उस पर चलकर हमारा जीवन सार्थक हो जाता है। आज का दिन संकल्प करने का दिन है।

परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि भक्तिकाल के संत और कवि रविदास को आध्यात्मिक समाज सुधारक माना जाता है। संत रविदास ने जन्म के आधार पर भेदभाव का विरोध किया था। उन्होंने धार्मिक एकता की बात की थी। संत रविदास जयंती समारोह सह संयोजक व विधायक सत्य प्रकाश जरावता ने कहा कि 2014 से पहले दलित समाज के लोग चंदा मांगकर संतों की जयंतियां मनाते थे, चीफगेस्ट के लिए नेताओं के चक्कर काटते थे। अब मनोहर सरकार ने संतों की जयंतियों को सरकारी स्तर पर मनाकर सभी समाज को जोड़ने का काम किया है।

## सोहना सबफायर स्टेशन को मिली फोम टेंडर गाड़ी

**सोहना।** सोहना के सबफायर स्टेशन के बेड़े में गुरुवार को फोम टेंडर गाड़ी को शामिल किया गया। अब अग्निशमन विभाग कर्मचारी तंग गलियों में आग बुझाने से लेकर तरल पदार्थ में लगने वाली आग पर काबू पा सकेंगे। स्थानीय सबफायर स्टेशन को विभाग आग की छोटी और बड़ी घटना पर काबू पाने में सक्षम बना रहा है। अग्निशमन विभाग ने गुरुवार को स्थानीय फायर स्टेशन में फोम टेंडर की गाड़ी को भेजकर पहले से मजबूत कर दिया है। सबफायर स्टेशन पर आग पर काबू पाने वाले वाहनों की संख्या बाइक समेत पांच हो गई है। जिनमें 7500 लीटर पानी वाली वाटर टेंडर, 5500 फाउंड टेंडर की दो गाड़ियां तथा 2 वाटर मिस्ट गाड़ियां हो गई हैं। सबफायर स्टेशन पर तैनात कर्मचारी शहर की तंग गलियों से लेकर खुले मैदान या ग्रामीण क्षेत्र में किसी भी प्रकार की लगी आग को काबू पाने में सक्षम होंगे। सबफायर स्टेशन के प्रभारी देवेन्द्र सिंह ने बताया कि शहरी क्षेत्र की तंग गलियों में लगी आग को बड़े वाहन न पहुंचने के कारण काबू पाना मुश्किल हो गया है। उनके पास बाइक से लेकर मध्यम तथा बड़े स्तर के कुल पांच वाहन है।

# ग्रामीण क्षेत्रों में डायलिसिस को कम लागत व सुरक्षित बनाने को आगे आएं चिकित्सक: राज्यपाल

## राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने यूरोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया के 56वें वार्षिक सम्मेलन यूजिकॉन-23 में कही यह बात

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**राज्यपाल** बंडारू दत्तात्रेय ने चिकित्सा जगत से डायलिसिस से जुड़ी तकनीकों को कम लागत व सुरक्षित बनाने का आग्रह किया, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों व छोटे शहरों तक में लोगों को इसका लाभ आसानी से मिल सके। इसके साथ ही ऑर्गन डोनेशन के प्रति जन जागरूकता को बढ़ावा दिया जाए। जिससे समय पर ऑर्गेन मिलने पर कीमती जीवन को बचाया जा सके। वे यहां ए-डॉट कन्वेंशन सेंटर में यूरोलॉजिकल



गुरुग्राम में यूरोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया के 56वें वार्षिक सम्मेलन यूजिकॉन-23 में दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ करते राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय।

सोसाइटी आफ इंडिया के 56वें वार्षिक सम्मेलन यूजिकॉन-23 में बोल रहे थे।

राज्यपाल ने चिकित्सकों से कहा कि उन्हें इस बात को हमेशा ध्यान रखना होगा कि हमारी समाज के प्रति सामाजिक व नैतिक दायित्व होता है। वैश्विक स्तर पर विभिन्न तकनीकों के माध्यम से उपचार की विधियों में व्यापक बदलाव हुए हैं। ऐसे में लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए भारत तेजी से नवाचारों और सर्वोत्तम तकनीकों को अपना रहा है। अब सर्जरी कम साइड इफेक्ट के साथ ज्यादा सटीक हो गई है। आज भारत के हर बड़े सरकारी और निजी अस्पताल में रोबोटिक सुविधा है, जिसका लाभ समाज के सभी वर्गों के रोगियों को मिलता है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में निरन्तर सुधारीकरण की ओर अग्रसर हमारे देश के केंद्रीय बजट-2023 में, स्वास्थ्य क्षेत्र को लगभग 13 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 89,155 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

राज्यपाल ने आयुष्मान भारत योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में आयुष्मान भारत योजना आज दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना बन गई है। इसी क्रम में हरियाणा प्रदेश ने भी एक ऐतिहासिक कदम बढ़ाकर चिरायु योजना (आयुष्मान भारत) की शुरुआत कर आज 1.80 लाख रुपये की वार्षिक आय सीमा वाले करीब 29 लाख परिवारों को लाभान्वित किया है।

राज्यपाल ने कहा कि हमारे समाज में डॉक्टरों का एक विशेष स्थान है। कोविड-19 महामारी के दौरान संकट में फंसे लोगों की सेवा करते हुए उन्होंने अपनी जान जोखिम में डालकर काम किया। यह हमारे लिए गर्व का विषय है कि आज हमारा देश यूरोलॉजिस्ट चिकित्सा शिक्षा और प्रशिक्षण में सबसे आगे हैं। उन्होने इस दौरान चिकित्सा क्षेत्र में नए अविष्कारों पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन करने के साथ ही यूरोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया की स्मारिका का भी विमोचन किया।

# प्रदेश सरकार की संवर्धन प्रणाली को अमलीजामा पहनाने की कवायद शुरू

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**महिला** एवं बाल विकास परियोजना विभाग बाल संवर्धन प्रणाली के तहत बच्चों को कुपोषणता का शिकार होने से बचाएगा। विभाग की सुपरवाइजर से लेकर स्वास्थ्य विभाग, आगंनबाड़ी कार्यकर्ता, सीडीपीओ, शिक्षा विभाग और अभिभावकों को शामिल करते हुए कमेटी का गठन किया है। यह कमेटी सदस्य बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देंगे।

हरियाणा सरकार की संवर्धन प्राणाली योजना को महिला एवं बाल विकास परियोजना विभाग ने अमलीजामा पहनाने की कवायद शुरु कर दी है। शुक्रवार को सीडीपीओ कार्यालय में खंड स्तरीय एक कमेटी का गठन किया गया। कमेटी में सीडीपीओ समेत खंड शिक्षा अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग से एक डॉक्टर, शिक्षा विभाग के किसी भी राजकीय स्कूल का एक शिक्षक, दो आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और दो अभिभावकों को कमेटी में शामिल किया है। सुपरवाइजर में अनिता व अंजू, अभिभावक में सविता पत्नी सुरेन्द्र, रेणु पत्नी दीपक तथा दो आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं में मंजू व सविता को लिया गया है।



शुक्रवार को सीडीपीओ कार्यालय में हुई संवर्धन प्राणाली के तहत बैठक।

> **मुख्यमंत्री** मनोहर लाल द्वारा लागू की गई संवर्धन प्रणाली के तहत बच्चों में कुपोषणता को जड़ से समाप्त करना है।
>
> **मिनाक्षी-सीडीपीओ सोहना**

योजना को लेकर शुक्रवार को हुई बैठक में नागरिक अस्पताल से दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. सुनीता दहिया, सुपरवाइजर अनिता, अंजू, रेखा सोनी व सरोज बाला ने भाग लिया। रेखा सोनी ने बताया कि आंगनबाड़ी में आने वाले बच्चों से लेकर नवजात बच्चों को कुपोषणता का शिकार होने से बचाया जाएगा। 6 वर्ष से कम उम्र वाले बच्चों का स्वास्थ्य हृष्ट-पुष्ट बनाने पर अधिक जोर दिया जाएगा। जिनका समय-समय पर स्वास्थ्य की जांच होगी। बच्चों के खानपान पर विशेष ध्यान देना होगा। जिससे उम्र के अनुसार बच्चा का वजन सही और उसके शरीर की ताकत व मजबूती बनी रहे।

## पोस्टर के माध्यम से किया कैंसर के प्रति जागरूक


**गुरुग्राम।** राजकीय महाविद्यालय सेक्टर-9 में नागरिक अस्पताल की ओर से विश्व कैंसर दिवस के उपलक्ष्य में पोस्टर प्रतियोगिता कराई गई। इसमें अंकित प्रथम व बरखा द्वितीय स्थान पर रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रणधीर सिंह ने विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए कहा कि कैंसर के प्रति जागरूकत आवश्यक है। समय पर इस बीमारी का पता चल जाए तो रोगी की जान बचाई जा सकती है। इसलिए समय-समय पर अपनी मेडिकल जांच करवानी चाहिए। सिविल अस्पताल की एनसीडी काउंसलर सविता और डॉ. सोनम ने कहा कि यदि किसी को कैंसर हो जाता है तो निराश न हो, जहां तक संभव हो सके इस बीमारी से लड़ा जाना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से परिवार एवं सगे-संबंधियों को इस बीमारी के प्रति जागरूक करने की अपील की। इस अवसर पर डॉ. मुकेश शर्मा, डॉ. कौशल फौगाट, हरीश कुमार, डॉ. सुरेंद्र कुमार, भावना सहित महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक एवं स्टाफ उपस्थित र हे।

# अपना वेलेंटाईन बनिए और प्लेटिनम इवारा की खूबसूरत प्लेटिनम ज्वेलरी द्वारा लोगों के आकर्षण का केंद्र बन जाईये

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**वेलेंटाईन** डे के साथ यह समय है अपने प्रति प्रेम के लिए खुद को समर्पित कर देने का। सच्ची खुशी तब मिलती है, जब आप स्वयं को प्यार करते हैं। तो इस प्यार के माह में अपना वैलेंटाईन खुद बनिए और खुद को अपने जितना ही अद्वितीय और दुर्लभ मैटल-बहुमूल्य प्लेटिनम उपहार में दीजिए।

सितारों में जन्मा प्लेटिनम पृथ्वी के सबसे दुर्लभ मेटल्स में से एक है। यह उन दुर्लभ युवा महिलाओं की प्रगतिशील पसंद है जो गर्व के साथ खुद की पहचान बनाती हैं। प्लेटिनम की मजबूती और टिकाऊपन के चलते यह व्हाईट मैटल समय के साथ कभी फीका नहीं पड़ता और हमेशा अपनी चमक बनाकर रखता है। इसलिए इसका उपयोग टाईमलैस ज्वेलरी डिज़ाईन के लिए किया जाता है। 95 प्रतिशत शुद्ध प्लेटिनम से बना प्लेटिनम इवारा बाय पीजीआई इंडिया खूबसूरत डिज़ाईन की प्लेटिनम



ज्वेलरी प्रस्तुत कर रहा है। हर ज्वेलरी पीस में एक अर्थ को समाहित करते हुए यह संग्रह उन महिलाओं को समर्पित है, जो अंदर से बाहर तक अपनी एक अलग पहचान रखती हैं, और उस पर गर्व करती हैं।

कैजुअल वियर हो, पार्टी वियर, वर्क वियर या फिर इंडियन वियर, प्लेटिनम इवारा का यह खूबसूरत कलेक्शन ऐसे शानदार डिजाईन प्रस्तुत करता है जो आपके स्टाइल को और बेहतर बना देंगे। इस श्रृंखला में सुंदर नेकलेस और आकर्षक रिस्टवियर से लेकर आकर्षक ईयरिंग्स और खूबसूरत रिंग्स के अनेक डिजाइन शामिल हैं। नाजुक पर सुगम डिजाइन में बहुमूल्य हीरों के साथ ये ऐसे आभूषण बनाते हैं, जो आपके आउटफिट के अनुरूप आपको सबसे प्रभावशाली स्टेटमेंट स्टाइल प्रदान करते हैं। प्लेटिनम इवारा महिलाओं को बेहतरीन डिज़ाईन की प्लेटिनम ज्वेलरी का शानदार संग्रह प्रस्तुत करता है जो भारत में सभी प्रमुख ज्वेलरी रिटेल स्टोर्स पर उपलब्ध है।

**प्लेटिनम डैंसिंग लाईंस :** दुर्लभ प्लेटिनम में बनी इस आकर्षक चेन में अलग-अलग लंबाईयों की बेलनाकार प्लेटिनम आकृतियाँ हैं, जो जीवन के उतार-चढ़ावों को प्रदर्शित करती हैं।

**प्लेटिनम बेडेड ग्लोरी:** आपके व्यक्तित्व के अनेक पहलू एक साथ मिलकर आपकी अद्वितीय पहचान बनाते हैं। यह आपस में जुड़े हुए ब्रेसलेट के बहु-आयामी डिजाइन में प्रदर्शित होता है, जिसमें रोज गोल्ड और प्लेटिनम पैलेट्स एक साथ आकर अद्वितीय डिजाइन नैरेटिव बनाते हैं।

**प्लेटिनम सीमलैस एलिगैंस:** प्लेटिनम की फ्लुड लाईंस के साथ यह ब्रेसलेट बीच में जड़े हुए हीरे के साथ सहजता का स्टेटमेंट प्रदान करता है। यह आपको खुशी व आराम प्रदान करते हैं।

## मनाइये प्यार के मौसम का जश्न

# अमेजन फ्रेश की 'सुपर वैल्यू डेज' में ग्रॉसरीज पर मिल रहे शानदार ऑफर्स

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**अपने** प्रियजनों, दोस्तों, परिवार के लिए लजीज व्यंजन तैयार कर प्यार के इस मौसम का भरपूर आनंद उठाइये और ताजे फलों और सब्जियों एवं रोजमर्रा इस्तेमाल की चीजों से नए-नए व्यंजन तैयार कीजिए। तो फिर देरी क्यों? अपनी हर महीने की शॉपिंग लिस्ट को तैयार कीजिए और 7 फरवरी तक अमेजन फ्रेश पर सुपर वैल्यू डेज पावर्ड बाय जिलेट से जमकर खरीदारी कीजिए।

ग्राहक इस सेल में जिलेट, दावत, टाटा, फॉर्च्यून, गोदरेज, और डाबर जैसे विभिन्न लोकप्रिय ब्रांडों की ग्रॉसरी, घरेलू जरूरत के सामान, पैकेज्ड फूड, स्नैक्स और बेवरेजेज पर 45 प्रतिशत तक की छूट पा सकते हैं।

## कोटक बैंक और ICICI के क्रेडिट/डेबिट कार्ड पर 10 प्रतिशत का इंस्टैंट डिस्काउंट पा सकते हैं

ग्राहक 1 से 3 फरवरी तक कोटक बैंक के क्रेडिट और डेबिट कार्ड पर और 4 से 7 फरवरी 2023 तक ICICI के क्रेडिट और डेबिट कार्ड पर 10 प्रतिशत का इंस्टैंट डिस्काउंट पा सकते हैं। यहां मिनिमम ट्रांजेक्शन लिमिट 2,500 रुपये है वहीं ग्राहक 300 रुपये तक की छूट का लाभ उठा सकते हैं।

# आजाद इंजीनियरिंग भारत में परमाणु टर्बाइनों में घूर्णन करने वाले महत्वपूर्ण पुर्जों की आपूर्ति करने वाली पहली कंपनी बनी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**सूक्ष्म** इंजीनियरिंग के बाजार में हैदराबाद की प्रमुख कंपनी, आजाद इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड को परमाणु टर्बाइन के लिए महत्वपूर्ण घूर्णन पुर्जों की आपूर्ति करने वाली पहली भारतीय कंपनी के रूप में अनुमोदित किया गया है। महत्वपूर्ण पुर्जों का पहला सेट जारी किया गया है जो बेलफोर्ट, फ्रांस में निर्मित न्यूक्लियर टर्बाइन में लगाया जायेगा। आजाद ने न्यूक्लियर टर्बाइन के पुर्जों की आपूर्ति के लिए जीई स्टीम पावर के साथ एक आपूर्ति के दीर्घकालिक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इससे कंपनी के लिए बड़ा अवसर खुल गया है और यह देश के लिए एक गर्व का क्षण है। जीई स्टीम पावर बिजली संयंत्रों के लिए प्रौद्योगिकियों और सेवाओं का एक व्यापक समूह प्रदान करता है, जिससे ग्राहकों को भरोसेमंद ऊर्जा प्रदान करने में मदद मिलती है क्योंकि वे कम कार्बन वाले भविष्य में ले जाते हैं। विश्व हरित और उत्सर्जन-रहित स्वच्छ ऊर्जा के स्रोतों से ऊर्जा पैदा करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस समय, परमाणु ऊर्जा सबसे अधिक किफायती, स्वच्छ कार्बन-रहित बिजली के स्रोतों में से एक है।

आजाद के प्रबंध निदेशक, राकेश चोपदार ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि हमें यह घोषणा करते हुए अत्यंत गर्व और प्रसन्नता है कि हम परमाणु पुर्जों के लिए स्वीकृत की जाने वाली पहली और एकमात्र भारतीय कंपनी हैं। हमने सबसे कठिन वातावरणों में से एक में परमाणु टर्बाइन



के लिए महत्वपूर्ण घूर्णन वाले पुर्जों के निर्माण के लिए जीई स्टीम पावर के साथ एक दीर्घकालिक समझौते पर भी हस्ताक्षर किए हैं।

2022 हमारे लिए एक बहुत अच्छा वर्ष रहा है, एक कंपनी के तौर पर, यह वास्तव में एक बड़ी उपलब्धि है और हमें विश्वास है कि यह हमें 10 गुना बढ़ने की हमारी 5-वर्षीय योजना की ओर आगे ले जायेगा। एक संपूर्ण समाधान प्रदान करने वाली कंपनी, आजाद ने स्वयं को एक प्रतिष्ठित वैश्विक बिजली उत्पादक और एयरोस्पेस ओईएम के लिए संपूर्ण सुसज्जित सहयोगी के तौर पर स्थापित किया है। कंपनी को उम्मीद है कि अगले 18-24 महीनों में स्थापित की जाने वाली एक नई सुविधा के साथ एक पसंदीदा सहयोगी के तौर पर अपने रिश्ते को और गहरा करना और प्रमुखता की स्थिति का आनंद लेना जारी रखना होगा।

# सर्वोदय हॉस्पिटल, फरीदाबाद में कश्मीरी महिला की हुई जटिल हार्ट सर्जरी

## सर्जरी के लिए डीप हायपरथर्मिक सर्क्युलेटरी अरेस्ट प्रक्रिया अपनाई गई

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सर्वोदय** हॉस्पिटल, सेक्टर 8, फरीदाबाद में कार्डियक वैस्कुलर सर्जनों की टीम ने एक 58 वर्षीय कश्मीरी महिला के दिल का ऑपरेशन करके नया जीवन दिया। महिला पिछले 5 वर्षों से दिल की बीमारी से जूझ रही थी। ऑपरेशन के 5 दिन बाद पूर्ण स्वस्थ होने पर उसे हॉस्पिटल से डिस्चार्ज भी मिल गया। मरीज के परिजनों ने इसके लिए सर्वोदय हॉस्पिटल के सीनियर कंसलटेंट, कार्डियोथोरेसिक और वैस्कुलर सर्जन डॉ. वेद प्रकाश एवं उनकी टीम का आभार व्यक्त किया। कश्मीर निवासी गुलशन अख्तर को पिछले 5 वर्षों से छाती में भारीपन और सांस लेने में परेशानी की समस्या थी।

कश्मीर में कई बड़े मेडिकल संस्थानों में इलाज के बाद भी उनकी समस्या ज्यों की त्यों बनी रही। इस बीच उनके परिजनों ने सर्वोदय



हॉस्पिटल, फरीदाबाद में डॉ. वेद से संपर्क किया। हॉस्पिटल में मरीज की प्रारंभिक जांच में सीटी एओर्टाग्राम किया गया। रिपोर्ट में उनको टाइप ए एओर्टिक डिसेक्शन के साथ अनुरूस्माल डायलेशन ऑफ आर्च की समस्या पाई गई। आसान शब्दों में हार्ट से निकलने वाली नली की परतें अलग-अलग हो गयीं और जो नस हार्ट से ब्रेन के लिए ब्लड लेकर जाती थी वह फूल गयी थी । इसलिए मरीज को छाती में भारीपन और सांस लेने में परेशानी की समस्या आ रही थी। सर्वोदय हॉस्पिटल, फरीदाबाद के सीनियर कंसलटेंट, कार्डियोथोरेसिक और वैस्कुलर सर्जन डॉ. वेद प्रकाश ने बताया कि जब मरीज की बीमारी पता चल गयी तो सर्जरी करके उनकी एओर्टा को बदलने एवं डीप हायपरथर्मिक सर्क्युलेटरी अरेस्ट (इस प्रक्रिया में ब्रेन को छोड़कर शरीर के पूरे हिस्से को ठंडा करके उसमे रक्त प्रवाह को रोक दिया जाता है) से हार्ट की सम्पूर्ण आर्च को बदलकर उसमे आर्टिफीसियल ग्राफ्ट प्रत्यारोपित किया गया। यह बहुत ही जटिल प्रकिया है इसलिए यह दिल्ली-एनसीआर के चंद ही मेडिकल संस्थानों पर की जाती है । सर्वोदय हेल्थ केयर के चेयरमैन डॉ. राकेश गुप्ता ने बताया कि इलाज की उन्नत तकनीकों एवं प्रक्रियाओं के सहारे ही हम मरीज को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

# कृषि योग्य भूमि पर अवैध प्लाटिंग कर बसाई जा रही कॉलोनी

पायनियर समाचार सेवा। फिरोजपुर झिरका



शहर के बीमा रोड पर कृषि योग्य भूमि पर की गई प्लाटिंग।

**फिरोजपुर** झिरका शहर के बिवा मार्ग, कच्चे किला से हिरवाड़ी की तरफ वाला रास्ते, दाल मिल के आसपास इन दिनों अवैध रूप से प्रॉपर्टी डीलरों द्वारा अवैध कॉलोनियों को बसाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। स्थानीय प्रशासन और जिला योजनाकार विभाग के अधिकारियों को सारी जानकारी होने के बावजूद इस मामले में कोई ठोस कार्रवाई अमल में नहीं लाई जा रही है। जिससे अवैध कालोनियों को बढ़ावा देने वाले लोगों के हौसले बुलंद हैं। हालाकि जिला योजनाकार विभाग के अधिकारियों द्वारा अवैध रूप से कॉलोनी बसाने वाले लोगों वह कुछ मालिकों को नोटिस जारी कर दिए गए हैं।

सामाजिक जफरुद्दीन गुमल का कहना है कि जिला योजनाकार विभाग से बिना अनुमति लिए बगैर अवैध रूप से कॉलोनी काटने का बेरोकटोक धंधा प्रॉपर्टी डीलरों द्वारा किया जा रहा है। इस बाबत पहले भी विभाग के अधिकारियों को जानकारी दे दी गई थी लेकिन अधिकारियों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किए जाने से अवैध कालोनियों को बढ़ावा देने वाले लोगों के हौसले बुलंद हैं। जो निरंतर कृषि योग्य भूमि को खरीद कर मरलो में प्लॉटिंग कर कॉलोनी बसाने का कार्य कर रहे हैं जबकि प्रदेश सरकार द्वारा अवैध कॉलोनियों पर पूरी तरह रोक लगाई जा रही है लेकिन क्षेत्र में प्रशासन द्वारा अनदेखी के चलते लगातार अवैध कॉलोनियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। क्षेत्र के सामाजिक संगठन से जुड़े लोगों का कहना है कि यह भूमाफिया लोगों को झूठे सपने दिखा कर अपने झांसे में लेकर अवैध कॉलोनियों में प्लॉट देकर बसाने का कार्य कर रहे हैं जबकि किसी भी विभाग द्वारा कानूनी कार्रवाई जमीन खरीद कर पैसे देने वाले लोगों पर की जा रही है भू माफियाओं पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती जिससे भी भू माफिया के हौसले बुलंद है। लोगों का आरोप है कि जिला योजनाकार विभाग को सारी जानकारी है।

> “ **जिला** योजनाकार विभाग द्वारा बीमा रोड के आसपास अवैध प्लॉटिंग करने वाले लोगों और मालिकों को नोटिस जारी कर दिए गए हैं। जल्द ही बीमा रोड पर बड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी ।
>
> **बिनेश कुमार, जिला योजनाकार अधिकारी, नूह।**

# आपदा मित्रों को एसडीआरएफ ने दी बचाव की ट्रेनिंग

**गुरुग्राम।** किसी भी आपदा से निपटने के लिए तैयार किए जा रहे आपदा मित्र को शुक्रवार को हरियाणा लोक प्रशासन संस्थान (हिपा) गुरुग्राम द्वारा एसडीआरएफ ने बचाव की ट्रेनिंग दी गई।

स्थानीय भोंडसी स्थित इंडियन रिजर्व बटालियन एवं हरियाणा पुलिस के ट्रेनिंग कैंप में शुक्रवार को सुरक्षा के सभी उपकरणों को प्रदर्शित किया गया और आपदा मित्रों से चलवाए गए। प्रैक्टिकल रूप से विक्टिम लोकेशन कैमरा, थर्मल इमेजिंग कैमरा, एयर लिफ्टिंग बैग सेट, वुड कटर, आयरन कटर, एंगल कटर, बिल्डिंग कटर, डायमंड चेन सा, आरपीसा, चिपिंग हैमर, फायर एक्सटिंग्विशर, सिलेंडर एग्जीक्यूटर, स्किल ड्रिल, हाइड्रोलिक जैक, हाइड्रोलिक कटर, पावर यूनिट, इमरजेंसी लाइट इलेक्ट्रिक सिस्टम, हैमर ड्रिल, पर्सनल प्रोटेक्टिव इक्विपमेंट, मेडिकल फर्स्ट रिस्पांडर, सेल्फ कॉन्ड्यूट ब्रेथिंग अप्रेचर आदि टूल आदि का एसडीआरफ के इंस्पेक्टर महेंद्र कुमार और उनकी टीम ने इस्तेमाल बताया।

**गुरुग्राम में पहली बार दिया गया ऐसा प्रशिक्षण :** किसी भी आपदा से निपटने के लिए आपदा मित्रों का



आपदा मित्र की ट्रेनिंग के दौरान प्रदर्शित किया गया राहत व बचाव में उपयोग होने वाला सामान।

गुरुग्राम में पहला 2 सप्ताह का ट्रेनिंग सेशन चलाया गया इसमें आम लोगों, स्वयंसेवियों और कर्मचारियों को ट्रेंड किया गया।

प्रशिक्षणार्थियों को इसी ट्रेनिंग के तहत फायर स्टेशन सेक्टर-29 पर भी आग से सुरक्षा उपकरण का इस्तेमाल कर दिखाया गया। 40 मीटर ऊंचाई के हाइड्रोलिक प्लेटफार्म पर ले जाया गया और ऊपर से आग बुझाने के तरीके बताए गए। फायर स्टेशन सेक्टर-37 के अधिकारियों द्वारा बसई पानी के तालाब में रेस्क्यू अभियान चलाने के बारे में जानकारी दी गई। इस प्रशिक्षण सत्र के लिए विभिन्न विभागों से अधिकारी एवं कर्मचारी लिए गए हैं, जिनमें दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम, नागरिक सुरक्षा के वार्डन, स्वयंसेवक सदस्य, नेहरू युवा केंद्र, आशा वर्कर, पुलिस, अग्निशमन कर्मचारी शामिल हैं।

# एजुकेशन वालेंटियरों ने नियमितिकरण की मांग को लेकर एडीसी नूंह को दिया ज्ञापन

पायनियर समाचार सेवा। मेवात

**नूंह** जिले में ड्रॉपआउट को रोकने के लिए सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत लगाए गए 779 एजुकेशन वालंटियर इन दिनों बेहद परेशान हैं। उनकी परेशानी की वजह नियमितीकरण की मांग के साथ वेतनमान में बढ़ोतरी करना है। इसी मांग को लेकर शुक्रवार को सैकड़ों एजुकेशन वालंटियर ने एडीसी नूंह से लघु सचिवालय में पहुंचकर मुलाकात की। एजुकेशन वालंटियर ने अपनी मांगों से जुड़ा एक ज्ञापन भी एडीसी नूंह को सौंपा।

एडीसी नूंह को दिए गए मांग पत्र में एजुकेशन वालंटियर ने कहा कि उन्हें सर्व शिक्षा अभियान के तहत लगाया गया था। इनको एजुकेशन वालंटियर का नाम दिया गया था और जिले भर में 779 एजुकेशन वालंटियर लगाए गए थे। जिले भर में तकरीबन 17000 से ज्यादा बच्चे स्कूल छोड़ चुके थे, उनको शिक्षा की मुख्यधारा में शामिल करने की बड़ी जिम्मेदारी इन वालंटियर की थी, लेकिन बच्चों की संख्या बढ़ाने के बावजूद भी इन्हें 9000 रुपए प्रति माह के हिसाब से मानदेय दिया गया। जिससे महंगाई के दौर में गुजर-बसर करना मुश्किल हो रहा है। सबसे खास बात यह है कि 9 महीने काम लेने के बाद इन एजुकेशन वालंटियर को बाहर का रास्ता दिखा दिया जाता है। इन वालेंटियर की मांग है कि हरियाणा के एजुकेशन वालेंटियर को भी पंजाब सरकार की तरह नियमित किया जाए। अगर सरकार उनके लिए इतना नहीं कर सकती तो कम से कम उनके अनुभव को मानते हुए कौशल विकास रोजगार में समायोजित करने और कार्यकाल को निरंतर बनाए रखने का काम सरकार कर सकती है।

# गौरक्षा दल से जुड़े लोगों ने सौंपा ज्ञापन, गौहत्यारों को दी खुली चुनौती

पायनियर समाचार सेवा। मेवात

**गौतस्करी** एवं गौहत्या को लेकर इलाके में विवाद लगातार बढ़ता जा रहा है। क्षेत्र के लोग जहां गौरक्षकों पर कानून को हाथ में लेकर लोगों की जान लेने का आरोप लगाते हुए पुलिस विभाग में शिकायत कर रहे हैं तो वही गौरक्षा दल भी इस मामले में पीछे हटने को तैयार नहीं दिख रहा।

गौरक्षा दल से जुड़े लोगों ने शुक्रवार को अतिरिक्त उपायुक्त रेनू सौगन के माध्यम से मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नाम एक ज्ञापन सौंपा। पत्रकारों से बातचीत के दौरान गौरक्षा दल के लोगों ने खुली चेतावनी दी।आरोप लगाया कि कुछ मुसलमान समाज के लोग गौतस्करी तथा गौहत्या कर रहे हैं और रोजाना श्रीकृष्ण की कर्मभूमि पर गोवंश की हत्या हो रही है। ज्ञापन में गौरक्षा दल के सदस्यों ने तावडू क्षेत्र में कई दिन पहले दो वाहनों के सड़क हादसे के बाद एक व्यक्ति की मौत का हवाला भी इस ज्ञापन में दिया गया है। गौरक्षा दल के लोगों ने सर तन से जुदा करने की धमकी मिलने गंभीर आरोप लगाए। चेतावनी दी कि अगर उनके किसी भी सदस्य के साथ कोई घटना घटती है तो उससे माहौल खराब होगा जिसकी जिम्मेदारी स्वयं सरकार व प्रशासन की होगी। कुल मिलाकर गौतस्करी एवं गौहत्या को लेकर इलाके का माहौल पिछले कई महीने से गर्म है। इसे लेकर गौरक्षा दल के सदस्यों के साथ मारपीट हो चुकी है तो गौरक्षा दल के सदस्यों पर भी लोगों की मारपीट करने तथा जान लेने के गंभीर आरोप लग रहे हैं। सबसे खास बात यह है कि इलाके के इस बेहद ही संजीदा मामले में पुलिस प्रशासन की कार्रवाई अभी तक सख्त दिखाई नहीं दे रही है। इलाके के संभ्रांत लोगों का कहना है कि कानून हाथ में लेकर अगर गौरक्षा दल के सदस्य गलत करते हैं तो उनके खिलाफ सख्ती का डंडा चलाना चाहिए और अगर गौतस्करी व गौहत्या करने वाले लोग कानून को हाथ में लेकर गौवंश की हत्या करते हैं तो उनके खिलाफ भी सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए ताकि इलाके से गौहत्या हमेशा के लिए दूर हो सके।

खास बात यह है कि गौतस्करी तथा गौहत्या के चलते पूरा इलाका बदनाम हो रहा है। चंद लोग अपने लाभ के लिए इस काम को भले ही कर रहे हों लेकिन कई बार गौरक्षा दल से जुड़े लोगों का रोल भी शक के दायरे में दिखाई दिया है। कुल मिलाकर इस मसले को लेकर क्षेत्र में लगातार विवाद बढ़ता जा रहा है।

# सब्जी खरीद रही महिला का बैग काटकर चोरों ने चालीस हजार रुपए पार किए

**फिरोजपुर झिरका।** शहर में चोरी की वारदात आए दिन बढ़ती जा रही हैं। फिरोजपुर झिरका खंड के गांव रंगाला राजपुर की रहने वाली मुस्कान स्वयं सहायता समूह ग्रुप चलाने वाली दो महिला वीना पत्नी सुनील व प्रेमबती पत्नी खेम सिंह सिविल लाइन रोड पर स्थित सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक में 1:56 बजे पचास हजार रुपए निकलवाने के लिए आई थी। लौटते समय सब्जी मंडी में खरीदारी करते समय किसी ने उसका बैग काट कर चालीस हजार रुपये निकाल लिए। सिटी चौकी प्रभारी फिरोजपुर झिरका सुनील कुमार ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर मामले की गहनता से जांच की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज की मदद से जल्द चोरों को पकड़ा जाएगा

# यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले निजी बस ऑपरेटर पर होगी कार्रवाई

## यात्रियों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं : एसडीएम

पायनियर समाचार सेवा। तावडू

**यातायात** नियमों का उल्लंघन करने वाले व यात्रियों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने वाले निजी बसों के ऑपरेटरों पर जल्द प्रशासन की ओर से शिकंजा कसा जाएगा। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाली निजी बसों पर प्रशासन की नजर है। यह बात तावडू उपमंडल अधिकारी सिद्धार्थ दहिया ने कही है। उन्होंने बताया कि सरकार के दिशा निर्देशों का पालन नहीं करने और यातायात नियमों का उल्लंघन मिलने पर निजी बस ऑपरेटरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा सकती है। तावडू क्षेत्र में आवागमन करने वाली सभी यात्री बसों पर प्रशासन की नजर है।

संज्ञान में आया है कि कई निजी ऑपरेटरों द्वारा संचालित बसें सरकारी निर्देशों का उल्लंघन कर रही हैं। क्षमता से अधिक सवारियां बसों में बैठाने के साथ-साथ छतों पर भी यात्रा करने के लिए सवारियों को मजबूर करते हैं। ऐसी लापरवाही से दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। जो सीधा यात्रियों की सुरक्षा से खिलवाड़ है, इसे बर्दाश्त नही किया जाएगा। इसके अलावा ओवरस्पीड और लापरवाही से वाहन चलाने के मामला भी उनके संज्ञान में है। एसडीएम ने बताया कि सरकार व परिवहन विभाग के दिशा निर्देशों पर खरा नहीं उतरने वाले निजी बस आपरेटरों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए पाबंद किया



तावडू एसडीएम सिद्धार्थ दहिया।

जाएगा। यदि चेतावनी जारी होने के बाद भी नियमों का उल्लंघन मिला तो फिर विशेष अभियान चलाकर इन पर शिकंजा कसा जाएगा। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के निजी बस ऑपरेटरों से आह्वान किया गया है कि वह अपनी बसों पर प्रशिक्षित व अनुभव चालकों की ही नियुक्ति करें। साथ ही यात्रियों की सुरक्षा संबंधित सभी नियमों का पालन करना सुनिश्चित भी करें।

बता दें कि तावडू क्षेत्र से आवागमन करने वाली निजी बसें यातायात नियमों का उल्लंघन करती हैं। इनमे क्षमता से अधिक सवारियां बैठती हैं। छत व खिड़कियों के साथ खड़े होकर यात्रा करते हुए यात्रियों को देखा जा सकता है जिस से दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। कई बार यही निजी बसें नगर के मुख्य चौराहों पर बेतरतीब तरीके से काफी देर तक खड़ी रहती हैं। इससे जाम की स्थिति बनती है। इसके अलावा इनके चालक बसों को जगह-जगह पर रोककर सवारी बैठाते हैं।

# समाज की सेवा में नई संस्था अग्रसेन वैश्य समाज सभा का उदय

## सेक्टर-45 गुरुग्राम में वरिष्ठजनों, सेवानिवृत अफसरों ने किया है गठन

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

**समाजसेवा** के क्षेत्र में गुरुग्राम में एक नई संस्था अग्रसेन वैश्य समाज सभा सेक्टर-45 का उदय है। संस्था में शामिल वरिष्ठजनों, सेवानिवृत अफसरों ने समाजसेवा का बीड़ा उठाया है। संस्था के संस्थापक सदस्यों, पदाधिकारियों को कैनविन फाउंडेशन के संस्थापक डा. डीपी गोयल, पर्यावरण संरक्षण विभाग प्रदेश प्रमुख नवीन गोयल ने बधाई दी।

संस्था के संस्थापक सदस्यों में सेवानिवृत अधिकारी सेक्टर-45 निवासी रत्तनलाल गुप्ता, रोशन लाल गर्ग, प्रमोद गुप्ता, जयकिशन बंसल, नरेश कुमार गुप्ता, अशोक बंसल और सुभाष चंद्र गोयल शामिल हैं। संस्था की गवर्निंग बॉडी में रत्तन लाल गुप्ता को प्रधान, रोशन लाल गर्ग को उपप्रधान, प्रमोद गुप्ता को महासचिव,



रत्तनलाल गुप्ता। रोशन लाल गर्ग।

जयकिशन बंसल को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। नरेश कुमार गुप्ता, अशोक बंसल, सुभाष चंद्र गोयल को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया। संस्था में फिलहाल संयुक्त सचिव, प्रवक्ता और छह कार्यकारिणी सदस्यों के नाम तय नहीं किए गए हैं। सभी पदाधिकारियों, कार्यकारिणी सदस्यों ने कहा है कि संस्था सदा समाज के उत्थान, समाज के हित में काम करेगी।

प्रधान रत्तन लाल गुप्ता ने कहा कि संस्था के गठन का उद्देश्य स्वास्थ्य, नशों के खिलाफ जागरुकता, जनकल्याण के लिए पर्यावरण संरक्षण, युवाओं का विकास, खेलों को बढ़ोतरी, एचआईवी एड्स के प्रति जागरुकता करने के अलावा मेडिकल कैंप, आंखों के ऑप्रेशन, पल्स पोलियो कैंप, रक्तदान शिविर आदि भी संस्था के प्रमुख कार्यों में होगा। धार्मिक, शारीरिक, मानसिक, शैक्षणिक विकास पर भी संस्था काम करेगी। बिना किसी सामुदायिक भेदभाव के संस्था अपने कार्यों को गति देगी। जरूरतमंदों को खेलों, शैक्षणिक गतिविधियों में स्कॉलरशिप देने का काम भी संस्था करेगी।

**समाज, पर्यावरण में सुधार करना जरूरी: गोयल**

**कैनविन** फाउंडेशन के संस्थापक डा. डीपी गोयल ने अग्रसेन वैश्य समाज सभा के सभी पदाधिकारियों, सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि संस्था अपने जिस उद्देश्य को लेकर चली है, उस पर काम करते हुए समाज को आगे बढ़ाए। पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने कहा कि समाज में ऐसी संस्थाओं की बहुत जरूरत है जो निस्वार्थ जनसेवा, पर्यावरण संरक्षण के लिए काम करे। हम सब जानते हैं कि हमारा पर्यावरण किस हद तक खराब हो चुका है। इसमें सुधार करने के लिए अग्रसेन वैश्य समाज सभा जैसी संस्थाओं के साथ हम सबको मिलकर काम करना है।

# संक्षिप्त समाचार

## पीपी गुप्ता बने वैश्य महासम्मेलन के राष्ट्रीय सचिव



पीपी गुप्ता।

**गुरुग्राम।** अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद डॉ. गिरीश कुमार संघी ने गुरुग्राम के उद्योगपति पीपी गुप्ता को राष्ट्रीय सचिव मनोनीत किया है। यह जानकारी महासम्मेलन के राष्ट्रीय महासचिव एवं गुरुग्राम के पूर्व विधायक उमेश अग्रवाल ने दी। उन्होंने बताया कि पीपी गुप्ता वर्तमान में कार कैरियर एसोसिएशन के मुख्य संरक्षक व एकल विद्यालय के कार्यकारिणी सदस्य हैं। पूर्व में अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के जिलाध्यक्ष रह चुके हैं। उन्होंने महासम्मेलन के जिलाध्यक्ष एवं अन्य पदों पर रहते हुए गुरुग्राम के वैश्य समाज के लोगों को एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जिला महासचिव देवेन्द्र गुप्ता, जिलाध्यक्ष महिला शाखा मीनाक्षी गुप्ता एवं युवा जिलाध्यक्ष विवेक गुप्ता ने पीपी गुप्ता को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनको राष्ट्रीय सचिव बनाया जाना गुरुग्राम जिला वैश्य महासम्मेलन के लिए गर्व की बात है।

## जिले में भाजपा ने बिना किसी भेदभाव के विकास कार्यों को दिया बढ़ावा

**नूंह।** नूंह जिले में भाजपा सरकार ने बिना किसी भेदभाव के विकास कार्यों को बढ़ावा दिया है। पूर्व में सरकारों द्वारा विकास के नाम पर भेदभाव किया जाता था लेकिन अब सबका साथ सबका विकास के नजरिए से विकास कार्य कराए जा रहे हैं। यह बातें मेवात के वरिष्ठ समाजसेवी एवं भाजपा एमिनेंट पर्सन संजय गर्ग बिट्टू ने कहीं। उन्होंने कहा कि कहा कि पूर्व की सरकारों ने नूंह जिले में विकास को बाधित किया था। लेकिन अब केंद्र व प्रदेश की सरकार ने जिले में विकास का पहिया तेज कर दिया है। भाजपा में हर वर्ग के लोगों को मान सम्मान दिया जाता है। अन्य किसी पार्टी में लोगों को मान सम्मान नहीं दिया जाता है। ऐसे में लोगों को भाजपा के साथ जुड़ना चाहिए। केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार पूर्व से ही देशहित के लिए कार्य कर रही है। नूंह जिले का रिकार्ड तोड़ विकास भाजपा सरकार ही करा सकती है। इससे पूर्व अन्य पार्टियों ने जिले में लोगों की वोटों को लेने का कार्य किया लेकिन भाजपा ने अपने कम समय में लोगों के विकास के लिए काफी कार्य किए है। पूर्व से ही भाजपा पार्टी में हर वर्ग के लोगों को प्रमुखता दी जाती है। भाजपा की सरकार ने यहां पर विकास कार्यों को गति देने में कोई कमी नहीं छोड़ी है। नूंह जिले में आज भाजपा का एक भी विधायक नहीं है इसके बावजूद बिना किसी भेदभाव के जिले में रिर्काड तोड़ विकास कराए जा रहे है। पूर्व में कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में युवाओं को खर्ची व पर्ची से नौकरी दी जाती थी। वर्तमान भाजपा के राज में युवाओं को बिना पैसे खर्च किए नौकरी दी जा रही है।

## चाय दुकानदार को अवैध शराब बेचने पर दबोचा

**सोहना।** चाय की दुकान की आड़ में अवैध शराब बेचने वाले दुकानदार को निमौठ चौकी पुलिस ने दबोच लिया। तलाशी के दौरान खोखा के पीछे रखे प्लास्टिक के कट्टे में से 75 पव्वे अवैध शराब बरामद की। निमौठ चौकी में तैनात एसआई सत्यवान को गश्त के दौरान सूचना मिली कि वाटिका रिसोर्ट के गेट नंबर दो पर चाय बेचने वाला दुकानदार अवैध शराब बेचता है। सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची पुलिस को देख गांव टोलनी निवासी चाय दुकानदार राजू प्लास्टिक कट्टे को लेकर भागने लगा। पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए राजू को दबोच लिया। चेक करने पर कट्टे में 75 पव्वा अवैध शराब मिली। पुलिस ने शराब को अपने कब्जे में लेते हुए आरोपी चाय दुकानदार राजू के खिलाफ केस मामला दर्ज कर लिया है। एसआई सत्यवान ने बताया कि हिरासत में लिए गए राजू को जमानत पर छोड़ दिया है। जांच के दौरान आरोपी को अदालत नोटिस देकर पेशी पर बुला लेगी।

## गांव ग्वाल पहाड़ी में अनाधिकृत निर्माण पर चला पीला पंजा



**गुरुग्राम।** अनाधिकृत निर्माणों पर नगर निगम गुरुग्राम की इनफोर्समेंट टीमें लगातार कार्रवाई कर रही हैं। अलग-अलग क्षेत्रों में प्रतिदिन टीमों द्वारा अनाधिकृत निर्माणों, अवैध कब्जों व अतिक्रमण पर पीला पंजा चलाया जा रहा है। शुक्रवार को सहायक अभियंता हितेष दहिया के नेतृत्व में इनफोर्समेंट टीम जेसीबी व पुलिस बल लेकर गांव ग्वाल पहाड़ी में पहुंची। और निर्माण गिराने शुरू किए। वहां पर रेवेन्यू रास्ते पर अनाधिकृत रूप से भवन का निर्माण किया जा रहा था। नगर निगम गुरुग्राम द्वारा पूर्व में नोटिस देकर निर्माण बन्द करने के लिए संबंधित को कहा गया था, लेकिन इसके बावजूद भी निर्माण जारी रखने के चलते शुक्रवार को टीम ने उक्त भवन पर पीला पंजा चलाने के साथ ही निर्माणाधीन भवन को सील कर दिया। हालांकि काफी लोगों ने कार्रवाई का विरोध करते हुए टीम को रोकने की कोशिश की। मौके पर मौजूद पुलिस बल ने स्थिति को अपने नियंत्रण में रखा तथा पूरी कार्रवाई को संपन्न करवाया।

## पत्नी की बेवफाई से तंग युवक ने की जीवन लीला समाप्त

**फिरोजपुर झिरका।** थाना क्षेत्र के गांव हसनपुर बिलौंडा में शुक्रवार को एक युवक ने पत्नी की बेवफाई से तंग आकर आत्महत्या कर ली। युवक के मौत के बाद गांव में मातम पसर गया। मृतक के पिता ने पुत्रवधु पर बेटे की मौत के लिए दोषी ठहराया है। पीड़ित इलियास नाम के व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत देकर अपने बेटे की बहू पर मुकदमा दर्ज कराने की मांग की है । गांव हसनपुर बिलौंडा के रहने वाले इलियास ने पुलिस को शिकायत देकर बताया कि उसके पुत्र आमिर (24) ने जीनत से प्रेम विवाह किया था। ये दोनों गांव में ही रहे थे। आरोप है कि जीनत शादी के बाद से ही आमिर को परेशान कर रही थी। इससे पूर्व जीनत का एक और पति था, जिसे जीनत ने आमिर से प्रेमविवाह करने के बाद छोड़ दिया था। पहले पति से जीनत को चार साल की एक बेटी भी थी। जीनत कई बार आमिर के साथ झगड़ा कर अपने पहले पति के यहां जाती रहती थी। अभी कुछ रोज पहले भी जीनत आमिर के साथ झगडा कर अपने पहले पति के यहां चली गई। पत्नी के उत्पीड़न से तंग आकर आमिर ने शुक्रवार की सुबह अपने घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जांच अधिकारी राजबीर ने बताया कि मृतक का पोस्टमार्टम कराकर शव को परिजन को सौंप दिया गया है। इलियास की शिकायत पर आरोपित पत्नी पर केस दर्ज कर लिया है।


पायनियर क्लासीफाइड

◆ नाम परिवर्तन ◆

मैं अनीस अहमद पुत्र रफीक अहमद निवासी मलाई तहसील हथीन जिला पलवल बयान करता हूं कि मेरे पासपोर्ट में नाम की स्पेलिंग ANISH AHMAD है, जो गलत है। जबकि मेरे सभी शैक्षणिक दस्तावेजों व अन्य कागजातों में स्पेलिंग ANEES AHMED है। पासपोर्ट में भी नाम की स्पेलिंग दस्तावेजों के मुताबिक किया जाए जो सही है।

**सार्वजनिक सूचना**

मैं, ममता शर्मा पत्नी राम शर्मा निवासी मकान नं0 908, हुड्डा सैक्टर 2, जिला पलवल ब्यान करती हूं कि मेरे हुड्डा सैक्टर 2 पलवल की मकान नं0 908 की डीड नं0 9191 दिनांक 23.02.2011 है जो दिनांक 10.01.2023 को गुम हो गई है। डीड मिलने पर उपरोक्त पते पर सम्पर्क करें या मोबाईल नं0 9996493983

**सार्वजनिक सूचना**

मेरे व्यवहारी श्रीमति कृष्णा कुमारी पत्नी गोविन्द राम निवासी प्लॉट नं0 144, चौथी मन्जिल, अमोलिक रेजीडेन्सी, नियर अमोलिक चौक, सैक्टर 86, फरीदाबाद ने अपनी पुत्री दिव्या को उसके गलत व्यवहार व अभद्र आचरण के कारण अपनी तमाम चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है व तमाम पारिवारिक व भौतिक संबंध समाप्त कर दिये हैं। भविष्य में जो कोई उपरोक्त से किसी प्रकार का लेनदेन, संबंध या वास्ता रखेगा या व्यवहार करेगा वह स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरे व्यवहारी व उसके परिवार के अन्य लोगों की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**ध्रुव कुमार, अधिवक्ता फरीदाबाद**


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : नवीन उपाध्याय, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# अच्छा बजट

## सबका ध्यान

**वित्त मंत्री** सुश्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश बजट 2023-24 में सबके लिए कुछ न कुछ है और इसके बावजूद राजकोषीय संतुलन पर भी ध्यान दिया गया है। विपक्ष अक्सर तत्कालीन सरकार की निन्दा करने के लिए चुनाव-पूर्व बजट को 'राजनीतिक बजट' कहता रहा है, लेकिन यह बात वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश 2023-24 के बजट के लिए नहीं कही जा सकती है। राजनीतिक बजटों में एक सबसे बड़ा बजट कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन-संप्रग सरकार ने 2008 में पेश किया था। इसमें 60,000 करोड़ का कृषि कर्ज माफ करने की घोषणा हुई थी जो लगभग 72,000 करोड़ तक पहुंच गया था। इस कर्ज माफी से संप्रग को अगले साल सत्ता में लौटने में सहायता मिली थी। राज्यों में खर्च किए जाने वाले पैसे तथा संप्रग की चुनावी सफलताओं के बीच निकट संबंध था। सुश्री सीतारमण को धन्यवाद दिया जाना चाहिए कि उन्होंने उस निन्दनीय लोकरंजकता से स्वयं को अलग रखा है जिसका प्रदर्शन संप्रग ने 15 साल पहले किया था। भले ही कोई उन पर यह आरोप लगाए कि उन्होंने राहत देकर आयकर दाताओं को खुश करने का प्रयास किया, लेकिन तथ्य है कि इसकी लंबे समय से प्रतीक्षा थी। यहां इस बात पर भी जोर दिया जाना चाहिए कि इसके सबसे बड़े लाभार्थी सबसे कम आय श्रेणी वाले लोग होंगे। इसका अर्थ है कि आम लोगों की जेब में ज्यादा पैसा जाएगा जिसका वे निवेश या खर्च कर सकेंगे। इससे मांग व बचत में वृद्धि होगी और इन दोनों की आवश्यकता है। सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों-एमएसएमई तक भी आयकर लाभों का विस्तार किया गया है। व्यक्तिगत आयकर के बारे




में यह भी खास है कि सर्वोच्च कर श्रेणी में आने वाले लोगों को भी राहत दी गई है। हमारे देश में कर की अधिकतम दर 42.74 प्रतिशत थी जो दुनिया में सबसे ज्यादा दरों में शामिल थी। वित्त मंत्री ने इसे घटा कर 39 प्रतिशत करने का प्रस्ताव किया है। यह उस देश में बहुत साहसी कदम है जहां अमीरों को गाली देना फैशन बन गया है। यह खासकर इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि उनकी पार्टी 2024 में आम चुनाव के लिए तैयार हो रही है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ढांचागत विकास पर जोर दे रही है। इसी रास्ते पर चलते हुए वित्त मंत्री ने लगातार तीसरी बार इस क्षेत्र के लिए पूंजी निवेश में भारी 33 प्रतिशत वृद्धि की है जो अब 10 लाख करोड़ पहुंच गया है। यह सकल घरेलू उत्पाद-जीडीपी का 3.3 प्रतिशत है। यह 2019-20 में किए आबंटन का लगभग तीन गुना होगा। सुश्री सीतारमण ने संकेत किया कि केन्द्र द्वारा प्रत्यक्ष पूंजी निवेश के साथ ही राज्यों को पूंजीगत परिसंपत्तियों के सृजन हेतु अनुदान की व्यवस्था भी की गई है जिससे 'प्रभावी पूंजी खर्च' 13.70 लाख करोड़ हो जाएगा। उन्होंने उचित ही इस बात पर जोर दिया कि उनकी सरकार का ध्यान पूंजीगत खर्च पर है क्योंकि इससे वृद्धि की क्षमता बढ़ती है, रोजगारों का सृजन होता है, निजी निवेश तेजी से आकर्षित होता है तथा विपरीत वैश्विक परिस्थितियों से निपटने में सहायता मिलती है। बजट के बारे में अच्छी बात यह है कि इसने मध्य वर्ग से लेकर अमीरों व एमएसएमई से लेकर बड़े निगमों तक सबको कुछ न कुछ दिया है, पर इसके बावजूद राजकोषीय व्यावहारिकता बनाए रखी गई है। 2023-24 में राजकोषीय घाटे को जीडीपी के 5.9 प्रतिशत तक सीमित रखते हुए सुश्री सीतारमण ने वादा किया कि 'राजकोषीय मजबूती के रास्ते पर चलते हुए 2025-26 तक राजकोषीय घाटे को 4.5 प्रतिशत पर लाने का लक्ष्य है।' वैसे भी राजकोषीय घाटा 2021-22 में 6.7 प्रतिशत से घट कर 2022-23 के संशोधित बजट अनुमान में 6.4 प्रतिशत पर आ गया है। संक्षेप में कहा जाए तो बजट 2023-24 अच्छा बजट है जिसमें समाज के सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है।

# अफगानिस्तान में नया ग्रेट गेम

पाकिस्तान परोक्ष रूप से विभिन्न संगठनों द्वारा आतंकी हमले कर भारत-अमेरिका रणनीतिक संबंधों की परीक्षा लेने का प्रयास कर सकता है।


निष्ठा कौशिकी


निखिल शर्मा



अफगानिस्तान से अमेरिकी सैनिकों की वापसी के बाद अमेरिका व पाकिस्तान के रणनीतिक संबंधों में गिरावट आई है। लेकिन पाकिस्तान के टीटीपी से संघर्ष, चीन-प्रायोजित आर्थिक संकट तथा आईएमएफ द्वारा कर्ज पैकेज से इनकार के बाद पाकिस्तान में अमेरिका की दिलचस्पी बढ़ गई है। अमेरिकन दिलचस्पी के अनेक कारण हैं जिनका गहरा संबंध दक्षिण व मध्य एशिया के इतिहास से है। इस्लामाबाद द्वारा तालिबान के सक्रिय समर्थन के बावजूद अमेरिका की दिलचस्पी बहु-प्रतीक्षित वित्त व सैनिक समर्थन के रूप में सामने आ सकती है, जैसा कि उसने अतीत में किया है। वर्तमान घटनाक्रम से वाशिंगटन को अवसर मिल गया है जिससे वह छलांग लगा कर दोनों क्षेत्रों में अपनी रणनीतिक पकड़ मजबूत कर सकता है। पाकिस्तान इन दोनों क्षेत्रों के निकट है। स्पष्ट रूप से कहा जाए तो रूस के दक्षिण और उसके 'रणनीतिक पिछवाड़े' या मध्य एशिया में उसकी स्थिति तुलनात्मक रूप से महत्वपूर्ण है। ऐतिहासिक रूप से अमेरिका व पाकिस्तान के साथ चीन भी था क्योंकि सोवियत संघ के खिलाफ उनके साझा हित थे। इसके साथ ही वे दक्षिण एशियाई क्षेत्र में भारत के राजनीतिक व भू-रणनीतिक प्रभाव को सीमित रखना चाहते थे। पाकिस्तान के दृष्टिकोण से अमेरिका की दिलचस्पी उसे 'भू-रणनीतिक महत्व' में आगे रखती थी और इससे उसे भारत के खिलाफ सैनिक मुकाबले में सहायता मिलती थी। 1954 में अमेरिका सरकार ने अपने परस्पर रक्षा सहायता समझौते के अंतर्गत उसे 500 मिलियन डालर का सैनिक सहायता पैकेज दिया था। इसके बाद वर्ष 1967 से 1980 तक अमेरिका ने उसे लगभग 6 बिलियन डालर की सैनिक व तकनीकी सहायता दी थी।

पाकिस्तान ने इस सहायता का प्रयोग भारतीय हितों के खिलाफ किया। इस प्रकार उसने जिम्मेदारी टालने का दृष्टिकोण अपनाया जो उसके आंतरिक व विदेशी नीति संतुलन की तुलना में बेहतर था। हर टकराव के पहले पाकिस्तान उम्मीद करता था कि अमेरिका उसकी सुरक्षा की गारंटी करे। पहले मामले में, 1965 के युद्ध से पहले अयूब खान ने मांग की थी कि अमेरिका भारत के 'आक्रमण' के खिलाफ पाकिस्तान की सुरक्षा की गारंटी करे। यह अमेरिका के साथ उसके गठबंधन की स्थिति में अनिवार्य गारंटियों का आवश्यक तत्व था। हालांकि, पाकिस्तान युद्ध में हार गया, पर अमेरिकन सैनिक सप्लाई से उसे यह विश्वास पैदा हुआ कि वह भारत के खिलाफ लड़ सकता है। लेकिन जल्द ही इस्लामाबाद ने भी समझ लिया कि वाशिंगटन उसे भारत के खिलाफ 'ब्लैंक चेक' नहीं देगा। 1971 के युद्ध में स्थितियां फिर भारत के खिलाफ बन गईं।

हालांकि, पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ 1971 में युद्ध छेड़ा था, पर अमेरिका के सातवें बेड़े ने सुनिश्चित किया कि भारत पूर्वी पाकिस्तान को आजाद कराने के बाद पाक अधिकृत कश्मीर-पीओके पर कब्जे का विचार न करे। बाद में अफगानिस्तान पर सोवियत हमले के बाद पाकिस्तान को 1980 से 1990 तक 3.2 बिलियन डालर की वित्तीय सहायता मिली जिससे उसने मुजाहिदीन को सोवियत संघ के खिलाफ लड़ने के लिए तैयार किया। इसके साथ ही अमेरिका ने पाकिस्तान को एफ-16 लड़ाकू विमान भी दिए। नाभिकीय परीक्षणों के बाद पाकिस्तान ने यही दृष्टिकोण अपनाया और उसने हमेशा इस्लामिक देशों का प्रयोग नाभिकीय हथियार प्राप्त करने में यथास्थिति बनाए रखने के लिए किया। इस प्रकार नाभिकीय ब्लैकमेल से उसे काफी लाभ मिला। कारगिल संकट और संसद पर आतंकी हमलों के पश्चात भारत की पाकिस्तान के खिलाफ सीमित सैनिक कार्रवाई की तैयारी के बाद अमेरिका ने 'सामान्य स्थिति' बहाली के नाम पर हस्तक्षेप कर भारत की प्रतिक्रिया को काफी सीमित कर दिया।

9-11 के बाद अमेरिका व पाकिस्तान फिर टैक्टिल रूप से एक दूसरे के निकट आए। पाकिस्तान प्रमुख गैर-नाटो सहयोगी बन गया और सिप्री के आंकड़ों के अनुसार 2002-14 के बीच उसने 5.81 बिलियन डालर की सैनिक सहायता प्राप्त की जिसमें 3.2 बिलियन डालर हथियारों की बिक्री के लिए था। एबटाबाद में ओसामा के मारे जाने के बाद सीआरएस रिपोर्ट के अनुसार, 2014-15 में वित्तीय व सैनिक सहायता में 40 प्रतिशत कमी आई। अफगानिस्तान से अमेरिका के जाने के पहले वाशिंगटन राजनयिक व रणनीतिक रूप से इस्लामाबाद पर निर्भर था जो उस पर क्षेत्र से सुरक्षित निकासी के लिए तालिबान से वार्ता के लिए दबाव डाल रहा था। इस प्रक्रिया में उसने स्वयं व तालिबान को क्षेत्र में महत्वपूर्ण पक्ष बना दिया। पाकिस्तान की केस स्टडी से स्पष्ट है कि कमजोर देश महाशक्तियों की असुरक्षाओं व अंतरराष्ट्रीय राजनीति के कुप्रबंधन पर फलते-फूलते हैं। वर्तमान समय में पाकिस्तान में अमेरिका की फिर से जागी दिलचस्पी का कारण रूस व पाकिस्तान के बीच ऐतिहासिक संबंध तथा रूस, चीन व पाकिस्तान के बीच त्रिकोणीय स्थितियां हैं। यूक्रेन युद्ध शुरू होने के काफी पहले से ही रूस पाकिस्तान को सकारात्मक संकेत दे रहा था। 2010 के मध्य में ईरान-पाकिस्तान पाइपलाइन की खबरों के साथ ही रूस, चीन, पाकिस्तान व ईरान के बीच व्यापक निकटता पैदा हुई। 2015 में रूस ने पाकिस्तान पर लगी हथियारों की ब्रिकी से प्रतिबंध हटा लिया। इसके बाद से दोनों देशों के बीच रणनीतिक संबंधों का विस्तार हुआ है। इसके चलते एक रक्षा समझौता हुआ है, एमआई-35एम हाइंड-ई हेलीकाप्टरों की सप्लाई हुई है तथा 2018 में हुए 'विरल सैनिक सहयोग समझौते' पर हस्ताक्षर के साथ संयुक्त सैनिक अभ्यास भी हुए हैं। पाकिस्तान के सैनिक आयुधों में रूस के क्लिमोव आरडी-93 इंजन भी शामिल हैं जिनका प्रयोग जेएफ-17 थंडर विमानों में होता है।

रूस ने पुन: ईरान व पाकिस्तान की पाइपलाइन राजनीति में दिलचस्पी दिखाई है और वह पाकिस्तान को कच्चा तेल बेचने का इच्छुक है। यह समझौता 'मित्र देशों की मुद्रा' में हो सकता है जिससे रूस के खिलाफ पश्चिमी प्रतिबंधों को धक्का लग सकता है। इसके साथ ही कजाखिस्तान-पाकिस्तान पाइपलाइन भी स्थितियां उलटने व नए ऊर्जा ढांचे तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। दूसरे दृष्टिकोण से 'व्यावहारिक संबंधों' पर रूस व पाकिस्तान समझौते से दोनों क्षेत्रों में अफगान तालिबान का मुद्दा भी गंभीर हो सकता है। उल्लेखनीय है कि अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति, 2022 में आतंकवाद के मुद्दे पर जोर दिया गया है, पर जानबूझ कर पाकिस्तान के आतंकी संगठनों तथा आतंक के स्रोत के तौर पर उसका नाम नहीं लिया गया है, हालांकि इसमें चुनौती के रूप में तालिबान का उल्लेख है। यह दस्तावेज 'विश्वस्त साझीदारों के बीच सहयोग व समर्थन' बढ़ाने तथा रणनीति में परिवर्तन कर इसे 'अमेरिका-नीत, साझीदार-सक्षम' के बजाय 'साझीदार-नीत, अमेरिका-सक्षम' करने के पक्ष में है। इससे संकेत मिलता है कि अमेरिका रूस-चीन संबंधों में उभरते विरोधों का लाभ उठाने में दिलचस्पी दिखा रहा है जो यूक्रेन युद्ध के परिणामस्वरूप पैदा हुए हैं। इसके साथ ही अमेरिका आने वाले दिनों में सी5प्लस1 राजनयिक मंच के माध्यम से मध्य एशिया में अपनी उपस्थिति दर्ज कराना चाहता है जिसमें कजाखिस्तान, किर्गीज़ गणराज्य, ताजिकिस्तान, तुर्कमानिस्तान, उज्बेकिस्तान व अमेरिका शामिल हैं।

अब यह समझने की जरूरत है कि पाकिस्तान आतंकवाद समाप्त करने की अमेरिका की बदली रणनीति में कहां है? पाकिस्तान रूस, अमेरिका और चीन की असुरक्षाओं व भय का कैसे लाभ उठा सकता है? पाकिस्तान को इस नए उभरते ग्रेट गेम में सैनिक व वित्तीय पैकेज कैसे मिल सकते हैं? क्या अफगान तालिबान, तहरीके तालिबान पाकिस्तान-टीटीपी व अन्य इस्लामी समूहों को अंतत: कुचल दिया जाएगा? क्या अफगानिस्तान पर फिर 1979-80 की तरह एक और हमला होगा? भारतीय दृष्टिकोण से देखें तो टीटीपी को कुचलने के लिए अमेरिका के साथ समन्वय बनाने के साथ पाकिस्तान भारत-अमेरिका रणनीतिक संबंधों की परीक्षा के लिए कश्मीर में परोक्ष रूप से आतंकी हमले करने पर विचार कर सकता है। यदि ऐसा होता है तो क्या अमेरिका फिर 'सामान्य स्थिति बहाली' के नाम पर तटस्थ रहेगा? अमेरिका व रूस के संबंध में पाकिस्तान की सुनियोजित रणनीति है कि वह भारत के खिलाफ अपनी सुरक्षा बढ़ाने के लिए इनका प्रयोग कर सकता है। भारत द्वारा किसी दु:साहस के जवाब में वह सैनिक व वित्तीय पैकेज प्राप्त कर सकता है और अंतत: अमेरिका-चीन दुश्मनी की धार कम कर सकता है। इन सभी स्थितियों के कारण महत्वपूर्ण भावी घटनाक्रमों मूं भारत को अपने विकल्प निर्धारित करने में कठिनाई हो सकती है। उभरती विभाजक रेखाओं से हमें अमेरिकन गणितज्ञ जान एलेन पालुस याद आते हैं। उन्होंने कहा था, 'अनिश्चितता ही एकमात्र निश्चितता है और इस असुरक्षा के साथ जीना सीखना ही एकमात्र सुरक्षा है।'

# उद्योग के लिए हानिकारक विघटनकारी प्रयोग

"व्यवधान होने के लिए एक कंपनी को एक उपेक्षित ग्राहक आधार को लक्षित करना होगा, उत्पाद या सेवा का सही फिट प्रदान करना होगा।"


हिमा बिंदू कोटा
(लेखिका एक स्तम्भकार हैं)

नवाचार, जो किसी मौजूदा उत्पाद या विचार पर उन्नति है, निरंतर सुधार के लिए एक शर्त है। लेकिन एक विघटनकारी नवाचार उद्योग को एक बार में हिला देता है। व्यापार में विघटनकारी नवाचार कोई नई अवधारणा नहीं है। इसका जन्म 1995 में हुआ जब इसे नवाचार पर दुनिया के अग्रणी विचारकों में से एक क्रिस्टेंसन ने अपने सह-लेखकों के साथ प्रस्तावित किया था।

हालांकि, वर्षों से, इस अवधारणा को गलत समझा गया है। यह आम तौर पर एक ऐसी स्थिति में गलत तरीके से लागू किया गया है जहां उद्योग के मानदंडों को हिला दिया गया है और मौजूदा खिलाड़ियों में हड़कंप मच गया है। और यहां पकड़ है। मूल रूप से, क्रिस्टेंसेन ने व्यवधान की अवधारणा को डेविड और गोलियथ स्थिति की तरह अधिक समझा - कम संसाधनों वाली एक छोटी कंपनी एक स्थापित व्यवसाय को सफलतापूर्वक चुनौती दे रही है। अपने मौजूदा बहुसंख्यक लक्ष्य ग्राहक आधार को बनाए रखने के प्रयास में स्थापित व्यवसाय, मुख्य रूप से अपने वर्तमान उत्पादों या सेवाओं को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित करते हैं और बड़े पैमाने पर अन्य बाजार क्षेत्रों की उपेक्षा करते हैं। नए प्रवेशकर्ता जो इस अंतर को महसूस करते हैं वे अनदेखी किए गए सेगमेंट के लिए आकर्षक उत्पाद या सेवाएं प्रदान करते हैं।

जबकि स्थापित व्यवसाय इन नए प्रवेशकों पर ध्यान नहीं देते हैं, वे धीरे-धीरे अपमार्केट में पैठ बनाते हैं, अधिकांश ग्राहकों को समान उत्पाद या सेवाएं प्रदान करते हैं, जबकि उनके पहले के लाभ-कम कीमतों को बनाए रखते हैं। एक बार जब ये मुख्यधारा के ग्राहक बड़ी मात्रा में नए उत्पादों या सेवाओं को अपना लेते हैं, तो कोई कह सकता है कि व्यवधान उत्पन्न हुआ है। क्रिस्टेंसन के अनुसार, विघटनकारी नवाचारों की संभावना इसलिए पैदा होती है क्योंकि स्थापित व्यवसाय निम्न-अंत और नए बाजारों दोनों की उपेक्षा करते हैं। अधिक लाभदायक होने के प्रयास में, स्थापित व्यवसाय उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों और सेवाओं के साथ मुख्यधारा के ग्राहकों को प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं और अपने मौजूदा उत्पादों और सेवाओं को अपग्रेड करने, बढ़ाने और पूर्ण करने में संसाधन लगाते हैं, जबकि कम अंत वाले बाजार की उपेक्षा करते हैं। इस अवसर को भांपते हुए, नए प्रवेशकर्ता कम लागत वाले व्यवसाय मॉडल का उपयोग करके इस अंतर में प्रवेश करते हैं। एक लो-एंड डिसरप्टर इस सेगमेंट में मार्केट शेयर छीन लेता है और स्थापित व्यवसायों को अपमार्केट में धकेल देता है। इसके अतिरिक्त, उपभोक्ताओं के लिए कम कीमत और स्वीकार्य गुणवत्ता पर नए उत्पाद विकसित करके, जहां कोई अस्तित्व नहीं था, नए बाजार बनाकर व्यवधान उत्पन्न हो सकता है। पर्सनल कंप्यूटर और बाद में स्मार्टफोन का आगमन नए बाजार में व्यवधान के आदर्श उदाहरण हैं।

मेनफ्रेम के रूप में जाने जाने वाले पहले कंप्यूटर विशाल और बहुत महंगे थे। 2 मिलियन डॉलर तक की लागत और एक पूरे कमरे को भरने जितना बड़ा आकार के साथ, कंप्यूटिंग तकनीक आम आदमी के लिए सीमा से बाहर थी। पर्सनल कंप्यूटर के आविष्कार के साथ, मशीन का एक छोटा और सस्ता टुकड़ा, व्यक्तियों का एक नया बाजार खंड बनाया गया था।

इन वर्षों में, अपनी क्षमताओं में निरंतर सुधार के साथ, एक विनम्र व्यक्तिगत कंप्यूटर ने मेनफ्रेम कंप्यूटरों को लगभग अप्रचलित बना दिया। नए बाजार व्यवधान में अगला कदम स्मार्टफोन का उभरना है, जो दो स्तरों पर व्यवधान पैदा कर रहे हैं। एक, पर्सनल कंप्यूटर की लागत के एक अंश पर फोन में इंटरनेट का उपयोग करने की क्षमता पर्सनल कंप्यूटर के उपयोग को कम आवश्यक बना रही है। दो, स्मार्टफोन की फोटो लेने की क्षमता डिजिटल फोटोग्राफी उद्योग को बाधित करने के लिए तैयार है। हालांकि, वर्षों से, उपरोक्त अवधारणा का दुरुपयोग कई लोगों द्वारा किया गया है जिन्होंने इस धारणा के बारे में गंभीरता से विचार नहीं किया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर, उबेर को एक व्यवधान के रूप में देखा गया है। यह उन उपभोक्ताओं को जोड़ने के लिए मोबाइल एप्लिकेशन का उपयोग करता है, जिन्हें राइड की आवश्यकता होती है, जो उन्हें प्रदान करने के इच्छुक हैं। 2009 में स्थापित, कंपनी ने शानदार विकास का आनंद लिया है और अभी भी विस्तार कर रही है। इसने फंडिंग राउंड और बढ़ते मूल्यांकन के साथ जबरदस्त वित्तीय सफलता की सूचना दी है। बेशक, उबर ने परिवहन के कारोबार को बदल दिया है।

लेकिन क्या इससे व्यवधान आया है? व्यवधान होने के लिए, एक कंपनी को एक उपेक्षित ग्राहक आधार को लक्षित करना होता है, आमतौर पर कम लागत पर उत्पाद या सेवा का सही फिट प्रदान करना होता है। उबेर ने अंतिम उपयोगकर्ताओं, यानी कैब सेवाओं को लेने वाले ग्राहकों को सेवा प्रदाताओं से जोड़ा। इसलिए, उबेर ने व्यवधान पैदा करने वाली दो शर्तों में से किसी को भी पूरा नहीं किया - सबसे पहले, यह उस बाजार खंड को अपने दायरे में नहीं लाया जो कैब सेवाओं का उपयोग नहीं करता था; और दूसरी बात, कैब और टैक्सी सेवाएं निश्चित रूप से कोई नया बाज़ार नहीं थीं। अंत में, उबर से कार उद्योग को कोई खतरा नहीं है।

सिलिकॉन वैली में प्रचलित एक प्रसिद्ध उद्धरण 'बाधित या बाधित' यह सब कहते हैं। सभी व्यवसाय लगातार नए नवोन्मेषी विचारों, उत्पादों या व्यवसाय मॉडल के साथ विघटनकारी बनने के अवसरों की तलाश में रहते हैं। परन्तु विघ्न डालने वाले विरले ही बन पाते हैं। विघटनकारी नवाचार जटिल और महंगे उत्पादों या सेवाओं को सरल और उचित विकल्पों में बदल देता है। हालांकि बहुत समय लेने वाला और अत्यधिक जोखिम भरा, व्यवधान पैदा करना किसी भी उद्योग की सीमाओं को आगे बढ़ाकर मौजूदा स्थापित उत्पादों और सेवाओं को हिला देता है।

## आप की बात

### गुलामी के प्रतीक

**ग्रेट ब्रिटेन** के औपनिवेश में कभी रहे देशों में से 15 देश ऐसे हैं जहां आज भी न सिर्फ संवैधानिक राजतंत्र के तहत परोक्ष रुप में ब्रिटिश हुकूमत चल रही है, बल्कि ब्रिटिश सम्राट चार्ल्स को आज भी ये देश अपना राजा मानते हैं। लेकिन ऑस्ट्रेलिया। में 26 जनवरी को वहां के मूलनिवासी एवं आदिवासियों ने अंग्रेज़ों के स्वागत में मनाए जाने वाला विशेष दिन का धरना-प्रदर्शन के जरिये विरोध किया था। लगता है उस विरोध का असर अब दिखना शुरू हो गया है। ऑस्ट्रेलिया सरकार ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है कि अपने 5 डालर के नोट पर महारानी एलिजाबेथ के चित्र को हटा दिया जायेगा। इसके स्थान पर एक नए डिजाइन का प्रयोग होगा जो स्वदेशी संस्कृति को दर्शाता हो। नोट के दूसरे हिस्से में ऑस्ट्रेलियाई संसद की तस्वीर बनी रहेगी। धीरे-धीरे बाकी नोटों से भी ब्रिटिश राजघराने को बाहर कर दिया जायेगा। बहुत संभव है कि जल्द ही 26 जनवरी अब छुट्टियों का दिन न रहे। इस प्रकार अंग्रेज़ों के स्वागत में स्तुतिगान का दिन अब ऑस्ट्रेलिया में इतिहास के पन्नों में सिमटने जा रहा है। गुलामी के प्रतीकों से मुक्ति का स्वागत किया जाना चाहिए और भारत में अंध मोदी-विरोधियों को भी यह बात समझनी चाहिए।

**जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### कल्याणकारी बजट

**अर्थव्यवस्था** के कोरोना से उबर आने के चलते यह स्पष्ट था कि इस बार का आम बजट कुछ भिन्न होगा। मोदी सरकार के वर्तमान कार्यकाल का आखिरी पूर्ण बजट प्रस्तुत करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने स्पष्ट किया कि सरकार लोकलुभावन राजनीति से दूर रहेगी। यह इसलिए उल्लेखनीय है क्योंकि कुछ राजनीतिक दल रेवड़ी संस्कृति को बढ़ावा देने में लगे हुए हैं। यह बजट आने वाले 25 वर्षों में देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को रेखांकित भी करता है। बजट के माध्यम से स्पष्ट है कि सरकार विकास दर के साथ खपत बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए उसने आधारभूत ढांचे को विकसित करने हेतु बजट आवंटन को बढ़ाकर 10 लाख करोड़ रुपए करने की घोषणा की है जो पिछले वर्ष की तुलना में 33 प्रतिशत अधिक है। आम बजट ग्रामीण विकास और शहरी विकास के साथ सामाजिक विकास पर भी केंद्रित है। बजट घोषणाओं को जमीन पर उतारने के लिए अतिरिक्त ध्यान दिया जाना दिया जाना चाहिए क्योंकि घोषणाओं के तत्काल जमीनी क्रियान्वयन से जनता को लाभ होगा तथा चुनावी राजनीति पर सच्ची अर्थनीति को बढ़ावा मिलेगा।

**सदन जी,** पटना


### चिकित्सक को सम्मान

**गणतंत्र** दिवस की पूर्व संध्या पर जब राष्ट्र अपने कर्मवीरों के सम्मानों का एलान कर रहा था। इन कर्मवीरों की सूची में मध्यप्रदेश जबलपुर के डॉक्टर मुनीश्वर चंदर डावर भी शामिल थे। वे आम लोगों का इलाज बहु कम फीस पर करते हैं। मात्र 20 रु में चिकित्सकीय सेवा देने का यह कार्य बरसों से जारी है। पहले वे यह कार्य मात्र 2 रु में करते थे। इस महान शख्स को भारत सरकार ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर देश के चौथे बडे पुरुस्कार पद्म श्री से सम्मानित किया है। डॉक्टर मुनीश्वर चंदर डावर को मिला यह सम्मान आमजन को सस्ती स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के मानवीय एवं नेक कार्य के परिणाम स्वरूप दिया गया है। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में 16 जनवरी 1946 को जन्मे डॉक्टर मुनीश्वर विभाजन के बाद भारत आ गए। जबलपुर से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की। वे सेना में भी रहे हैं। 1971 में भारत पाकिस्तान युद्ध के दौरान भारतीय सेना में उन्होंने अपना अमूल्य योगदान दिया है। जनता के चिकित्सक के इस सम्मान से स्वयं पुरस्कार तथा उसका निर्धारण करने वालों का भी गौरव बढ़ा है।

**नरेंद्र तिवारी,** बड़वानी

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया





**यह** अब तक के सबसे अच्छे बजटों में से एक है, सचमुच समावेशी तथा समाज के हर वर्ग का ध्यान रखने वाला।

– **अनिल अग्रवाल**
वेदांता के अध्यक्ष

**यह** लापरवाह बजट है जिसने बहुसंख्य जनता की उम्मीदों के साथ धोखा किया है।

– **पी. चिदम्बरम**
पूर्व वित्त मंत्री





**भारत** या इस्राइल में पूजा करते समय लोगों को नहीं मारा जाता है, पर पाकिस्तान में ऐसा होता है।

– **ख़्वाजा आसिफ़**
पाकिस्तानी रक्षा मंत्री

# मरचेहड़ी गांव में सरस्वती सरोवर की खुदाई में मिला तीन रंगा रेत : धुमन

## सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड की तकनीकी टीम ने लिए रेत के सैंपल

### सरस्वती सरोवर से होगा तीन करोड़ लीटर पानी रिचार्ज

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र


गांव मरचेहड़ी में सरस्वती तालाब के निर्माण कार्य का शुभारंभ करते हरियाणा सरस्वती धरोहर बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह।

**हरियाणा** सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने कहा कि गांव मरचेहड़ी में सरस्वती सरोवर की खुदाई के दौरान प्राचीन समय के रेत का बैड मिला है। इस साइट से सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड की टीम ने रेत के सैंपल एकत्रित किए है। इन सैंपलों को लैब में भेजा गया है। इसकी रिपोर्ट से खुलासा होगा है कि यह रेत सरस्वती नदी के समय का है या नहीं।

अहम पहलू यह है कि यह तीन रंगा रेत सरस्वती खुदाई में आदि बद्री, मुगलवाली व बिहोली गांव में मिले रेत जैसा प्रतीत हो रहा है। उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच शुक्रवार को गांव मरचेहड़ी में सरस्वती सरोवर के निर्माण कार्य के शुभारंभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे।

इससे पहले उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने गांव मरचेहड़ी में खुदाई के दौरान मिले तीन रंगा रेत को देखा तो वह आश्चर्यचकित रह गए। उन्होंने तुरंत इस रेत के नमूने लेने के लिए बोर्ड के अधीक्षण अभियंता अरविंद कौशिक, कार्यकारी अभियंता मनीष बब्बर, बोर्ड की शोध अधिकारी डा. दीपा को मौके पर बुलाया। इस तकनीकी टीम ने तीन रंगा रेत के नमूने एकत्रित करके रेत की डेटिंग करने के लिए लैब में भेज दिए है। इस कार्रवाई के उपरांत उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने गांव मरचेहड़ी में सरस्वती सरोवर के निर्माण कार्य का विधिवत रूप से शुभारंभ किया। उपाध्यक्ष ने कहा कि कुरुक्षेत्र के लिए यह एक अच्छी खबर है कि सरस्वती सरोवर की खुदाई के दौरान प्राचीन समय का रेत का बैड मिला है।

यह रेत संभवत: सरस्वती नदी के समय का रेत है, क्योंकि इससे पहले इस प्रकार का रेत आदि बद्री उदगम स्थल मुगलवाली और बिहोली में भी मिल चुका है। इसकी रिपोर्ट आने के बाद ही रेत की प्राचीनता का पता लग पाएगा। उन्होंने कहा कि गांव मरचेहड़ी और रामपुरा के पास बनने वाले सरस्वती सरोवर से 3 करोड़ लीटर पानी का रिचार्ज होगा।

यह सरोवर पंचायत की खाली पड़ी पांच एकड़ भूमि पर बनाया जा रहा है। इस जगह पर एक घाट का निर्माण भी किया जाएगा।

इससे पहले बोर्ड द्वारा 8 लाख करोड़ और दो करोड़ पानी के रिर्चाज के सरोवरों का निर्माण किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि इस जिले को डार्क जोन से निकालने के लिए सरस्वती चैनल के नजदीक बन रहे सरस्वती सरोवर वरदान साबित होंगे। इस समय इस क्षेत्र का वाटर लेवल लगभग 150 मीटर नीचे है और उन्हें उम्मीद है कि इन सरोवरों से भूजल स्तर में सुधार होगा।

# राम रहीम को लगातार पैरोल सजा पूरी कर चुके सिखो को रिहा नहीं कर रही सरकार : अजराना


बैठक को संबोधित करते हरियाणा सिख परिवार के प्रदेशाध्यक्ष कवलजीत सिंह अजराना।

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**हरियाणा** सिख परिवार के प्रदेशाध्यक्ष और शिरोमणि अकाली दल हरियाणा स्टेट के वरिष्ठ नेता कवलजीत सिंह अजराना के नेतृत्व में सिख संगत ने जेल में बंद सिखों की रिहाई की मांग को लेकर बैठक की।

बैठक में संगत ने सरकार पर दोहरे मापदंड अपनाने का आरोप लगाया। अजराना ने कहा कि सजा पूरी करने के बाद बंदी सिखों की रिहाई नहीं हुई है। संगत पिछले लंबे समय से सरकार से बंदी सिखो को रिहा करने की मांग कर रहे है। उन्होंने कहा कि दुष्कर्म के मामलों में दोषी बाबा राम रहीम को लगातार पैरोल दी जा रही है, जबकि सजा पूरी होने के बाद भी जेल में बंद सिख रिहाई का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने सिखों की रिहाई के लिए यह लड़ाई शुरू की है और वे अब केंद्र सरकार से न्याय चाहते हैं। अजराना ने कहा कि केंद्र सरकार सिख समाज की जायज मांगों को पूरा नहीं कर रही है, जबकि हत्या और बलात्कार मामले में दोषी डेरा मुखी को जेल से बाहर निकाला जा रहा है। यहां तक कि दिवंगत प्रधानमंत्री राजीव गांधी के हत्यारों को भी रिहा कर दिया गया है, तो सिख कैदी सजा पूरी करने के बाद भी अभी तक जेलो में क्यों बंद हैं। इस मौके श्रीहेमकुंठ साहिब सेवा सोसायटी के चेयरमैन तजिंदर सिंह मक्कड़ के अलावा विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त-समाचार

### बच्चों को वितरित किया शहद व शैंपो


बच्चों को शैंपो देते ट्रस्ट के पदाधिकारी।

**कुरुक्षेत्र।** आजादी के 75वें अमृत महोत्सव के उपलक्ष में स्वस्थ भारत, स्वस्थ समुदाय अभियान के तहत सेवा ट्रस्ट यूके द्वारा राजकीय प्राथमिक विद्यालय समसीपुर में पढ़ने वाले सभी बच्चों को डाबर टूथपेस्ट, डाबर वाटिका शैम्पो और डाबर शहद वितरित किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के मुख्याध्यापक गेजपाल ने की। उन्होंने सभी अतिथियों का स्वागत किया। जिला कोआर्डिनेटर पवन मित्तल ने बताया कि ट्रस्ट समाज में शिक्षा, रक्तदान, पौधारोपण और विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों की कैरियर काउंसलिंग के कार्य करने में हमेशा तत्पर है। संस्था ने अपनी को-स्पोंसर डाबर इंडिया लिमिटेड की तरफ से समस्त बच्चों को डाबर टूथपेस्ट, शैम्पू ओर शहद भेंट किए, जिसे पाकर सभी बच्चों के चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर राजेश सैन और दिलबाग ने भी सेवा ट्रस्ट के कार्य बारे विस्तार से बताया।

### नि:शुल्क चिकित्सा शिविर मथाना में छह को

**कुरुक्षेत्र।** आदेश अस्पताल व मेडिकल कॉलेज की ओर से निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन छह फरवरी को गांव मथाना में डाकखाना के साथ स्थित नीम वाली धर्मशाला में किया जाएगा। अस्पताल के एमडी डा. गुणतास सिंह गिल ने बताया कि इस कैंप में आदेश अस्पताल के विशेष चिकित्सकों द्वारा आंख-कान रोग, हड्डी रोग, महिलाओं से जुड़े रोग, दंत रोग आदि की जांच कर दवाईयां भी नि:शुल्क वितरित की जाएंगी। उन्होंने ग्रामीणों को इस कैंप का लाभ लेने की अपील की है। उन्होंने बताया कि आदेश ग्रुप के चेयरमैन डॉ. एचएस गिल की सोच है कि ग्रामीण क्षेत्र के लोग भी बेहतरीन चिकित्सा सुविधाओं का लाभ ले सकें, इसलिए आदेश की ओर से हर सप्ताह किसी ने किसी गांव में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाता है।

### भजनों पर भाव-विभोर हुई संगत


आयोजक परिवार को स्मृति चिन्ह देते गौरव बेदी व अन्य।

**शाहाबाद मारकंडा।** श्री गुरू रविदासजी के प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य में श्रीगुरू रविदास मंदिर एवं धर्मशाला सभा स्टेशन माजरी द्वारा निकाली जा रही प्रभातफेरियों की श्रृंखला में शुक्रवार की प्रभातफेरी रघबीर सिंह के परिवार की तरफ से श्रीगुरू रविदास मंदिर प्रांगण में आयोजित की गई। प्रभातफेरी में भाजपा युवा नेता और पूर्व मंत्री कृष्ण बेदी के पुत्र गौरव बेदी बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए। प्रभातफेरी प्रात: मंदिर परिसर से चलकर स्टेशन माजरी की परिक्रमा करते हुए पुन: मंदिर परिसर में पहुंची, जहां पर संगत ने पुष्प वर्षा से पालकी का स्वागत किया। भजनों की श्रृंखला में भजन गायक मास्टर राम अवतार, रामजस ठाकुर, नरेश राठी, अजय गोगी, नरेन्द्र, सोनू, एकता, शिवानी, अमृत लाल, सुरेंदर, स्वीटी रंगा ने श्रीगुरु रविदासजी के सुंदर सुंदर भजन गाकर आई हुई संगत को निहाल किया। वहीं रघबीर सिंह द्वारा गाए गए भजन 'गुरु जी जल्दी से आ अब देर न लगा पर' आई हुई संगत भाव विभोर हो गई। प्रभातफेरी के समापन पर आयोजक परिवार को मंदिर सभा की तरफ से गौरव बेदी, मुलखराज गुंबर, अधिवक्ता वीरेंद्र बिंदा, जगमाल गोलपुरा व मंदिर सभा के प्रधान रामजस ठाकुर ने स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

# पिछड़ा वर्ग कल्याण महासभा की महापंचायत करनाल में कल

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र


महापंचायत का न्यौता देते महासभा के प्रदेशाध्यक्ष प्रो. रामचंद्र लिम्बा व अन्य।

**पिछड़ा** वर्ग कल्याण महासभा हरियाणा के तत्वाधान में पांच फरवरी को करनाल में महापंचायत का आयोजन किया जाएगा। महापंचायत का निमंत्रण देने पहुंचे महासभा के प्रदेशाध्यक्ष प्रो. रामचंद्र लिम्बा व महासचिव इंद्र सिंह जाजन वाला ने पिछड़ा वर्ग की प्रदेश स्तरीय धर्मशाला कमेटियों से मुलाकात की और उन्हें महापंचायत का न्योता दिया।

प्रदेशाध्यक्ष प्रो. लिम्बा ने बताया कि पिछड़ा वर्ग के हितों के लिए 15 सूत्रीय मांगों को पूरा करवाने के लिए महापंचायत का आयोजन किया गया है। इंद्र सिंह ने बताया कि पिछड़ा वर्ग कल्याण महासभा हरियाणा के तत्वावधान में पिछड़ा वर्ग के लोगों के हक अधिकार की लड़ाई लड़ी जा रही है और पिछड़ा वर्ग की प्रमुख मांगों जैसे असंवैधानिक क्रीमीलेयर अधिसूचना 17 नवंबर 2021 को रद्द कर भारत सरकार की 1993 की अधिसूचना को लागू करने, पिछड़ा वर्ग के लोगों को नौकरियों सहित सभी क्षेत्रों में आबादी के अनुपात में आरक्षण देने, मंडल कमीशन की सभी शिफारिशें लागू करने, बिहार की तर्ज पर हरियाणा में जाति आधारित जनगणना करवाने, विभिन्न विभागों में बीसी बैकलॉग पर सरकार श्वेत पत्र जारी करने, बैकलॉग भरने तथा हरियाणा पिछड़ा वर्ग आयोग का पुनर्गठन कर इसके सभी सदस्य पिछड़ा वर्ग से ही लिए जाने की 15 सूत्रीय मांगों को पूरा करने के लिए आंदोलन शुरू किया जाएगा।

# फूसगढ़ गोशाला में डिविजनल कमिश्नर की अध्यक्षता में कमेटी ने किया दौरा

पायनियर समाचार सेवा। करनाल


गोशाला में जांच करने पहुंचे हाई लेवल कमेटी सदस्य।

**नगर** निगम की फूसगढ़ गोशाला में गोवंश की मौत पर हरियाणा सरकार द्वारा गठित की गई हाई लेवल कमेटी शुक्रवार को गोशाला पहुंची। डिविजनल कमिश्नर डॉ. साकेत कुमार की अध्यक्षता में गठित कमेटी ने गोशाला का दौरा किया। अलग-अलग फैक्ट की जांच की और कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

डिविजनल कमिश्नर डॉ. साकेत कुमार ने कहा कि गोवंश की मौत के कारणों का पता लगाने के लिए टीम ने दौरा किया है। मौत के कारणों की पहचान की जा रही है। जल्द से जल्द जांच करके रिपोर्ट पेश की जाएगी। उन्होंने कहा कि विसरा रिपोर्ट का भी इंतजार किया जा रहा है। सभी फैक्ट को जोड़कर ही रिपोर्ट दी जाएगी। जांच कमेटी पूरी कोशिश करेगी कि गोवंश की मौत के कारणों का पता लगाया जा सके। जांच के दौरान हाई लेवल कमेटी ने मृत गोवंश की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट, उनको दिए जा रहे चारे, गायों के रिकॉर्ड, चारे की खरीद और उनके ट्रीटमेंट से जुड़े रिकॉर्ड की जांच की। इसके अतिरिक्त गोशाला संचालक से भी बातचीत की। कमिश्नर डॉ. साकेत कुमार ने खुद गोशाला में जाकर चारा रखे जाने वाली जगह, चारा काटे जाने वाली जगह और गायों को जिन शेड में रखा जा रहा वहां का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने नगर निगम व गोशाला संचालक को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इस दौरान हाई लेवल कमेटी में शामिल गोसेवा आयोग के उपाध्यक्ष पूर्ण मल यादव, पशुपालन विभाग के उप निदेशक सुखदेव राठी, नगर निगम कमिश्नर करनाल अजय सिंह तोमर, डीएसपी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# सरकार ने पुरस्कारों के लिए शुरू किया विशेष पोर्टल

### पोर्टल पर होगा सभी पुरस्कारों के लिए आवेदन

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**सरकार** द्वारा विभिन्न पुरस्कारों से संबंधित आवेदन को लेकर एक विशेष पोर्टल की शुरुआत की है। अब सभी राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए अवाड्स. जीओवी.इन पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। उपायुक्त ललित सिवाच ने इस बारे में कहा कि सरकार की ओर से नई पहल करते हुए पुरस्कारों के आवेदन करने के लिए ऑनलाइन व्यवस्था की शुरुआत की है।

इसके लिए एक विशेष पोर्टल शुरू किया गया है। इस पोर्टल के माध्यम से सभी राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। अवार्डस.जीओवी.इन पोर्टल पर कोई भी व्यक्ति सरकार द्वारा अलग-अलग पुरस्कार के लिए निर्धारित अलग-अलग तिथि तक सभी जरूरी दस्तावेजों के साथ आवेदन कर सकता है।

इस व्यवस्था का उद्देश्य देश सरकार के विभिन्न मंत्रालयों, विभागों, एजेंसियों के सभी पुरस्कारों को एक मंच पर लाना है। उन्होंने कहा कि इन दिनों विभिन्न राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए आवेदन खुले हुए है। इस पोर्टल पर जाकर व्यक्ति अथवा संगठन निर्धारित पात्रता के साथ अपना आवेदन कर सकता है।

# जिला कारागार लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

**कुरुक्षेत्र।** जिला जेल अधीक्षक सोमनाथ जगत ने कहा कि जिला कारागार में एक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में विर्क बहु विशेषज्ञ अस्पताल प्राईवेट लिमिटेड करनाल व लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल कुरुक्षेत्र के डॉक्टरों द्वारा जिला जेल बंदियों के स्वास्थ्य की जांच की गई।

इस शिविर में फिजिशियन डा. एसएच सहगल, ओथोर्पेडिक्स डा. विकास गोयल, डेंटल सर्जन डा. अतुल शर्मा, आई सर्जन डा. अमनदीप, ईएनटी डा. विक्रम, फार्मासिस्ट तरुण आदि ने बंदियों के स्वास्थ्य की जांच की। इस मौके पर चिकित्सा अधिकारी डा. संदीप सैनी, महिला चिकित्सा अधिकारी डा. सुंगधा, उप अधीक्षक रोहन हुड्डा, उप अधीक्षक शिवेंद्र पाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# अवैध खनन रोकने गई पुलिस टीम पर किया हमला

## खनन माफिया ने डीएसपी पर चढ़ाई गाड़ी, बाल-बाल बचे

### डीएससी मनोज कुमार व एसडीएम अदिति अवैध खनन की जांच के लिए गए थे मौके पर

पायनियर समाचार सेवा। करनाल



**घरौंडा** कस्बे के गांव गढ़ीभरल में अवैध खनन की जांच करने गई टीम पर खनन माफियाओं ने हमला कर दिया। हमले में डीएसपी मनोज कुमार बाल-बाल बच गए। पुलिस ने मामले में दो लोगों को हिरासत मे लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस व माइनिंग विभाग द्वारा मामले में केस दर्ज आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस की माने तो एसडीएम घरौंडा, डीएसपी गढ़ीभरल क्षेत्र में अवैध माइनिंग की सूचना मिल रही थी। जांच के लिए एसडीएम घरौंडा अदिति व डीएसपी मनोज कुमार मौके पर गए थे, जैसे ही टीम वहां पर पहुंची तो टीम ने मौके पर अवैध माइनिंग होती पाई गई। पुलिस व प्रशासन की टीम को देखकर खनन माफियाओं में खलबली मच गयी। 3 डंपर, एक जेसीबी की मदद से अवैध माइनिंग चल रही थी, पुलिस टीम ने उन्हें रोकने का प्रयास किया। लेकिन खनन माफिया वाहनों को तेज गति से भगाकर ले गए। जिससे डीएसपी मनोज कुमार बाल बाल बच गए, हालांकि उन्हें कोई चोटे नहीं आई हैं। पुलिस ने मौके से एक जेसीबी व खेत के मालिक को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया हैं।

एसपी गंगा राम पुनिया ने बताया कि मौके पर माइनिंग अधिकारियों को बुलाया गया, जिन्होंने कहा कि खेत से अवैध रूप से माइनिंग की जा रही हैं। पुलिस व माइनिंग अधिकारियों ने एक्ट अनुसार आगामी कार्यवाही शुरू कर दी। उन्होंने कहा कि अवैध माइनिंग की जांच के दौरान जावल नाम के व्यक्ति के खेत पर 3 डंपर व एक जेसीबी की मदद से माइनिंग की जा रही थी। पुलिस व सिविल टीम को देखकर डंपर चालक वाहनों को तेज गति से चलाते हुए फरार हो गए, मौके पर जेसीबी छोडक़र चले गए। इसमें किसी को कोई चोट नहीं आई हैं। पुलिस ने खेत मालिक व उसके बेटे को पुलिस पूछताछ के लिए हिरासत में लिया हैं। जबकि वाहन चालक आसपास के गांव के बताएं जा रहे है। जिन्हें जल्द ही हिरासत में लिया जाएगा।

# मुरथल ब्लॉक समिति की चेयरमैन बनीं आशा रानी व वाइस चेयरमैन बने विनोद कुमार

### नई जिम्मेदारियां मिलने पर समर्थकों ने दी शुभकामनाएं मिला समर्थन

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**एसडीएम** राकेश संधू ने ब्लॉक समिति मुरथल की नवनियुक्त चेयरमैन तथा वाइस-चेयरमैन को पद की शपथ दिलाते हुए बधाई दी। उन्होंने बताया कि मुरथल ब्लॉक समिति की चेयरमैन के रूप में वार्ड-15 की झुंडपुर गांव की आशा रानी को तथा वाइस-चेयरमैन के पद पर जैनपुर गांव के वार्ड-12 के विनोद कुमार को चुना गया है।

एसडीएम संधू ने चेयरपर्सन व वाइस-चेयरमैन को प्रोत्साहित किया कि वे सरपंचों के साथ मिलकर अपने खंड के विकास को गति प्रदान करें। सबके सहयोग से जनहित के विकास कार्य करवायें। अच्छा काम करे। यह जनसेवा का बेहतरीन अवसर मिला है, जिसका पूर्ण लाभ उठाते हुए जनसेवा के कार्यों को बढ़ावा दें। ब्लॉक समिति सोनीपत के चेयरमैन के रूप में लुहारी टिब्बा के नवीन और वाइस-चेयरमैन पद पर नैना तातारपुर की पूनम देवी को चुना गया है, जिन्हें एसडीएम राकेश संधू ने शपथ दिलाई।

उन्होंने चेयरमैन बने नवीन और वाइस-चेयरमैन पूनम देवी को बधाई भी दी। साथ ही उन्होंने चेयरमैन तथा वाइस-चेयरमैन को प्रोत्साहित किया कि वे अपने खंड के विकास के लिए पूर्ण ईमानदारी व कर्मठता के साथ काम करें। अपने क्षेत्र के विकास के लिए योजनाएं तैयार करवायें। जनहित को प्राथमिकता देते हुए पूरे ब्लॉक के विकास को गति दें। इस मौके पर पंचायत अधिकारी जोगिंद्र दहिया व अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

# आकाश बायजूस ने ग्रेटर नोएडा ( वेस्ट ) में अपना दूसरा नया क्लासरूम सेंटर खोला

पायनियर समाचार सेवा। ग्रेटर नोएडा



**परीक्षा** तैयारी सेवाओं में देश भर में अग्रणी, आकाश बायजूस ने एनईईटी, आईआईटी जेईई, ओलंपियाड कोचिंग और फाउंडेशनकोर्सेस की बढ़ती मांग को देखते हुए ग्रेटर नोएडा (वेस्ट) में एक नया क्लासरूम सेंटर खोला है। आकाश बायजूस के राष्ट्रीय नेटवर्क में इस शाखा का जुड़ना मानकीकृत गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, आधुनिक बुनियादी ढांचे और प्रौद्योगिकी-सक्षम प्रणालियों का उपयोग करके पूरे भारत में छात्रों को सीखने के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। वर्तमान में 24 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कुल 300+ सेंटर हैं।

ग्रेटर नोएडा (पश्चिम) की प्राइम लोकेशन में से एक में विशाल 9,000 वर्ग फुट में फैले, आकाश बायजूस, अशोका टॉवर, प्लॉट नंबर -42, टेकजोन-4 स्थित सेंटर में 11 क्लासरूम्स हैं। जहाँ कनेक्टेड और स्मार्ट क्लासरूम की विशेषता के साथ 1000+ छात्रों को सीधे कक्षाएं प्रदान की जा सकती हैं। सेंटर अपने हाइब्रिड कोर्सेस के छात्रों को एक सहज सीखने का अनुभव भी प्रदान करेगा । नए सेंटर का उद्घाटन संदीप धाम, सीओओ ने डॉ. यशपाल रीजनल डायरेक्टर, आकाश बायजूस और अन्य कंपनी अधिकारियों की उपस्थिति में किया। छात्र अपनी मार्कशीट साझा करके सह छात्रवृत्ति परीक्षा (आईएसीएसटी), एसीएसटी के लिए सीधे नामांकन कर सकते हैं या प्रवेश लेने के लिए इस वर्ष के अंत में आकाश बायजूस की नेशनल टैलेंट हंट परीक्षा (एंथे) के लिए पंजीकरण कर सकते हैं, जो संस्थान की प्रमुख वार्षिक छात्रवृत्ति परीक्षा है। ग्रेटर नोएडा में नए सेंटर के शुभारंभ के बारे में बात करते हुए, अभिषेक माहेश्वरी, सीईओ, आकाश बायजूस ने कहा कि आकाश बायजूस में हम छात्र-केंद्रित शिक्षा को बढ़ावा देने में विश्वास करते हैं, जिसका अर्थ है जिसका अर्थ है, जहां स्टूडेंट्स हैं वहां उनको शिक्षा प्रदान करना। हमारा मुख्य अंतर न केवल पाठ्यक्रम सामग्री की गुणवत्ता है बल्कि ये सुनिश्चित करना भी है कि ऑनलाइन और ऑफलाइन मोड के बीच सही संतुलन बना रहे। आकाश बायजूस के रीजनल डायरेक्टर डॉ. यशपाल ने कहा, हम ग्रेटर नोएडा (वेस्ट) में अपना नया सेंटर खोलकर खुश हैं, जहां एनईईटी, जेईई और ओलंपियाड के सैकड़ों उम्मीदवार रहते हैं जो वास्तव में हमारी कोचिंग सेवाओं को चाहते और महत्व देते हैं।

# शिक्षा जगत ने बजट का स्वागत किया

एजेंसी। नई दिल्ली

**शिक्षा** जगत से विजयभूमि विश्वविद्यालय के प्रो वाइस चांसलर और रजिस्ट्रार डॉ.अनिल सुब्बाराव पैला बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहते हैं कि केंद्रीय बजट 2023 में देश भर में क्षमता निर्माण और क्षमताओं पर ध्यान केंद्रित किया गया है, चाहे वह स्कूल स्तर, कॉलेज स्तर, शिक्षक स्तर हो। बजट की दृष्टि सरकारी निकायों, उद्योग और शिक्षा के बीच की खाई को पाटने और सभी को एकीकृत करने के लिए मार्ग तैयार करना है। इसके अलावा 5जी सेवाओं,आईसीटी को अपनाने से नए अवसर और रोजगार पैदा होंगे। साथ ही रोबोटिक्स, आईओटी और एआई और कौशल पर भी फोकस किया गया है, जो एनईपी के कार्यान्वयन की दिशा में मार्ग प्रशस्त करेगा। शिक्षा क्षेत्र से ही बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पुनीत के. अध्यक्ष नारायणा ग्रुप ने कहा शिक्षा क्षेत्र के मुद्दों के समाधान के लिए ठोस उपाय और स्कूली शिक्षा के लिए आवंटन में 8त्न की वृद्धि करने को इस क्षेत्र के लिए सकारात्मक बताया है। साथ ही राष्ट्रीय डिजिटल पुस्तकालय और पुस्तकालयों की स्थापना से उच्च गुणवत्ता वाले संसाधनों तक समान पहुंच से ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों को लाभ होगा और यह उनके ज्ञान के आधार को भी व्यापक करेगा। एनईपी के सफल कार्यान्वयन के लिए शिक्षकों की गुणवत्ता में सुधार स्वागत योग्य कदम है। डॉ.अनिल सुब्बाराव और पुनीत ने कहा सरकार ने स्मार्ट क्लासरूम के लिए 5जी क्षमताओं में सुधार और सस्ती, उच्च गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करने की दिशा में सही कदम उठाए हैं।

# किडनी रोगी का समय पर इलाज जरुरी : डॉ. आशीष नंदवानी

पायनियर समाचार सेवा। रोहतक

किडनी रोग विकार की गंभीरता और अन्य मेडिकल स्थितियों के आधार पर धीरे-धीरे या तेजी से बढ़ सकता है। किडनी रोगों के बढ़ने को समझने के लिए पहले किडनी विकारों के बारे में कुछ बातें समझना जरूरी है।

किडनी रोग हर आयु और लिंग के व्यक्ति को हो सकता है, लेकिन वृद्धों, महिलाओं, और डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, एवं कार्डियोवैस्कुलर बीमारियों के पीड़ितों में किडनी के विकार ज्यादा पाए जाते हैं। क्रोनिक किडनी रोग के लक्षण शुरू में काफी कम हो सकते हैं, इसीलिए लोग आम लक्षणों और संकेतों को नजरंदाज कर इलाज में विलंब कर देते हैं।

किडनी के विकारों को हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए। यदि इनका समय पर इलाज न किया जाए, तो ये बढ़कर किडनी खराब कर सकते हैं, जिस वजह से पेशियों में कमजोरी, शरीर में अत्यधिक तरल का बनना, यूरेमिया इलेक्ट्रोलाईट विकारों के कारण जटिलताएं और मृत्यु तक हो सकती है।

डॉ. आशीष नंदवानी, कंसल्टैंट नेफ्रोलॉजी, एचसीएमसीटी मणिपाल हॉस्पिटल्स, द्वारका ने कहा, किडनी के विकार अलग-अलग तरह के होते हैं। उनमें से कुछ एब्यूट किडनी विकार (अल्पकालिक, चोट के कारण), या क्रोनिक किडनी विकार (दीर्घकालिक, आजीवन भी चल सकते हैं), मूत्रनली का संक्रमण, किडनी में पथरी, ग्लोमेरुलोनेफ्राईटिस, पॉलीसिस्टिक किडनी रोग आदि हैं।

इनमें से कई रोगों के लक्षण एक से होते हैं, जैसे बार-बार पेशाब लगना, मितली, उल्टी आना, पेशियों में ऐंठन, नींद न आना, दिमाग गुम हो जाना, भूख न लगना, और कमजोरी हैं। एब्यूट किडनी विकार में कुछ दिनों या कुछ घंटों में किडनी के काम में तेजी से गड़बड़ी हो जाती है। इसलिए यह समझना जरूरी है कि यह बीमारी कैसे बढ़ती है और इसे नियंत्रित किस प्रकार किया जा सकता है।

# आप को भनक भी नहीं, एमसीडी का बजट पास

## सीएम केजरीवाल अपनी गारंटी पूरी ना कर पाए इसलिए भाजपा ने धोखे से बजट पास करवाया : सौरभ भारद्वाज

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली


सौरभ भारद्वाज

**आम** आदमी पार्टी को भनक भी नहीं लगी दिल्ली नगर निगम का बजट पास हो गया। आप के मुख्य प्रवक्ता व विधायक सौरभ भारद्वाज ने कहा कि भाजपा ने दिल्ली वालों की पीठ में छुरा घोंपा है।

आम आदमी पार्टी की सरकार बनने से पहले ही अपने अधिकारियों से एमसीडी का बजट पास करवा दिया। भाजपा की साजिश थी कि एमसीडी में हंगामा करके केजरीवाल की सरकार मत बनने दो और चुपके से एमसीडी का बजट पास कर दो। एमसीडी में चुनी हुई सरकार का काम बजट बनाकर अपने वादे को पूरा करना है। लेकिन सीएम अपनी गारंटी पूरी ना कर पाएं, इसलिए भाजपा ने धोखे से बजट पास करवाया। सौरभ भारद्वाज ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पहले जैसे भाजपा ने सीबीआई और एलजी का प्रयोग किया, उसी तरह प्रयोग करके हर गवर्नर अपनी राज्य सरकार को परेशान कर रहा है।

कांग्रेस पहले कहती थी कि दिल्ली पूर्ण राज्य नहीं है उसके चलते यह हो रहा है। वह बताएं कि अब गैर भाजपा शासित राज्यों में क्या हो रहा है। वही हुआ जिसका दिल्ली वालों को डर था। दिल्ली वाले वर्षों से सत्ता परिवर्तन का इंतजार कर रहे थे।

कई बहाने करने और टालमटोल करने के बाद केंद्र सरकार ने एमसीडी के चुनाव करवाएं। क्योंकि उन्हें मजबूरी में चुनाव करवाने पड़े। विपक्ष चुनाव रोकने के लिए कई हथकंडे अपनाए। सुप्रीम कोर्ट से फैसला आया कि कहीं पर भी नगर निगम के चुनाव किसी भी बहाने से नहीं टाले जा सकते। आखिरकार केंद्र को दिल्ली में चुनाव करवाने पड़े। उन्होंने कहा कि जब कोई सरकार बहुमत में आती है तो फिर क्या करती है। यह एक बिल्कुल साधारण राजनीति विज्ञान का सवाल है। सरकार वही करेगी जो वादा उसने अपने मेनिफेस्टो में किया था। आम आदमी पार्टी जैसा राजनीतिक दल मेनिफेस्टो में जो वादा करता है। वह केवल वादा नहीं केजरीवाल की गारंटी कहलाती है। अगर बाबू बजट बनाएंगे और पास भी करेंगे तो फिर चुनाव भी आप ही लड़ लो। उन्होंने कहा कि बीजेपी का यह षड्यंत्र था कि एमसीडी के अंदर सरकार के न बनने दिया जाए। जब-जब नगर निगम के अंदर सरकार बनने की बात हो तो वहां हंगामा शुरू कर दो। पुलिस को बुलाकर चुने हुए पार्षदों को डराओ धमकाओ।

### विशेष अधिकारी ने बजट स्वीकृत नहीं किया : भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि आप विधायक सौरभ भारद्वाज एवं दिलीप पांडे ने संवाददाता सम्मेलन में चुनी हुई सरकार की अवेहलना कर दिल्ली नगर निगम बजट पास किये जाने का आरोप अधिकारियों पर लगाया है जबकि एमसीडी अधिकारियों के अनुसार बजट को ना तो अभी तक स्वीकृत किया गया है और ना ही उन्हें स्वीकृत करने की जल्दी है। असल में सर्वोच्च न्यायालय से याचिका वापस लेने के बाद आप नेताओं को शर्मिंदगी उठानी पड़ी जिससे से लोगों का ध्यान भटकाने के लिये निगम बजट स्वीकृति को लेकर झूठी ब्यानबाजी शुरू कर दी ।

# असोला भाटी में नीली झील इको टूरिज्म स्थल के रूप में हुई विकसित

● वन एवं पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने किया उद्घाटन, झील के पास बनाये गए सेल्फी प्वांइट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**आम** आदमी पार्टी की सरकार पर्यटन को बढ़ावा देने के मकसद से असोला भाटी अभ्यारण में नीली झील इको टूरिज्म स्थल के रूप में विकसित किया है। दिल्ली वाले अपने परिवार के साथ आकर यहां की प्राकृतिक सुंदरता को निहार सकते हैं।

यहाँ पर पर्यटकों के लिए बनाई गई सभी सुविधाओं में पर्यावरण के अनुकूल सामग्रियों का इस्तेमाल किया गया है। परिसर में सौर ऊर्जा से चलने वाले चार कृत्रिम झरने विकसित किए गए है। साथ ही एक सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया है। जिससे लोग अपनी यादों को कैमरे में कैद कर सकते हैं।

वन एवं पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने शुक्रवार को असोला भाटी अभ्यारण के अंतर्गत नीली झील इको टूरिज्म स्थल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी के पर्यावरण को बेहतर बनाने और प्रदूषण को नियंत्रित करने के साथ साथ पर्यावरण अनुकूल सामग्री का इस्तेमाल कर इको फ्रेंडली टूरिज्म स्थल विकसित करने को लेकर मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल के नेतृत्व में उनकी सरकार उचित कदम उठा रही हैं।

इसी दिशा में आज विश्व आद्र्ता दिवस के अवसर पर राज्य सरकार की तरफ से दिल्ली वालों को नीली झील इको टूरिज्म स्थल के रूप में यह भेंट दी जा रही है । लोग अपने-अपने परिवारों के साथ आकर यहां की प्राकृतिक सुंदरता का आंनद ले सकते हैं। वन एवं पर्यावरण मंत्री ने कहा कि नीली झील के पास पर्यटन के लिए जितने भी निर्माण किए गए वे सभी लकड़ी, बांस आदि प्राकृतिक वस्तुओं से किए गए है।

पर्यटकों के लिए गोल्फकार्ट एवं इलेक्ट्रिक साईकिल की व्यवस्था उपलब्ध कराने और नीली झील के पास एक इको फ्रेंडली कैफेटेरिया का निर्माण करने के लिए विभाग के अधिकारियों को भी निर्देश जारी किए गए है। उन्होंने नीली झील के बारे में अधिक जानकारी देते हुए बताया कि नीली झील के आस-पास 40 हेक्टेयर क्षेत्र में इको फ्रेंडली विकास का काम किया गया है। अन्य सुविधाओं के अलावा इस क्षेत्र में पेड़ों और उनके महत्व के बारे में पर्यटकों को शिक्षित व जागरूक करने के लिए साइनेज भी लगाए गए हैं।

### झील की गहराई 100 फीट

*नीली झील की गहराई 100 फीट है और यहाँ विभाग द्वारा चार कृत्रिम झरने विकसित किए गए हैं जो सोलर सिस्टम से चलते हैं। इन झरनों की खास बात यह है कि 100 फीट ऊँची जगह से पानी नीचे झील में पहुँचता है। कृत्रिम झरने के कारण नीली झील की सुंदरता काफी दर्शनीय हो गई है।*




### पहुंचने के लिए तीन गेट बनाए गए

*नीली झील पर आने के लिए मुख्य तीन द्वार है। पहला तुगलकाबाद जो उपवन संरक्षक (दक्षिणी) कार्यालय के पास है। दूसरा गेट न. 10, जो कि छतरपुर होते हुए शनिधाम रोड पर स्थित है और तीसरा गेट नं. 7, जो कि गुरू जी मंदिर होते हुए अभ्यारण के अंदर को आता है। असोला भाटी वन्य जीवन अभ्यारण्य स्थित नीली झील इको टूरिज्म स्थल के प्रवेश द्वारा पर ही टिकट लेकर पर्यटक इस मनोरम स्थल का आनंद ले सकते हैं।*

# एलजी ने दी मनीष सिसोदिया को विदेश यात्रा की अनुमति

● खर्च को लेकर फंसा पेच, कहा कि यह पूरी तरह स्पष्ट नहीं है कि यात्रा का खर्च कौन वहन करेगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**उपराज्यपाल** विनय कुमार सक्सेना ने शिक्षकों के फिनलैंड में प्रशिक्षण के लिए भेजने के मुद्दे पर केजरीवाल सरकार से खींचतान के बीच उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के अमेरिका जाने की मंजूरी दे दी है।

इस विदेश दौरे पर सिसोदिया, उनके सचिव और सचिव (शिक्षा) को जाना है। शिक्षा विभाग द्वारा इस आशय की फाइल पर एक विरोधाभासी प्रस्ताव को रेखांकित करते हुए कहा गया है कि उक्त यात्रा का खर्च आयोजकों द्वारा वहन किया जाएगा और सरकार पर कोई वित्तीय दायित्व नहीं होगा और साथ ही कहा कि सिसोदिया के दौरे का यात्रा खर्च जीएनसीटीडी द्वारा वहन किया जाएगा।

एलजी प्रस्तावित दौरे के लिए सैद्धांतिक रूप से, आवश्यक मंजूरी और अन्य कोडल औपचारिकताओं को पूरा करने के अधीन सहमत हुए हैं। उपराज्यपाल कार्यालय के अनुसार, शिक्षा विभाग के प्रमुख सिसोदिया ने कुछ अधिकारियों के साथ अमेरिका के सिटी पोर्टलैंड में टीईएसओएल शिक्षा सम्मेलन में भाग लेने की इच्छा व्यक्त की थी। एक अधिकारी ने कहा, प्रस्ताव में स्पष्टता का अभाव है कि सिसोदिया की यात्रा का खर्च कौन वहन करेगा। एक पैरा में विभाग ने कहा कि उपमुख्यमंत्री की यात्रा का पूरा खर्च टीईएसओएल द्वारा उठाया जाएगा और सरकार पर इसका कोई वित्तीय दायित्व नहीं होगा।

हालांकि, आगे एक पैरा में कहा गया है कि माननीय उपमुख्यमंत्री की यात्रा का पूरा खर्च जीएडी (सामान्य प्रशासन विभाग), जीएनसीटीडी (दिल्ली सरकार) द्वारा उठाया जाएगा। अधिकारी ने बताया कि सक्सेना ने इन दोनों बयानों को विरोधाभासी पाते हुए प्रस्तावित यात्रा के लिए सैद्धांतिक रूप से अनुमति दे दी है। अभी इस पर केंद्र सरकार से एफसीआरए (विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम) मंजूरी सहित संबंधित केंद्रीय मंत्रालयों से अपेक्षित मंजूरी लिया जाना बाकी है, जैसा कि किसी भी राज्य के किसी भी मंत्री या अधिकारी द्वारा विदेश यात्रा से पहले ली जाती है।

### एक लाख रुपये हड़पने को दी लूट की फर्जी शिकायत

**नई दिल्ली।** आर्थिक संकट झेल रहे एक व्यक्ति द्वारा लूट की फर्जी शिकायत देने का मामला सामने आया। पुलिस ने लूट की झूठी प्राथमिकी दर्ज कराने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान बुध विहार निवासी नवल कुमार झा के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, अपनी शिकायत में झा ने दावा किया कि उसने अपने टेम्पो में कंझावला की एक फैक्ट्री से फिल्मिस्तान के पास एक दुकान में खिलौने पहुंचाए थे, जिसके बाद दुकान के मालिक ने उसे अपने नियोक्ता को देने के लिए एक लाख रुपए दिए। झा ने दावा किया कि बाइक सवार बदमाशों ने उससे एक लाख रुपए लूट लिए।

# प्रगति मैदान में मेले के कारण लगा भीषड़ जाम


अक्षरधाम फ्लाईओवर पर जाम।

● यात्रियों को खासी परेशानी का करना पड़ा सामना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रगति** मैदान में शुक्रवार को एक मेले के आयोजन के कारण मध्य दिल्ली और इसके आस-पास की कई सड़कों पर भारी जाम लग गया जिससे यात्रियों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। पुलिस ने यह जानकारी दी।

अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक प्रदर्शनी और सम्मेलन- प्लास्टइंडिया 2023 के कारण बृहस्पतिवार को मध्य दिल्ली में भी ट्रैफिक जाम की सूचना मिली थी। पांच दिवसीय मेले का समापन पांच फरवरी को होगा। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार वाहनों की आवाजाही को नियंत्रित करने के लिए मध्य दिल्ली के विभिन्न हिस्सों में दो यातायात पुलिस निरीक्षकों और 40 यातायात कर्मियों को तैनात किया गया है। इस बीच, कई यात्रियों ने अपनी परेशानी साझा करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया और जाम के कारण कुछ हिस्सों से बचने के लिए दूसरों को सचेत किया। विंश त्रिपाठी नामक एक व्यक्ति ने कहा, ट्रैफिक के कारण प्रगति मैदान की सुरंग पूरी तरह से बंद हो गई थी और कुछ लोगों ने अपने वाहनों को सुरंग के पास सड़क किनारे खड़ा कर दिया था, जिससे समस्या और बढ़ गई थी। मैं अपने गंतव्य पर आधे घंटे से अधिक देर से पहुंचा।

अमित कुमार नामक एक अन्य यात्री ने कहा कि वह बृहस्पतिवार को भी मध्य दिल्ली में एक जाम में फंस गया था और इन झंझटों को रोकने के लिए कोई प्रयास नहीं करने के लिए अधिकारियों की आलोचना भी की।

# वेतनवहीन शिक्षकों को मिलेगा भाजपा विधायकों का साथ

● रामवीर बिधुड़ी ने कहा केजरीवाल सरकार को शिक्षक और शिक्षकेतर कर्मचारियों की चिंता नहीं

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) के विधायकों ने दिल्ली सरकार द्वारा वित्त पोषित 12 कॉलेज के शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों को तनख्वाह का भुगतान करने को लेकर शुक्रवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के घर के बाहर धरना दिया।

वहीं विधानसभा में नेता विपक्ष रामवीर बिधुड़ी ने कहा कि केजरीवाल सरकार को शिक्षक और शिक्षकेतर कर्मचारियों की चिंता नहीं है। दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) से संबद्ध इन कॉलेज के शिक्षक वेतन के अनियमित भुगतान और अन्य लाभों को लेकर कई वर्षों से प्रदर्शन कर रहे हैं। पिछले तीन साल से तनख्वाह का कथित रूप से अनियमित भुगतान और अन्य बकाए को लेकर दीनदयाल उपाध्याय कॉलेज के शिक्षक और शिक्षकेतर कर्मचारी बृहस्पतिवार को हड़ताल पर चले गए थे, जिसका आज दूसरा दिन है।दीनदयाल उपाध्याय कॉलेज उन 12 कॉलेज में से एक है, जिनका पूर्ण वित्त पोषण दिल्ली सरकार करती है।

कॉलेज कर्मचारी संघ ने आरोप लगाया है कि केजरीवाल सरकार ने सितंबर तक के ही वेतन का भुगतान किया है। दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधुड़ी ने आरोप लगाया कि सरकारी स्कूल के शिक्षकों को फिनलैंड भेजने के लिए केजरीवाल सरकार उपराज्यपाल से लड़ रही है, जबकि उसे इन कॉलेज के शिक्षक और शिक्षकेतर कर्मचारियों की बिल्कुल भी फिक्र नहीं है, जिन्हें कड़ी मेहनत करने के बावजूद वक्त पर वेतन नहीं दिया जाता।

### पार्किंग स्थल के कर्मचारी पर हमले का आरोपी पकड़ा

**नई दिल्ली।** वसंत विहार में पीवीआर प्रिया में शुल्क देने के लिए कहे जाने पर पार्किंग स्थल कर्मचारी पर कथित रूप से बैट से हमला करने के आरोप में एक निजी स्कूल के 28 वर्षीय शिक्षक को गिरफ्तार किया गया है।

आरोपी की पहचान महरौली निवासी विक्रम जीत सिंह के रूप में हुई है, जो निजी स्कूल में पीटी शिक्षक के रूप में काम करता है। घायल पार्किंग स्थल कर्मचारी विकास ठाकुर को एम्स ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। ठाकुर की दाहिनी कनपटी के आसपास चोट आई है। पुलिस उपायुक्त मनोज सी ने कहा वसंत विहार थाने में आईपीसी की धारा 308 (गैर इरादतन हत्या का प्रयास) के तहत केस दर्ज किया गया है।

## ईडी पर सीएम केजरीवाल का सवाल उठाना भ्रष्टाचार का सबूत : भाजपा

● मीनाक्षी लेखी ने मुख्यमंत्री पर साधा निशाना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) ने आबकारी घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के पूरक आरोप पत्र पर सवाल उठाने को लेकर शुक्रवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा और कहा कि इससे साबित होता है कि वह भ्रष्टाचार में शामिल हैं। अदालत ने दिल्ली आबकारी नीति में कथित अनियमितताओं के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा पांच व्यक्तियों और सात कंपनियों के खिलाफ दायर पूरक आरोप पत्र पर बृहस्पतिवार को संज्ञान लिया। इस नीति को आप सरकार ने पिछले साल वापस ले लिया था। भाजपा की वरिष्ठ नेता मीनाक्षी लेखी ने भाजपा मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि ईडी एक ऐसी संस्था है, जो देश को भ्रष्ट गतिविधियों से बचाने के लिए है। उन्होंने कहा कि जो कोई भी ईडी से सवाल करने की कोशिश कर रहा है, वह शीर्ष अदालत से सवाल करने की कोशिश कर रहा है। न्यायपालिका ने कहा है कि ईडी का काम देश में भ्रष्टाचार को कम करना है।

### मुख्यमंत्री को इस्तीफा देना चाहिए : चौ. अनिल

**नई दिल्ली।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल का सरकारी जांच एजेंसियों द्वारा दाखिल चार्जशीट को



काल्पनिक बताना लोकतांत्रिक व्यवस्था और प्रशासनिक प्रक्रियाओं का विश्वास नहीं रखने जैसा है। घोटाले में सीधी संलिप्तता के बाद केजरीवाल मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दें और शराब मंत्री मनीष सिसोदिया से इस्तीफा लें। उन्होंने कहा कि आप सरकार में लगातार घोटाले हो रहे है और ईमानदारी का नाटक कर रहे है।

## संक्षिप्त समाचार


भारतीय डाक विभाग ने 11 से 15 फरवरी तक प्रगति मैदान में शुरू होने वाली राष्ट्रीय डाक टिकट प्रदर्शनी अमृतपेक्स के लिए अपना शुभंकर जारी किया।

### नीट-पीजी की इंटर्नशिप पात्रता की डेट बढ़ाने की मांग

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ मनसुख मंडाविया से मुलाकात कर उन्होंने एक ज्ञापन सौंपा है। इस ज्ञापन में एबीवीपी नीट-पीजी 2023 संबंधी इंटर्नशिप पात्रता को 30 जून से बढ़ाकर 31 जुलाई तक किए जाने की मांग की है। साथ परीक्षा तारीख व काउंसलिंग में अंतराल को कम करने जैसी प्रमुख समस्याओं के समाधान भी जल्द करने की गुहार लगाई है। एबीवीपी ने केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री से मार्च 2023 में प्रस्तावित नीट-पीजी परीक्षा पर पुनर्विचार करने, सभी राज्यों के छात्रों की इंटर्नशिप अर्हता से जुड़ी समस्यायों पर विचार करने, नीट-पीजी 2023 के लिए आवेदन पोर्टल को पुिर खोलने आदि मांगें की हैं। मेडिविजन के राष्ट्रीय संयोजक डॉ अभिनंदन बोकरिया ने कहा कि, मेडिकल छात्रों को नीट पीजी के संदर्भ में अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, उन्हें सुना जाना बहुत आवश्यक है।



### आईआईपीएम के अरिंदम चौधरी पर धोखाधड़ी का आरोप

**नई दिल्ली।** दिल्ली स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ मार्केटिंग एंड मैनेजमेंट (आईएमएम) ने आरोप लगाया है कि इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ प्लानिंग एंड मैनेजमेंट (आईआईपीएम) ने एक दाखिला समझौता का उल्लंघन कर उससे धोखाधड़ी की, उसके नाम का गलत इस्तेमाल किया और 2011 से 2014 के बीच करोड़ों रुपए एकत्रित किए। आईआईपीएम ने हालांकि इन आरोपों से इनकार किया है और कहा है कि वह मामले में दिल्ली पुलिस द्वारा दायर प्राथमिकी को रद्द कराने के लिए अदालत का रुख करेगा। दिल्ली पुलिस ने आईएमएम की शिकायत के आधार पर एक स्थानीय अदालत के निर्देश पर चौधरी एवं उनके सहयोगियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

### डीटीसी बस में दृष्टिबाधित का मोबाइल झपटा

**नई दिल्ली।** दिव्यांग से बस में झपटमार मोबाइल लूटता रहा और बस स्टाफ समेत लोग तमाशबीन बने रहे। यह मामला 27 जनवरी का है, जब पूर्ण दिल्ली विश्वविद्यालय का दृष्टिबाधित छात्र मनीष पांडेय डीटीसी की बस नंबर 192 में जाते समय एक झपटमार ने उसका मोबाइल पाकेट से निकाला। इस पर छात्र ने झपटमार का हाथ पकड़ लिया और बस चालक व कंडक्टर से बस का गेट बंद करने को कहा, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया और झपटमार को जाने दिया। किसी तरह की मदद नहीं मिलने और तत्काल बस नहीं रोकने पर छात्र मनीष ने पुलिस को कॉल किया और मामले के संबंध में केस दर्ज कराया। मनीष ने बताया कि मोबाइल में उसका पठन सामाग्री थी और अगले दिन उसकी परीक्षा थी। पीड़ित ने डीटीसी स्टाफ के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### एमसीडी का संपत्ति कर जमा करने का अनुरोध

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम ने स्कूल एसोसिएशन और सिनेमा हॉल एसोसिएशन (पीवीआर) के साथ बैठकर उन्हें समृद्धि योजना के तहत संपत्ति कर के बकाये के साथ -साथ न्यायालय के अधीन लंबित मामलों के निपटान करने का अनुरोध किया। निगमायुक्त आयुक्त ज्ञानेश भारती ने स्कूल एसोसिएशन के साथ बैठक की और निगम की ओर से संपत्ति कर मामलों में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने बकाया करदाता इस योजना का लाभ उठाए और बकाया संपत्तिकर राशि जमा करें। यदि उन्हें कर जमा करने में कोई समस्या आती है तो उन्हें निगम द्वारा पूरा सहयोग दिया जाएगा। निगम सभी नागरिकों से अनुरोध करता है

# वेंडिंग जोन में 109 पथ विक्रेताओं को मिलेगा ठिकाना

## ग्रेटर नोएडा के वेंडर्स को रोजी-रोटी कमाने के लिए ग्रेनो प्राधिकरण की योजना अंतिम दौर में पहुंची

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



**ग्रेटर** नोएडा के वेंडर्स पथ विक्रेता को अपनी रोजी-रोटी कमाने के लिए मुकम्मल जगह दिलाने की प्राधिकरण की योजना अब अंतिम दौर में पहुंच गई है। टाउन वेंडिंग कमेटी की तीसरे दौर की बैठक शुक्रवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ प्रेरणा शर्मा की अध्यक्षता में बोर्ड रूम में हुई, जिसमें आगामी नौ फरवरी को ड्रा के जरिए वेंडिंग जोन में जगह तय कर देने का निर्णय लिया गया। पात्र वेंडर्स सात फरवरी तक प्राधिकरण को अपनी प्राथमिकता बता सकते हैं।

दरअसल, ग्रेटर प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी की मंशा है कि वेंडर्स के लिए अलग-अलग जगहों पर वेंडिंग जोन बना दिए जाएं, ताकि उनके लिए एक निश्चित ठिकाना हो जाए और शहरवासियों की रोजमर्रा की जरूरत भी पूरी हो सके। ठिकाना मिल जाने से वे सड़कों के किनारे नहीं खड़े होंगे। इससे ट्रैफिक की आवाजाही भी बाधित नहीं होगी।

सीईओ के निर्देश पर ग्रेटर नोएडा में 27 जगहों पर वेंडिंग जोन बनाए जा रहे हैं। इनमें से चार जगहों पर वेंडिंग जोन बनकर तैयार हैं। ये चार जगह अल्फा वन, बीटा वन व टू और सेक्टर.36 हैं। वेंडिंग जोन में प्लेटफॉर्म के साथ ही शेड भी बनाए गए हैं।

बिजली-पानी, शौचालय आदि के भी इंतजाम रहेंगे। इन क्योस्क की पांच कैटेगरी क्योस्क ए व बी, स्टेश्नरी ए व बी और मोबाइल क्योस्क बनाई गई है। वेंडिंग जोन में जगह पाने के लिए 792 वेंडर्स ने आवेदन किए थे, जिनमें से 619 पात्र पाए गए। इन 619 में से 109 पात्रों को वेंडिंग जोन में जगह देने की तैयारी है। इनकी सूची शीघ्र ही ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की वेबसाइट पर भी अपलोड की जाएगी। इनको जगह देने के बाद जैसे.जैसे और भी वेंडिंग जोन बनते जाएंगे, वैसे-वैसे शेष पात्रों को दिए जाएंगे। चार वेंडिंग जोन में इन 109 पात्रों को जगह देने के लिए शुक्रवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ प्रेरणा शर्मा की अध्यक्षता में बैठक हुई, जिनमें प्राधिकरण के संबंधित विभागों के साथ ही अग्निशमन, एनपीसीएल, व्यापारी संगठनों के प्रतिनिधि, गैर सरकारी संगठन, आरडब्ल्यूए व पथ विक्रेता संगठन सहित अन्य प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में निर्णय लिया गया कि पथ विक्रेता सात फ रवरी तक अपनी प्राथमिकता बता सकते हैं कि उनको किस कैटेगरी के क्योस्क को लेना चाह रहे हैं।

क्योस्क की कैटेगरी वाइज किराए की दरें तय की गई हैं। दिव्यांगों और विधवाओं के लिए मासिक किराए की दरें 50 फीसदी कम तय की गई हैं। पथ विक्रेताओं को आवेदन पत्र के साथ ही आधार और फ ोटो लेकर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अर्बन सर्विसेज विभाग में 7 फ रवरी तक जमा कराना होगा। इसके बाद नौ फ रवरी को लॉटरी निकाली जाएगी।

# असम में बाल विवाह के चार हजार से ज्यादा केस, 1800 अरेस्ट हुए

## सीएम बोले, शादी में शामिल होने पर भी कार्रवाई होगी

एजेंसी। दिसपुर

**असम** सरकार शुक्रवार यानी आज से बाल विवाह के खिलाफ बड़ा एक्शन लेने वाली है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि अगर कोई बाल विवाह कार्यक्रम में शामिल होता है तो उसकी भी गिरफ्तारी होगी। गुरुवार शाम को बाल विवाह मामले में सात लोगों को अरेस्ट किया गया है, जबकि पूरे राज्य में अब तक 1800 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

सीएम ने ट्वीट कर जानकारी दी कि राज्य में बाल विवाह के 4004 मामले दर्ज किए गए हैं। जल्द ही इन पर कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि अगर ऐसी शादी में संतान भी पैदा हुई होगी तो शादी करने वाले पुरुष पर पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज होगा।

असम कैबिनेट ने 14 साल से कम उम्र की लड़कियों से शादी करने वाले पुरुषों पर पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज करने का फैसला किया है। साथ ही 14 से 18 साल की उम्र की लड़कियों से शादी करने वालों पर बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत मुकदमा चलाया जाएगा। सरमा का कहना है कि राज्य में मातृ और शिशु मृत्यु दर की उच्च दर को रोकने के लिए यह



निर्णय लिया गया है, क्योंकि बाल विवाह भी इसका एक मुख्य कारण है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने महिलाओं को सही उम्र में मां बनने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि मां बनने की सही उम्र 22 से 30 साल है। महिलाओं को इसके लिए बहुत ज्यादा इंतजार नहीं करना चाहिए। अगर वो 30 के बाद बच्चे को जन्म देती हैं तो कई सारे मेडिकल कॉम्प्लीकेशंस होते हैं। सीएम ने यह बात शनिवार को गुवाहाटी में एक सरकारी कार्यक्रम में कही है।

वह बाल विवाह और महिलाओं से जुड़ी समस्याओं पर लोगों को संबोधित कर रहे थे। सीएम सरमा ने मुस्कराते हुए कहा कि जिन महिलाओं ने अभी तक शादी नहीं की है, उन्हें जल्द ही कर लेनी चाहिए। भगवान ने हमारे शरीर को इस तरह से बनाया है कि हर चीज एक तय उम्र सीमा के तहत की जाए। उन्होंने आगे कहा कि कम उम्र में शादी न करना और सही उम्र में बच्चे पैदा न करना भी मां और शिशु मृत्यु दर बढ़ने का कारण है। इसीलिए मैं सभी महिलाओं को सलाह दूंगा कि 30 से कम उम्र में शादी कर लेनी चाहिए।

### मोदी को जिताओ वरना हर शहर में आफताब होगा : सीएम

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कच्छ की चुनावी रैली में कहा, अगर देश में कोई मजबूत नेता नहीं होगा तो हम अपने समाज की रक्षा नहीं कर पाएंगे। मोदी को जिताना बहुत जरूरी है, अगर वे नहीं जीते तो हर शहर में आफताब पैदा होगा।

# 2019 से राष्ट्रपति की विदेश यात्राओं पर सवा छह करोड़ खर्च हुए

एजेंसी। नई दिल्ली



**वर्ष** 2019 से दूसरे देशों की राष्ट्रपति की यात्राओं पर करीब सवा छह करोड़ रुपये और प्रधानमंत्री की ऐसी यात्राओं पर करीब 22 करोड़ 76 लाख रुपये खर्च हुए हैं। विदेश राज्य मंत्री वी मुरलीधरन ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में राज्यसभा को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2019 से राष्ट्रपति की दूसरे देशों की यात्राओं पर 6,24,31,424 रुपए खर्च हुए हैं।

ये यात्राएं क्रोएशिया, बोलीविया, चिली, बेनिन, गाम्बिया, गिनी, स्विटजरलैंड, स्लोवेनिया, फिलिपीन, जापान, बांग्लादेश, तुर्कमेनिस्तान, नीदरलैंड, जमैका और ब्रिटेन में की गईं। मुरलीधरन ने बताया कि 2019 से प्रधानमंत्री की विदेश यात्राओं पर 22,76,76,934 रुपए खर्च हुए। ये यात्राएं कोरिया गणराज्य, मालदीव, श्रीलंका, किर्गिजस्तान, जापान, भूटान, फ्रांस, बहरीन, संयुक्त अरब अमीरात, रूस, अमेरिका, सऊदी अरब, थाईलैंड, ब्राजील, इटली, ग्लासगो, जर्मनी, डेनमार्क, नेपाल, उजबेकिस्तान और नेपाल आदि देशों में की गईं।

उन्होंने यह भी बताया कि 2019 से विदेश मंत्री की यात्रा पर 20,87,01,475 रुपए का खर्च हुआ है। इन यात्राओं में अमेरिका, रूस, चीन, जापान, फ्रांस, संयुक्त अरब अमीरात, नेपाल, बांग्लादेश, इंडोनेशिया, थाईलैंड, सर्बिया, इटली, ईरान आदि देश शामिल हैं।

### प्रश्न के लिखित उत्तर में विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा


# जी-20 की अध्यक्षता के दौरान भारत ग्लोबल साउथ की चिंताओं को रखेगा

### 50 से अधिक शहरों में लगभग 200 बैठकें आयोजित होंगी

एजेंसी। नई दिल्ली

**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को लोकसभा को बताया कि जी-20 समूह की अध्यक्षता के दौरान यह उम्मीद की जाती है कि भारत ग्लोबल साउथ की चिंताओं को सामने रखेगा और समकालीन अंतरराष्ट्रीय राजनीति में ध्रुवीकरण के मुद्दे पर आम-सहमति बनाने में सहयोग करेगा।

लोकसभा में टीआर बालू के प्रश्न के लिखित उत्तर में विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि जी-20 समूह की भारत की अध्यक्षता के दौरान देशभर में 50 से अधिक शहरों में लगभग 200 बैठकें आयोजित होंगी। उन्होंने कहा कि इसमें 30 विभिन्न कार्यसमूह वार्ता सत्र आयोजित करेंगे



जिनमें शेरपा ट्रैक कार्य समूह, फाइनांस ट्रैक कार्य समूह, और सहभागिता समूह के सत्र समेत मंत्रालई बैठकें शामिल हैं। जयशंकर ने बताया, जी-20 समूह के नेताओं के शिखर सम्मेलन का आयोजन 9-10 सितंबर, 2023 को नई दिल्ली में करना निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार का मानना है कि जी-20 की अध्यक्षता भारत की उपलब्धियों, क्षमताओं और विविधता को प्रदर्शित करने का एक विशेष अवसर है। विदेश मंत्री ने कहा कि इस गौरवपूर्ण अवसर को एक राष्ट्रीय अवसर के रूप में मनाया जा रहा है, स्वाभाविक रूप से इन्हें विभिन्न राज्य सरकारों के परामर्श से आयोजित किया जा रहा है और विभिन्न राजनीतिक दलों को भी तैयारी की प्रक्रिया से जोड़ा गया है। जयशंकर ने कहा, यह समग्र प्रयास सहकारी संघवाद के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### विचार विमर्श में कई मुद्दे शामिल

**उन्होंने** कहा कि हमारी जी-20 समूह की अध्यक्षता के दौरान उच्च प्राथमिकता वाले क्षेत्रों से संबंधित महत्वपूर्ण विचार विमर्श में समावेशी और अनुकूल विकास, टिकाऊ विकास लक्ष्य (एसडीजी) संबंधी प्रगति, हरित विकास एवं पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली (मिशन लाइफ), प्रौद्योगिकी परिवर्तन और सार्वजनिक डिजिटल आधारभूत ढांचा, बहुपक्षीय संस्थानों में सुधार, महिलाओं के नेतृत्व में विकास एवं अंतरराष्ट्रीय शांति और सद्भाव शामिल हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि जी-20 की हमारी अध्यक्षता के दौरान होने वाले विचार-विमर्श के फलस्वरूप इन क्षेत्रों से संबंधित परिणाम सामने आएंगे।

## उमा भारती ने शराब की दुकान के सामने गायों को बांधा

**निवाड़ी (मप्र)।** भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेता उमा भारती ने मध्य प्रदेश के ओरछा कस्बे में एक शराब की दुकान के सामने गायों को बांधकर उन्हें घास खिलाई और लोगों से शराब त्याग कर गाय का दूध पीने का आह्वान किया।

भाजपा शासित मध्य प्रदेश में शराब की खपत के खिलाफ अभियान की अगुवाई कर रही पूर्व मुख्यमंत्री भारती ने कहा कि सरकार लोगों की शराब पीने की लत का फायदा नहीं उठाना चाहिए, यह सरकार का धर्म नहीं है। निवाड़ी जिले के ओरछा में शराब की दुकान के सामने गायों को बांधने के बाद भारती ने वहां मौजूद चंद लोगों से कहा कि उन्हें शराब के बजाय दूध पीना चाहिए।

उन्होंने वहां गाय को चारा खिलाते हुए फोटो खिंचवाई और बाद में वहां से चली गईं।

गौरतलब है कि भाजपा नेता ने पिछले साल जून में इसी शराब की दुकान पर गाय का गोबर फेंका था। मार्च 2022 में उन्होंने भोपाल में एक शराब की दुकान पर पत्थर फेंका था।

# देश में उपेक्षित वर्गों का ग्रंथ रामचरितमानस नहीं बल्कि संविधान है : मायावती

एजेंसी। लखनऊ

**रामचरितमानस** प्रकरण में समाजवादी पार्टी (सपा) पर हमला करते हुए बहुजन समाज पार्टी (बसपा) नेता मायावती ने शुक्रवार को कहा कि देश में कमजोर एवं उपेक्षित वर्गों का ग्रंथ रामचरितमानस या मनुस्मृति नहीं बल्कि भारतीय संविधान है। मायावती ने कहा कि संविधान में बाबा साहब भीमराव आंबेडकर ने इन वंचित तबकों को शूद्र नहीं बल्कि अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी), अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की संज्ञा दी है और सपा इन्हें शूद्र कहकर उनका अपमान नहीं करे और न संविधान की अवहेलना करे।

सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य ने बृहस्पतिवार को कहा था कि धर्म की आड़ में की जाने वाली अपमानजनक टिप्पणियों का दर्द केवल महिलाएं और शूद्र ही समझ सकते हैं। मायावती ने ट्वीट कर कहा, देश में कमजोर एवं उपेक्षित वर्गों का ग्रंथ रामचरितमानस व मनुस्मृति आदि नहीं



बल्कि भारतीय संविधान है, जिसमें बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने इनको शूद्रों की नहीं बल्कि एससी, एसटी व ओबीसी की संज्ञा दी है। अतः इन्हें शूद्र कहकर सपा इनका अपमान न करे तथा न ही संविधान की अवहेलना करे। उन्होंने कहा, इतना ही नहीं, देश के अन्य राज्यों की तरह उप्र में भी दलितों, आदिवासियों व ओबीसी समाज के शोषण, अन्याय, नाइन्साफी तथा इन वर्गों में जन्मे महान संतों, गुरुओं व महापुरुषों आदि की उपेक्षा एवं तिरस्कार के मामले में कांग्रेस, भाजपा व समाजवादी पार्टी भी कोई किसी से कम नहीं। बसपा नेता ने कहा, साथ ही सपा प्रमुख को इनकी वकालत करने से पहले उन्हें लखनऊस्टेट गेस्ट हाउस के दो जून, 1995 की घटना को भी याद कर अपने गिरेबान में जरूर झांककर देखना चाहिए, जब मुख्यमंत्री बनने जा रही एक दलित की बेटी पर सपा सरकार में जानलेवा हमला कराया गया था।

### स्वामी प्रसाद मौर्य ने की थी टिप्पणी

**सपा** के विधान परिषद सदस्य स्वामी प्रसाद मौर्य ने 22 जनवरी को कहा था कि श्रीरामचरितमानस की कुछ पंक्तियों में जाति, वर्ण और वर्ग के आधार पर यदि समाज के किसी वर्ग का अपमान हुआ है तो निश्चित रूप से वह धर्म नहीं अधर्म है। मौर्य ने कहा था, श्रीरामचरित मानस की कुछ पंक्तियों में तेली और कुम्हार जैसी जातियों के नामों का उल्लेख है, जो इन जातियों के लाखों लोगों की भावनाओं को आहत करती हैं। मौर्य ने मांग की थी कि पुस्तक के ऐसे हिस्से पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए जो किसी की जाति या ऐसे किसी चिह्न के आधार पर किसी का अपमान करते हैं।

## विपक्ष ने केरल के बजट की आलोचना की

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में कांग्रेस नीत विपक्षी गठबंधन यूडीएफ ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए पेश राज्य सरकार के बजट की शुक्रवार को आलोचना की, जिसमें पेट्रोल, डीजल और शराब पर उपकर लगाने का प्रावधान किया गया है। यूडीएफ ने आरोप लगाया कि केरल की वाम सरकार लोगों को लूट रही है। केरल के वित्त मंत्री के एन बालगोपाल ने शुक्रवार को वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए वाम सरकार का बजट पेश किया। नेता प्रतिपक्ष वीडी सतीशन ने कहा कि वाम सरकार राज्य की नाजुक वित्तीय स्थिति छिपा रही है और उसने लोगों पर कर का बोझ बढ़ा दिया है। उन्होंने कहा, बजट राज्य सरकार की नाजुक वित्तीय हालत को छिपाता है और इसमें किए गए प्रावधान जनता को लूटने के समान हैं। शराब पर उपकर लगाने के फैसले से अधिक संख्या में लोग मादक पदार्थों का रुख करेंगे। बजट बिना पर्याप्त अध्ययन के पेश किया गया। सतीशन ने दावा किया कि जब राज्य ईंधन की उच्च कीमतों का सामना कर रहा है, तब पेट्रोल-डीजल के दामों में वृद्धि से बाजार पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा।

## कपूरथला केंद्रीय कारागार में कैदी ने की खुदकुशी

**कपूरथला।** एक विचाराधीन कैदी ने यहां केंद्रीय कारागार में कथित तौर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। कपूरथला केंद्रीय कारागार के अधीक्षक आईएस धालीवाल ने कहा कि 50 वर्षीय गुरचरन सिंह ने बृहस्पतिवार रात अपने बैरक के शौचालय में कपड़े का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। धालीवाल ने को बताया कि जालंधर के गांव बुसोवाल निवासी सिंह पर स्वापक औषधि एवं मन:प्रभावी पदार्थ अधिनियम के तहत मुकदमा चल रहा था और उसे एक फरवरी को जेल लाया गया था।

# अमेरिकी वायु क्षेत्र में जासूसी गुब्बारा उड़ने की रिपोर्ट पर गौर कर रहे हैं : चीन

एजेंसी। बीजिंग

**चीन** ने शुक्रवार को कहा कि वह उन रिपोर्टों पर गौर कर रहा है कि चीन का एक जासूसी गुब्बारा अमेरिकी वायु क्षेत्र में उड़ रहा था। उसने इस मुद्दे पर शांति बरतने की अपील करते हुए कहा कि उसका किसी भी संप्रभु देश के क्षेत्राधिकार तथा वायु क्षेत्र का उल्लंघन करने का कोई इरादा नहीं है।

विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने यह भी कहा कि उनके पास ऐसी कोई सूचना नहीं है कि अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन की अगले सप्ताह होने वाली चीन की यात्रा तय कार्यक्रम के अनुसार होगी या नहीं। ब्लिंकन व्यापार, ताइवान, मानवाधिकार और दक्षिण चीन सागर में चीन के दावों को लेकर संबंधों में तनाव कम करने के प्रयासों के तौर पर चीन की यात्रा करने वाले राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन के शीर्ष अधिकारी होंगे।

माओ ने नियमित संवाददाता सम्मेलन में कहा, चीन एक जिम्मेदार देश है और उसने अंतरराष्ट्रीय नियमों का हमेशा सख्ती से पालन किया है और चीन का किसी भी संप्रभु देश के क्षेत्राधिकार तथा वायु क्षेत्र का उल्लंघन करने का कोई इरादा नहीं है। गुब्बारे के लिए, जैसा कि मैंने अभी कहा, हम जांच कर रहे हैं और स्थिति का पता लगा रहे हैं। उम्मीद करते हैं कि दोनों पक्ष एक साथ मिलकर इससे शांतिपूर्वक तथा सावधानीपूर्वक निपट सकते हैं।

# टॉलीवुड डायरेक्टर के. विश्वनाथ का 92 साल की उम्र में निधन


## 55 फिल्मों को डायरेक्ट किया, 43 फिल्मों में की एक्टिंग

एजेंसी। मुंबई

**टॉलीवुड** के जाने-माने फिल्म डायरेक्टर और एक्टर के. विश्वनाथ का गुरुवार देर रात निधन हो गया। वह 92 साल के थे। लंबी बीमारी के चलते उन्हें हैदराबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। उनका पार्थिव शरीर अस्पताल से जुबली हिल्स स्थित उनके निवास स्थान पर देर रात करीब एक बजे लाया गया।

विश्वनाथ को साल 2017 में दादा साहेब फाल्के अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था। ये इंडियन फिल्म इंडस्ट्री का सर्वोच्च अवॉर्ड है। इसके अलावा उन्हें छह नेशनल फिल्म फेयर अवॉर्ड, आठ स्टेट नंदी अवॉर्ड और 10 फिल्मफेयर पुरस्कार अवॉर्ड से सम्मानित किया जा चुका है। के. विश्वनाथ का जन्म 19 फरवरी, 1930 को आंध्र प्रदेश के गुंटूर जिले के रेपल्ले में हुआ था। उन्हें कला तपस्वी के नाम से भी जाना जाता था। उन्होंने हिंदू कॉलेज गुंटूर में इंटरमीडिएट की पढ़ाई की। इसके बाद आंध्र विश्वविद्यालय से साइंस में स्नातक किया। अपनी पढ़ाई खत्म करने के बाद विश्वनाथ ने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत वाहिनी स्टूडियो चेन्नई में एक साउंड आर्टिस्ट के रूप में की थी।

### 71 साल के करियर में फिल्म जगत में मजबूत धाक बनाई



**के. विश्वनाथ** ने 1951 में तेलुगु फिल्म पत्थल भैरवी में असिस्टेंट डायरेक्टर के रूप में काम किया। इसके बाद उन्होंने 1965 में फिल्म आत्मा गोवरवम को डायरेक्ट किया, जिसने स्टेट नंदी अवॉर्ड जीता। उनकी सबसे बड़ी फिल्मों में शंकरभरणम, स्वाथिनुथ्यम, सागर संगमम और स्वयंकृषि शामिल हैं। विश्वनाथ ने आखिरी फिल्म साल 2010 में आई 'सुभाप्रदम' को डायरेक्ट किया था। करियर के 71 सालों में उन्होंने 55 फीचर फिल्मों में डायरेक्टर और 43 फिल्मों में एक्टर के रूप में काम किया।


# वाम गठबंधन ने पुरानी पेंशन योजना बहाल करने का वादा किया

**त्रिपुरा चुनाव**

एजेंसी। अगरतला

**त्रिपुरा** में विपक्षी मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) नीत वाम मोर्चे ने विधानसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को अपना घोषणापत्र जारी किया, जिसमें सत्ता में आने पर 2.5 लाख नई नौकरियों के साथ ही पुरानी पेंशन योजना बहाल करने का वादा किया गया है।

इसके साथ ही निर्धन वरिष्ठ नागरिकों को पेंशन और सरकारी कर्मचारियों को साल में दो बार महंगाई भत्ता (डीए) दिए जाने का भी वादा किया गया है। 15 पृष्ठों के घोषणापत्र में, छंटनी किए गए 10,323 शिक्षकों की बहाली, संविदा कर्मचारियों की सेवाओं को नियमित करने और जनजातीय परिषद को अधिक स्वायत्तता देने का भी वादा किया गया है। वाम मोर्चा के संयोजक नारायण कार ने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि




2018 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सत्ता में आने के बाद त्रिपुरा में लोकतंत्र का गला घोंट दिया गया। उन्होंने कहा, भाजपा-आईपीएफटी सरकार में लोगों के मतदान के अधिकार को छीन लिया गया जबकि आवाज उठाने की लोगों की स्वतंत्रता खो गई है। वाम मोर्चा अगर चुनाव जीतता है तो वह लोकतांत्रिक मूल्यों को बहाल करेगा। उन्होंने कहा, अगर वाम मोर्चा को लोगों का आशीर्वाद मिलता है तो हम अगले पांच साल में 2.5 लाख नौकरियों के अवसर सृजित करेंगे। कार ने कहा कि कोई भी व्यक्ति जिनकी उम्र 60 वर्ष से अधिक है और वार्षिक आय एक लाख रुपए से कम है, तो उन्हें सामाजिक पेंशन मिलेगी। उन्होंने कहा कि सरकार बनने की स्थिति में पुरानी पेंशन योजना बहाल की जाएगी।

## अबू धाबी से लौटा एअर इंडिया एक्सप्रेस का विमान

**नई दिल्ली।** केरल के कोझिकोड जाने वाला एअर इंडिया एक्सप्रेस का एक विमान उड़ान भरते समय इंजन में आई खराबी के कारण शुक्रवार को तड़के अबू धाबी हवाई अड्डे पर लौट गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) घटना की जांच करेगा।

डीजीसीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने प्रारंभिक रिपोर्ट के हवाले से बताया कि उड़ान भरने के दौरान विमान के एक इंजन में आग देखी गई थी। एअर इंडिया एक्सप्रेस के एक प्रवक्ता ने बताया कि बोइंग 737-800 विमान में कुल 184 यात्री सवार थे और ये सभी सुरक्षित हैं। एक सूत्र ने कहा कि विमान का एक इंजन खराब हो गया था। डीजीसीए अधिकारी के मुताबिक, अबू धाबी से कोझिकोड जा रही उड़ान संख्या वीटी-एवाईसी 348 को करीब एक हजार फुट की ऊंचाई पर इंजन संख्या-एक में आग लगने के बाद बीच रास्ते से वापस लौटा दिया गया।

## पद के दुरुपयोग मामले में दक्षिण कोरिया के पूर्व मंत्री को दो साल की जेल

**सोल।** दक्षिण कोरिया की एक अदालत ने देश के पूर्व कानून मंत्री चो कुक को अपने बच्चों को प्रतिष्ठित स्कूलों में दाखिला दिलाने के लिए फर्जी दस्तावेज बनाने के मामले में दोषी करार देते हुए शुक्रवार को दो साल के कारावास की सजा सुनाई। इस घोटाले के उजागर होने के बाद दक्षिण कोरिया की पूर्ववर्ती सरकार आलोचनाओं से घिर गई थी और देशभर में उसके खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध-प्रदर्शन हुए थे। चो को पूर्व राष्ट्रपति मून जे-इन के वरिष्ठ सहयोगी के रूप में सेवा देते हुए अपनी शक्तियों का दुरुपयोग करने का भी दोषी पाया गया। उन्होंने मून के करीबी माने जाने वाले वित्तीय सेवा आयोग के एक पूर्व अधिकारी के खिलाफ जांच रोक दी थी, जिसे व्यवसायियों से रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। हालांकि, सोल मध्य जिला अदालत ने चो को यह कहते हुए तत्काल गिरफ्तार न करने का फैसला किया कि उनके देश छोड़कर भागने का खतरा नहीं है और उनकी पत्नी उनके बच्चों के दाखिले से जुड़े मामले में पहले से ही जेल की सजा काट रही हैं।

# अडाणी मामले में जेपीसी जांच पर विपक्ष की मांग जायज नहीं: जेठमलानी

एजेंसी। नई दिल्ली

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद महेश जेठमलानी ने शुक्रवार को विपक्ष के इस आरोप को खारिज कर दिया कि अडाणी समूह में भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) द्वारा निवेश सरकार के इशारे पर किया गया था और कहा कि मामले की संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) से जांच कराने की मांग को जायज नहीं ठहराया जा सकता।

अडाणी समूह से जुड़े इस मामले को लेकर संसद के दोनों सदनों में विपक्षी दलों ने हंगामा और नारेबाजी की। इस वजह से दोनों सदनों की कार्यवाही बाधित हुई। विपक्षी सदस्य अडाणी समूह से जुड़े मामले में जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) गठित करने और इस मुद्दे पर संसद में चर्चा कराने की मांग कर रहे हैं। राज्यसभा सदस्य जेठमलानी ने कहा कि इन निवेशों में गड़बड़ी होने पर भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) जांच करेंगे। उन्होंने कहा, सरकार का इससे क्या लेना-देना है? किसी ने नहीं बताया कि इसमें सरकार की क्या भूमिका है? एलआईसी एक स्वतंत्र संगठन है। उन्होंने कुछ निवेश करने का फैसला किया है।

### विपक्ष जेपीसी गठित करने और इस मुद्दे पर संसद में चर्चा कराने की मांग कर रहे हैं



उन्होंने कहा, सेबी और आरबीआई इस पर गौर कर रहे हैं। अडाणी मामले की जेपीसी जांच की विपक्ष की मांग के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, उनकी रिपोर्ट आने दीजिए। सांसद ने कहा, जेपीसी जांच की मांग जायज नहीं है।

अडानी समूह के शेयरों, जहां एलआईसी ने भारी निवेश किया है, के मूल्य में 100 अरब डॉलर से अधिक की गिरावट आई है। अमेरिका की शॉर्टसेलिंग कंपनी हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के बाद अडाणी के शेयरों में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। समूह ने सभी आरोपों से इनकार किया है और रिपोर्ट को दुर्भावनापूर्ण और झूठ से भरा बताया है। विपक्ष ने पहले आरोप लगाया था कि अडाणी समूह में एलआईसी द्वारा निवेश मोदी सरकार के इशारे पर किया गया था। जेठमलानी ने 2002 के गुजरात दंगों पर बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री पर भी सवाल उठाए और दावा किया कि ब्रिटेन स्थित समाचार संगठन एक चीनी जागीरदार था। उन्होंने कहा, बीबीसी और चीनी राज्य के स्वामित्व वाली कंपनियों के बीच बहुत अधिक वित्तीय इंटर-लॉकिंग है। इन्होंने पैसे लिए हैं।

उन्होंने मानवाधिकार उल्लंघनों से संबंध रखने के आरोपी चीन की सरकारी कंपनियों में 47,000 कर्मचारियों के अपने पेंशन कोष से कम से कम 15 करोड़ पाउंड का निवेश किया है। भाजपा सांसद ने कहा, इस प्रकार के वित्तीय लेनेदेन से शक ही पैदा होता है।

### अडाणी समूह से जुड़े मामले पर सरकार चर्चा नहीं होने दे रही है: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि नरेन्द्र मोदी सरकार अडाणी समूह से जुड़े मामले पर संसद में चर्चा नहीं होने दे रही है। तिरुवनंतपुरम से लोकसभा सदस्य थरूर ने कहा, विपक्ष पार्टियों की सिर्फ यही मांग है कि इस विषय (अडाणी मामले) पर चर्चा हो जाए क्योंकि आम आदमी पर इसका



क्या असर होगा, उस बारे में हमें जानना चाहिए। उनका कहना था, एलआईएसी और दूसरे पीएसयू ने (अडाणी के) शेयर में निवेश किया हुआ है, साधारण आदमी की बचत एलआईसी और सार्वजनिक बैंकों में जमा है तो उसे यह पता होना चाहिए कि उसकी बचत सुरक्षित है, सरकार कुछ कर रही है। थरूर ने कहा, संसद प्रश्न पूछने के लिए होती है। अगर चर्चा नहीं होने देंगे तो फिर क्या मतलब है। लोकतंत्र में संसद चर्चा के लिए होती है। लोकसभा में शुक्रवार को कांग्रेस समेत कई विपक्षी दलों के सदस्यों ने अडाणी समूह से जुड़े मामले को लेकर नारेबाजी की जिस वजह से सदन की कार्यवाही आरंभ होने के कुछ मिनट बाद ही अपराह्न दो बजे तक स्थगित कर दी गई।


## ईयू अधिकारी जेलेंस्की से मिलेंगे

**कीव।** यूरोपीय संघ (ईयू) के शीर्ष अधिकारी शुक्रवार को कीव में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मिलेंगे और रूस से युद्ध लड़ रहे देश के प्रति समर्थन प्रदर्शित करेंगे। रूस के आक्रमण का मुकाबला करने के लिए यूक्रेन, ईयू के साथ-साथ नाटो में शामिल होने का भी प्रयास कर रहा है।

यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेएन और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष चार्ल्स मिशेल के साथ ही 15 यूरोपीय आयुक्त यूक्रेन की राजधानी पहुंचे हैं और उन्होंने जेलेंस्की से होने वाली मुलाकात को शिखर बैठक करार दिया है। इस तरह का आखिरी शिखर सम्मेलन अक्टूबर 2021 में युद्ध शुरू होने से कुछ महीने पहले कीव में आयोजित किया गया था। कीव पहुंचने पर मिशेल ने एक ट्वीट में कहा, हमारे संकल्प में कोई कमी नहीं आएगी।

# सावधान! रक्त और फेफड़ों के बाद अब वैज्ञानिकों को इंसानी नसों में मिले माइक्रोप्लास्टिक के अंश

## वैज्ञानिकों को नसों के प्रति ग्राम ऊतक में माइक्रोप्लास्टिक के 15 कण मिले हैं



**वैज्ञानिकों** को पेंट और फूड पैकेजिंग में इस्तेमाल होने वाले माइक्रोप्लास्टिक के हिस्से इंसानी शिराओं में मिले हैं। गौरतलब है कि इससे पहले प्लास्टिक के यह महीन कण रक्त और इंसानी फेफड़ों के अंदर काफी गहराई में पाए गए थे। इंसानी शरीर में इनके मिलने के सबूत एक बात तो पूरी तरह स्पष्ट करते हैं कि वातावरण में बढ़ता प्लास्टिक का यह जहर न केवल हमारे वातावरण बल्कि हमारी नसों और शरीर के अंगों तक में घुल चुका है।

यह पहला मौका है जब वैज्ञानिकों को संवहनी ऊतकों में माइक्रोप्लास्टिक की मौजूदगी का पता चला है। जो दर्शाता है कि यह महीन कण रक्त वाहिकाओं के माध्यम से मानव ऊतक में प्रवेश कर सकते हैं। देखा जाए तो आज दुनिया में कोई भी जगह ऐसी नहीं है जो प्लास्टिक के इस बढ़ते प्रदूषण से बची है।

गौरतलब है कि इससे पहले गहरे समुद्रों से लेकर पहाड़ की ऊंचाइयों तक पर इसके होने के सबूत सामने आ चुके हैं। ऐसे में इनका नसों में पाया जाना एक बड़ी चिंता का विषय है। वहीं जर्नल एनवायरनमेंट इंटरनेशनल में प्रकाशित एक अध्ययन में अजन्मे शिशुओं के प्लेसेंटा (गर्भनाल) में माइक्रोप्लास्टिक के होने का पता चला था।

यह अध्ययन हल विश्वविद्यालय और हल यॉर्क मेडिकल स्कूल के साथ हल यूनिवर्सिटी टीचिंग हॉस्पिटल्स एनएचएस के शोधकर्ताओं द्वारा किया गया है, जिसके नतीजे जर्नल एक फरवरी 2023 को जर्नल प्लोस वन में प्रकाशित हुए हैं।

अपने इस पायलट अध्ययन में शोधकर्ताओं ने अध:शाखा शिरा यानी सेफीनस शिराओं के ऊतकों का विश्लेषण किया है। जिन्हें दिल की बाइपास सर्जरी के लिए भर्ती रोगियों से लिया गया था। गौरतलब है कि यह सेफीनस शिराएं, पैरों में मौजूद रक्त वाहिकाएं होती हैं, जो हृदय से पैरों और पैरों से रक्त को वापस हृदय तक भेजने में मदद करती हैं।

इन नसों में ऊतकों की तीन परतें होती हैं। वहीं कोरोनरी आर्टरी बाईपास ग्राफ्टिंग सर्जरी (सीएबीजी), जिसे आमतौर पर 'बाईपास सर्जरी' के नाम से भी जाना जाता है। यह सर्जरी तब की जाती है जब हृदय की मांसपेशियों को रक्त की आपूर्ति करने वाली कोरोनरी धमनियां अवरुद्ध या फिर संकुचित हो जाती हैं।

शोधकर्ताओं के मुताबिक इससे पहले अब तक किसी भी अध्ययन में इस बात की जांच नहीं की गई है कि माइक्रोप्लास्टिक रक्त वाहिकाओं सहित किसी भी अन्य जैविक बाधा में घुसपैठ कर सकता है या फिर उसे पार कर सकता है। न ही पर्यावरण में बढ़ते माइक्रोप्लास्टिक के जोखिम और सीएबीजी के परिणामों के बीच किसी संभावित लिंक की जांच की गई है। इस अध्ययन में जो नतीजे सामने आए हैं उनके अनुसार वैज्ञानिकों को नसों के प्रति ग्राम ऊतक में माइक्रोप्लास्टिक के 15 कण मिले हैं।

इस बारे में शोध का नेतृत्व करने वाली हल विश्वविद्यालय की पर्यावरण विषविज्ञानी प्रोफेसर जेनेट रोचेल ने जानकारी दी है कि, हम निष्कर्ष को लेकर हैरान हैं। हम इस बात को पहले ही जानते हैं कि माइक्रोप्लास्टिक्स रक्त में मौजूद हैं, लेकिन यह स्पष्ट नहीं था कि क्या वो रक्त वाहिकाओं के संवहनी ऊतक को पार कर सकते हैं। उनके अनुसार अध्ययन से यह स्पष्ट हो गया है कि वो ऐसा कर सकते हैं।

### पर्यावरण के साथ-साथ स्वास्थ्य के लिए भी बड़ी समस्या बन चुका है माइक्रोप्लास्टिक

प्रोफेसर जेनेट का कहना है कि मानव स्वास्थ्य पर इसके क्या प्रभाव पड़ सकते हैं इस बारे में पूरी जानकारी नहीं है। लेकिन पता चला है कि यह सूजन और तनाव-प्रतिक्रियाओं का कारण बन सकते हैं।

शोध के मुताबिक माइक्रोप्लास्टिक्स के स्तर बृहदान्त्र और फेफड़ों के ऊतकों जितने या उससे ज्यादा थे। हालांकि उनका आकार समान था। वहीं माइक्रोप्लास्टिक्स के यह कण पांच अलग-अलग तरह के प्लास्टिक पॉलीमर के थे जो पहले से अलग थे।

इनमें अल्काइड रेसिन जो सिंथेटिक पेंट, वार्निश और एनामेल्स आदि में इस्तेमाल किया जाता है वो शामिल था। साथ ही पॉलीविनाइल एसीटेट (पीवीएसी), जो खाद्य पैकेजिंग, शिपिंग बॉक्स/ बैग, कागज, प्लास्टिक और फॉयल में चिपकने के लिए उपयोग होने वाला घटक है। यह लकड़ी के गोंद के मुख्य अवयवों में से एक है, लेकिन इसका हाल ही में बायोमेडिकल में भी उपयोग हो रहा है। इसी तरह नायलॉन और ईवीओएच-ईवीए के भी अंश मिले हैं, जो प्लास्टिक पॉलीमर को जोड़ने और लचीले पैकेजिंग उत्पाद बनाने के लिए उपयोग किया जाता है। इसके अलावा इसे तार, केबल और पाइप में लेमिनेशन के लिए भी इस्तेमाल किया जाता है।

इनके खतरों के बारे में जानकारी देते हुए अध्ययन से जुड़े अन्य शोधकर्ता प्रोफेसर महमूद लौबानी ने जानकारी दी है कि नसों में इन माइक्रोप्लास्टिक्स की मौजूदगी शिराओं के अंदरूनी हिस्सों को नुकसान पहुंचा सकती है, जिससे यह समय बीतने के साथ अवरुद्ध हो सकती हैं।

जर्नल केमिकल रिसर्च टॉक्सिकोलॉजी में प्रकाशित एक रिसर्च से पता चला है कि माइक्रोप्लास्टिक शरीर की कोशिकीय कार्यप्रणाली को प्रभावित कर सकता है। शोधकर्ताओं के मुताबिक एक बार जब प्लास्टिक के यह महीन कण सांस या किसी अन्य तरीके से शरीर में पहुंच जाते हैं तो वो कुछ दिनों में ही फेफड़ों की कोशिकाओं के मेटाबॉलिज्म और विकास को प्रभावित या फिर उसे धीमा कर सकते हैं। साथ ही उसके आकार में भी बदलाव कर सकते हैं।

इतना ही नहीं अध्ययन से पता चला है कि हमारी रोजमर्रा की चीजों जैसे टूथपेस्ट, क्रीम आदि से लेकर हमारे भोजन, हवा और पानी तक में मौजूद यह माइक्रोप्लास्टिक्स, बैक्टीरिया में एंटीबायोटिक रेसिस्टेन्स को 30 गुना तक बढ़ा सकते है। देखा जाए तो बढ़ता माइक्रोप्लास्टिक न केवल पर्यावरण बल्कि हमारे स्वास्थ्य के लिए भी एक बड़ा खतरा बन चुका है। ऐसे में इससे बचने के लिए तत्काल कार्रवाई करने की जरूरत है।

# हर दशक भारत में 15 दिन से अधिक बढ़ रही शीतलहर के दिनों की संख्या : अध्ययन



**पुणे** के इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रॉपिकल मेट्रोलॉजी (आईआईटीएम) के मुताबिक हाल के दशकों में भारत में भले ही कई रिकॉर्ड तोड़ गर्म साल देखे गए हों, लेकिन बढ़ते तापमान के बावजूद देश में शीतलहर के दिनों में कोई कमी नहीं आई है।

यह अध्ययन इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रॉपिकल मेट्रोलॉजी (आईआईटीएम) के वैज्ञानिकों के नेतृत्व में किया गया है। पिछले सात दशकों, 1951 से 2022 में शीतलहर की घटनाओं की संख्या के विश्लेषण में पाया गया कि पिछले दशकों की तुलना में हाल के दशक में शीतलहर के दिन बढ़ रहे हैं।

### कब होती है शीतलहर की घोषणा

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) शीतलहर की घोषणा तब करता है जब मैदानी इलाकों में एक मौसम स्टेशन का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस के बराबर या उससे कम होता है और उस अवधि के लिए सामान्य तापमान से 4.5 से 6.4 डिग्री सेल्सियस कम होता है। आईआईटीएम के अनुसार शीत लहरों के आने और बने रहने के लिए पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव सबसे अहम होता है। एक बार जब ठंडी उत्तर-पश्चिमी हवाएं इस क्षेत्र से गुज़रती हैं, तो तापमान में गिरावट शुरू हो जाती है। जब दो पश्चिमी विक्षोभों के बीच का अंतर बड़ा होता है, तो गंभीर शीतलहर का प्रकोप होता है। पश्चिमी विक्षोभ की कमी के कारण बारिश में कमी होती है, जिसके कारण तापमान में कमी आती है।हाल के दशक में, भारत के आंतरिक शीतलहर वाले इलाकों में मध्य और पूर्वी भागों में शीतलहर के अधिक दिन देखे गए हैं। इलाकों में पूर्व और पश्चिम मध्य प्रदेश, झारखंड, विदर्भ, मराठवाड़ा, उत्तर प्रदेश, बिहार और उत्तर-पश्चिम भारत के कुछ क्षेत्र जैसे छत्तीसगढ़, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली इसमें शामिल हैं। अध्ययन के अनुसार 2011 से 2021 की अवधि के दौरान, मध्य और पूर्वी भागों में, शीतलहर के दिनों की औसत संख्या में प्रति दशक पांच दिनों से अधिक और यहां तक कि प्रति दशक 15 दिनों से अधिक की वृद्धि हुई है।

> अध्ययन के अनुसार 2011 से 2021 की अवधि के दौरान, मध्य और पूर्वी भागों में शीतलहर के दिनों की औसत संख्या में प्रति दशक पांच दिनों से अधिक और यहां तक कि प्रति दशक 15 दिनों से अधिक की वृद्धि हुई है।

अध्ययन में कहा गया है कि औसतन, भारत में आंतरिक शीतलहर वाले क्षेत्र के मध्य और पूर्वी हिस्सों में 1951 से 2011 से अधिकांश दशकों के दौरान प्रति 10 वर्षों में दो से पांच दिन दर्ज किए जाते थे। 2021 जो कि बीते पिछले दशक, में यह बढ़कर लगभग पांच से 15 दिन हो गया है। इसलिए यह माना जा सकता है कि हाल के दिनों में शीतलहर की घटनाएं इस शीतलहर वाले क्षेत्र के मध्य और पूर्वी हिस्सों में अधिक होती हैं, उत्तर के जम्मू और कश्मीर को छोड़कर, जहां दशकों से कोई बदलाव नहीं देखा गया है।

# संसद में आज: हिमालयी इलाकों में बन रही हैं 30 बड़ी जल विद्युत परियोजनाएं

### जोशीमठ में भू-धंसाव से प्रभावित परिवार के पुनर्वास के लिए सरकार ने 45 करोड़ रुपए किए जारी



**वर्तमान** में 11137.50 मेगावाट की कुल स्थापित क्षमता वाली 30 बड़ी जल विद्युत परियोजनाएं (एचईपी) (25 मेगावाट स्थापित क्षमता से ऊपर) हैं जो देश के विभिन्न राज्यों में हिमालयी इलाकों में विकसित की जा रही हैं। इन परियोजनाओं में से कुल 10381.5 मेगावाट की 23 जलविद्युत परियोजनाएं सक्रिय निर्माणाधीन हैं और कुल 756 मेगावाट की सात जल विद्युत परियोजनाओं का काम रुका हुआ है, यह आज ऊर्जा और नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह ने लोकसभा में बताया।

### राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन

नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत, गंगा नदी और इसकी सहायक नदियों के कायाकल्प के लिए अपशिष्ट जल उपचार, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, रिवर फ्रंट मैनेजमेंट (घाट और श्मशान घाट विकास), ई-फ्लो, वनीकरण, जैव विविधता संरक्षण और सार्वजनिक भागीदारी आदि जैसे हस्तक्षेपों की एक व्यापक श्रेणी बनाई गई है। अब तक 32,912.40 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से कुल 409 परियोजनाएं शुरू की गई हैं, जिनमें से 232 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं और उन्हें चालू कर दिया गया है।

अधिकांश परियोजनाएं सीवेज इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण से संबंधित हैं क्योंकि अनुपचारित घरेलू व औद्योगिक अपशिष्ट जल नदी में प्रदूषण का मुख्य कारण है। 5,269.87 मिलियन लीटर प्रति दिन (एमएलडी) सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) क्षमता के निर्माण और पुनर्वास के लिए 26,673.06 करोड़ रुपये की लागत से 177 सीवरेज इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट शुरू किए गए हैं और लगभग 5,213.49 किलोमीटर सीवरेज नेटवर्क बिछाया गया है, इस बात की जानकारी आज जल शक्ति राज्य मंत्री बिश्वेश्वर टुडू ने लोकसभा में दी।

### सौर शहरों की स्थापना

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) ने सभी राज्यों, केन्द्र शासित प्रदेशों से सौर शहर के रूप में विकसित किए जाने वाले कम से कम एक शहर की पहचान करने का अनुरोध किया है। अब तक, 26 राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों ने सौर शहरों के रूप में विकसित किए जाने वाले शहरों की पहचान की है। छत्तीसगढ़ राज्य ने सौर शहर के रूप में विकसित होने के लिए नए रायपुर शहर को चुना है और तमिलनाडु राज्य ने अभी तक शहर को सौर शहर के रूप में विकसित करने के बारे में जानकारी नहीं दी है, यह आज ऊर्जा और नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह ने लोकसभा में बताया।

### ट्रांस-हिमालयी क्षेत्र में विकासात्मक गतिविधियों का पर्यावरणीय प्रभाव

मंत्रालय ने संशोधित पर्यावरण प्रभाव आकलन अधिसूचना, 2006 में परियोजना के पर्यावरणीय और सामाजिक प्रभावों के व्यापक मूल्यांकन के लिए एक विस्तृत प्रक्रिया का वर्णन किया है। इसमें अन्य बातों के साथ-साथ ट्रांस-हिमालयी इलाकों में स्थित परियोजना के स्थान को ध्यान में रखते हुए पर्यावरण और सामाजिक प्रभावों के आकलन के लिए विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (ईएसी) द्वारा विचार प्रक्रिया के चार चरणों अर्थात जांच, दायरे, सार्वजनिक परामर्श और मूल्यांकन को शामिल किया गया है।

विशिष्ट परियोजनाओं के संदर्भ में पूर्वोक्त और अन्य संबंधित कारणों का अध्ययन पर्यावरणीय प्रभाव आकलन, पर्यावरण प्रबंधन योजना की तैयारी का आधार बनता है। इस बात की जानकारी आज केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय में राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने राज्यसभा में दी।

### जंगली जानवरों की आबादी के नियंत्रण के लिए गर्भनिरोधक उपाय

मानव वन्यजीव संघर्ष में शामिल प्रजातियों की आबादी के प्रबंधन पर मंत्रालय ने भारतीय वन्यजीव संस्थान, देहरादून को 10.65 करोड़ रुपये की लागत की एक परियोजना को मंजूरी दी है, जिसमें हाथी, जंगली सुअर, रीसस मकाक और नीलगाय के चार प्रजातियों की आबादी के प्रबंधन के लिए प्रतिरक्षा गर्भनिरोधक उपायों पर अध्ययन करना शामिल है। यह आज केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय में राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने राज्यसभा में बताया।

### देश में नदियों का कायाकल्प

राष्ट्रीय वनीकरण और पर्यावरण-विकास बोर्ड (एनएईबी), केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने भारतीय परिषद वानिकी अनुसंधान और शिक्षा (आईसीएफआरई), देहरादून को 13 प्रमुख भारतीय नदियों अर्थात झेलम, चिनाब, रावी, ब्यास, के कायाकल्प के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने का काम सौंपा है। वानिकी हस्तक्षेप के माध्यम से सतलुज, यमुना, ब्रह्मपुत्र, लूनी, नर्मदा, गोदावरी, महानदी, कृष्णा और कावेरी 13 नदियों के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) कार्यान्वयन के लिए संबंधित राज्य को भेजी गई है, इस बात की जानकारी आज केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय में राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने राज्यसभा में दी।

### जोशीमठ में भू-धंसाव के लिए मुआवजा

राज्य सरकार की रिपोर्ट के अनुसार 863 भवनों में दरारें देखी गई हैं और लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 995 सदस्यों वाले 296 परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित कर दिया गया है। राज्य सरकार ने प्रत्येक प्रभावित परिवार के पुनर्वास के लिए 1,00,000 रुपये अग्रिम और 50,000 रुपये विस्थापन भत्ता के भुगतान के आदेश जारी किए हैं। इसके लिए 45 करोड़ रुपये जारी कर दिए गए हैं। 30.01.2023 तक, कुल 235 प्रभावित परिवारों को राहत सहायता के रूप में 3.50 करोड़ रुपये वितरित किए गए हैं, यह आज कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय और प्रधान मंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने राज्यसभा में बताया।

# विकास की अंधाधुंध होड़ मांसाहारियों के लिए सबसे बड़ा खतरा: अध्ययन



> वैश्विक स्तर पर पिछली शताब्दी में मांसाहारी आबादी में भारी गिरावट देखी गई है, शेर और बाघ अपनी ऐतिहासिक सीमा के 90 प्रतिशत से अधिक गायब हो चुके हैं।

**एक** नए अध्ययन के मुताबिक शेरों, बाघों और भेड़ियों जैसे बड़े मांसाहारी जीवों की आबादी में गिरावट इनके रहने की जगहों के नुकसान या जलवायु परिवर्तन की तुलना में तेजी से मानव आर्थिक विकास की होड़ इसके पीछे का कारण हो सकता है। अध्ययन में पाया गया कि तेजी से हो रहे आर्थिक विकास मांसाहारी जीवों की आबादी में तेजी से गिरावट का कारण बन रहा है।

शोधकर्ता थॉमस जॉनसन ने कहा कि, तेजी से विकास के बीच, लोग मांसाहारियों के प्रति कम सहनशील होते दिखाई दे रहे हैं, इनके बीच संघर्ष बढ़ रहे हैं, साथ ही अवैध शिकार और उत्पीड़न की घटनाएं बढ़ रही हैं।

जॉनसन ने बताया कि कुछ मांसाहारियों का उनके मांस या वन्यजीवों के व्यापार के लिए शिकार किया जाता है, जबकि अन्य जैसे शेर, किसी की आजीविका के लिए खतरा पैदा होने के चलते जैसे कि उनके मवेशी या उनके जीवन लिए खतरे को देखते हुए उन्हें मार दिया जाता है।

जॉनसन ने कहा, ये चीजें वास्तव में आवासों के नुकसान की तुलना में कहीं अधिक प्रभाव डाल रहे हैं। परंपरागत रूप से निवास स्थान के नुकसान को मांसाहारी आबादी के लिए प्राथमिक खतरा माना जाता है, लेकिन शोधकर्ताओं ने कहा कि मानव विकास द्वारा इन्हें 'बौना' कर दिया गया है। अध्ययन में कहा गया है कि जैसे-जैसे मानव समुदाय समृद्ध होता है और सामाजिक आर्थिक विकास धीमा होता है तो मांसाहारी आबादी बढ़ जाती है।

शोधकर्ताओं ने कहा कि यह बेहतर निवास स्थान संरक्षण से इन्हें बचाया जा सकता है, लोगों के बीच जागरूकता से जानवरों की देखभाल करने और लोगों की उन्हें मारने की इच्छा भी कम होती है।

यूनिवर्सिटी ऑफ रीडिंग के शोधकर्ताओं के अनुसार, यूरोप में ग्रे वुल्फ की आबादी पहले ही बढ़ चुकी है, जो 1960 के दशक से जीवन की बेहतर गुणवत्ता और महाद्वीप पर धीमी आर्थिक विकास के कारण 1,800 प्रतिशत बढ़ गई। वह बहाली न केवल संरक्षित पार्कों में बल्कि जंगली इलाकों में भी हो रही है।

जॉनसन ने कहा कि यूरोप में भूरे भालू और लिंक्स की आबादी भी ठीक होने लगे हैं, जबकि भारत में बाघों की आबादी इसी तरह से बढ़ने लगी है।लेकिन अफ्रीका के कई हिस्सों ने इन निष्कर्षों का समर्थन नहीं किया, जबकि महाद्वीप ने तेजी से विकास नहीं देखा, फिर भी यहां की मांसाहारी आबादी में गिरावट आई है। जॉनसन ने कहा कि ऐसा इसलिए हो सकता है क्योंकि दशकों पहले औपनिवेशिक शासन के तहत आबादी में गिरावट आई थी।

निष्कर्ष मानव विकास बनाम मांसाहारियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने के बीच एक तनाव को सामने लाते हैं। जॉनसन ने सुझाव दिया कि धनी राष्ट्र - बड़े मांसाहारी आबादी में गिरावट के लिए जिम्मेदार, वित्तीय सहायता के माध्यम से उन्हें बचने के लिए कम विकसित देशों की मदद कर सकते हैं। इसमें संरक्षण को बढ़ावा देने के साथ-साथ जीविका कमाने के लिए पर्याप्त जैव विविधता में निवेश करने वाले समुदाय शामिल हो सकते हैं।

जॉनसन ने कहा यदि आप लोगों को गरीबी में धकेलते हैं, तो लोग कभी भी जैव विविधता के साथ नहीं रहेंगे, उन्हें आशा है कि नीति मांसाहारी जीवों के नुकसान को एक अहम मुद्दे के रूप में मानने से आगे बढ़ेगी। उन्होंने कहा हम इसके बारे में एक सामाजिक आर्थिक समस्या के साथ-साथ एक पर्यावरणीय समस्या के रूप में सोचना शुरू करें।

इस कार्य में पिछले 50 वर्षों में 80 से अधिक देशों में मांसाहारियों की 50 प्रजातियों को देखा गया। वैश्विक स्तर पर पिछली शताब्दी में मांसाहारी आबादी में भारी गिरावट देखी गई है, शेर और बाघ अपनी ऐतिहासिक सीमा के 90 प्रतिशत से अधिक गायब हो चुके हैं। यूके में कई स्थानीय मांसाहारी प्रजातियां जैसे लिंक्स, भेड़िया और भालू पहले ही विलुप्त होने के कगार पर पहुंच चुके हैं। शोधकर्ताओं ने उम्मीद जताई है कि इस अध्ययन के निष्कर्ष मांसाहारी जीवों की आबादी की रक्षा के लिए नीतियों में सुधार करने में मदद कर सकते हैं, जो दुनिया के कई हिस्सों में विलुप्त होने के कगार पर पहुंच गए हैं। यह अध्ययन नेचर कम्युनिकेशंस नामक पत्रिका में प्रकाशित हुआ है।

# विश्व कप नायक जोगिंदर शर्मा ने इंटरनेशल क्रिकेट से लिया संन्यास

## टी-20 वर्ल्ड कप 2007 में फेंका था फाइनल ओवर

## 39 साल की उम्र में गेम को कहा अलविदा





**एजेंसी।** नई दिल्ली

**भारत** के पूर्व मध्यम गति के गेंदबाज जोगिंदर शर्मा ने शुक्रवार को क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ 2007 विश्व टी-20 फाइनल में अंतिम ओवर में टीम को जीत दिलाई थी।

जोगिंदर ने 2004 और 2007 के बीच चार वनडे और इतने ही टी-20 में भारत का प्रतिनिधित्व किया और पांच विकेट झटके। घरेलू क्रिकेट में हरियाणा का प्रतिनिधित्व करने वाले जोगिंदर ने ट्विटर पर पोस्ट किए हुए संदेश में कहा, 2002 से 2017 तक मेरी क्रिकेट यात्रा मेरी जिंदगी के शानदार वर्ष रहे और शीर्ष स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करना सम्मानजनक रहा। उन्होंने कहा, मेरे सभी साथियों, कोचों, मेंटोर और सहयोगी स्टाफ के साथ खेलना सम्मान की बात रही और मैं आप सभी को मेरा सपना सच करने में मदद के लिए धन्यवाद देता हूं। शुरुआती टी-20 विश्व कप फाइनल के अंतिम ओवर में कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने उन्हें गेंद सौंपी और कम अनुभवी जोगिंदर ने भारत को जीत दिलाई जो क्रिकेट के इतिहास में सबसे शानदार पल में से एक रहा। यह मैच जोगिंदर के लिए देश के लिए अंतिम मुकाबला रहा। वह इंडियन प्रीमियर लीग में चेन्नई सुपर किंग्स में थे जिसके बाद पुलिस सेवा से जुड़ गए और पुलिस उपाधीक्षक पद पर रहे। उन्होंने कोविड-19 महामारी के दौरान भी काफी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा, मैं यह घोषणा कर उत्साहित हूं कि मैं विश्व क्रिकेट और इसके व्यावसायकि पहलू में नए मौके तलाश रहा है जिससे मैं इस खेल से जुड़ा रहूंगा जिसे में बहुत पसंद करता हूं। वह हाल में पिछले साल सितंबर में लीजेंड्स क्रिकेट लीग में दिखाई दिए थे।

### पत्र में कहा, खेल से जुड़े रहेंगे

**जोगिन्दर** ने चिट्ठी में यह भी लिखा कि मुझे खुशी हो रही है कि मुझे भारत से क्रिकेट खेलने का मौका मिला। आगे चलकर दूसरे व्यवसाय में नए अवसरों की तलाश करूंगा। मैं इस खेल में दूसरे तरीकों से भाग लेना जारी रखूंगा। मेरा मानना है कि एक क्रिकेटर के रूप में अब मेरा अगला पड़ाव यही है। मैं लाइफ के नए चैप्टर की ओर बढ़ रहा हूं।



# खिलाड़ियों के फ्रेंचाइजी क्रिकेट को तरजीह देने से दुखी बटलर

**एजेंसी।** लंदन

**इंग्लैंड** के सीमित ओवरों के कप्तान जोस बटलर ने स्वीकार किया कि खिलाड़ियों के फ्रेंचाइजी क्रिकेट को तरजीह देने से अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों के लिए सर्वश्रेष्ठ टीम नहीं चुन पाने से वह दुखी हैं।

एलेक्स हेल्स, सैम बिलिंग्स और डेविड विले ने फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेलने के लिए मार्च में बांग्लादेश के खिलाफ श्रृंखला नहीं खेलने का फैसला किया है।

बटलर ने ईएसपीएन क्रिकइन्फो से कहा , हम अपनी सर्वश्रेष्ठ उपलब्ध टीम चुनना चाहते हैं। विश्व कप और आईसीसी के बड़े टूर्नामेंटों में कई बार हताशा होती है कि ऐसा कर नहीं पाते लेकिन मैं खिलाड़ियों के फैसले को समझता हूं। इंग्लैंड 2019 विश्व कप के बाद से अब तक खेले गए 33 वनडे में 37 खिलाड़ियों को चुन चुका है। बटलर ने कहा, यह अजीब हालात है।

जिस तरह से मैचों का कार्यक्रम है, हमें दोनों पक्षों को समझना होगा। इंग्लैंड का कप्तान होने के नाते मैं चाहता हूं कि सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी खेलें लेकिन फिर खिलाड़ियों के नजरिए से सोचूं तो इंग्लैंड के लिए खेलने और फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेलने से होने वाली कमाई में काफी अंतर है जो समझना होगा। इंग्लैंड ने बांग्लादेश दौरे से पहले दो नए खिलाड़ियों टॉम एबेल और रेहान अहमद को टीम में चुना है। बटलर ने कहा, इन हालात में आपको सर्वश्रेष्ठ उपलब्ध विकल्प चुनना होगा। अगर कोई नहीं खेलता है तो दूसरे को मौका मिलेगा लेकिन मैं उन हालात में नहीं जाना चाहता जहां आप कहो कि ये खिलाड़ी अब कभी इंग्लैंड के लिए फिर नहीं खेल सकेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रणीत थाईलैंड ओपन के क्वार्टर फाइनल में पराजित

**बैंकॉक।** भारतीय खिलाड़ी बी साई प्रणीत थाईलैंड ओपन सुपर 300 बैडमिंटन के पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में शुक्रवार को यहां चीन के विश्व में 23वें नंबर के खिलाड़ी ली शी फेंग से हार गए। तोक्यो ओलंपिक में खेलने वाले प्रणीत पहले गेम में एक समय 15-10 से आगे थे लेकिन आखिर में उन्हें 17-21, 23-21, 18-21 से हार का सामना करना पड़ा। इससे टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती भी समाप्त हो गई। प्रणीत ने पहले गेम में शुरू में पिछड़ने के बाद इंटरवल तक 11-7 से बढ़त बनाई थी। चीनी खिलाड़ी ने हालांकि इसके बाद वापसी करके लगातार पांच अंक बनाए और फिर पहला गेम अपने नाम किया। दूसरे गेम में ली ने एक समय 16-10 से बढ़त बना रखी थी लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने जज्बा दिखाया और शानदार वापसी करके मैच को निर्णायक गेम तक खींचा। निर्णायक गेम में ली 18-12 की बढ़त हासिल करके जीत के करीब पहुंच गए लेकिन प्रणीत ने हार नहीं मानी और स्कोर 18-19 कर दिया। चीनी खिलाड़ी ने इसके बाद लगातार दो अंक बनाकर मैच अपने नाम किया।

### भारत आईबीए विश्व मुक्केबाजी रैंकिंग में तीसरे स्थान पर

**नई दिल्ली।** भारत अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ (आईबीए) की ताजा विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। भारतीय मुक्केबाजों ने 36,300 रैंकिंग अंक जुटाए जिससे देश ने अमेरिका और क्यूबा जैसे शीर्ष मुक्केबाजी पावरहाउस को पीछे छोड़ दिया जो मौजूदा रैंकिंग में चौथे और नौंवे स्थान पर हैं। कजाखस्तान (48,100) शीर्ष रैंकिंग पर काबिज देश है जिसके बाद उज्बेकिस्तान (37,600) दूसरे स्थान पर है। भारतीय मुक्केबाजी ने हाल के वर्षों में अभूतपूर्व बढ़ोतरी की है जिसमें टीमें लगातार वैश्वितक टूर्नामेंट जैसे विश्व चैम्पियनशिप, एशियाई खेल और राष्ट्रमंडल खेलों में शीर्ष पांच देशों में शामिल रही। पिछले दो राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय मुक्केबाजों ने 16 पदक जीते। 2008 से शीर्ष अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में उन्होंने 140 पदक हासिल किए। वहीं 2016 से भारतीय मुक्केबाजों ने पुरुष और महिला वर्गों में 16 एलीट विश्व चैम्पियनशिप पदक जीते। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) ने भी देश में कई बड़े टूर्नामेंट की मेजबानी की और अब 15 से 26 मार्च तक देश में तीसरी बार प्रतिष्ठित महिला विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप का आयोजन किया जाएगा।

### भारत के खिलाफ आस्ट्रेलिया को जंपा की कमी खलेगी : श्रीराम

**बेंगलुरू।** आस्ट्रेलिया के पूर्व सहायक कोच श्रीधरन श्रीराम भारत के खिलाफ नौ फरवरी से शुरू होने वाली चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए स्पिनर एडम जंपा को आस्ट्रेलियाई टीम में नहीं चुने जाने से निराश हैं। आस्ट्रेलिया ने अनुभवी ऑफ स्पिनर नाथन लियोन, एश्टन एगर, लेग स्पिनर मिशेल स्वैपसन और युवा ऑफ स्पिनर टॉड मर्फी को अपनी 18 सदस्ईय टीम में शामिल किया है। आस्ट्रेलियाई टीम से छह साल तक जुड़े रहने वाले श्रीराम ने सिडनी मार्निंग हेराल्ड से कहा, मैं जंपा को यहां (भारत में) गेंदबाजी करते हुए देखना पसंद करता, क्योंकि उसके पास तेजी है। उसके पास पिच से मदद हासिल करने की क्षमता है। उन्होंने कहा, यह ऐसी चीज है जिस पर मैं नजर रखता हूं कि कौन सा गेंदबाज पिच की मदद से बल्लेबाज को परेशान करता है। मेरा मानना है कि जंपा इस तरह का गेंदबाज है। भारत की तरफ से आठ वनडे खेलने वाले श्रीराम ने कहा कि जंपा भारत दौरे को लेकर काफी उत्साहित थे और उन्होंने यहां तक कि इस बारे में उनसे बात की थी।उन्होंने कहा, वह किसी अन्य की तुलना में भारत आने को लेकर अधिक उत्साहित था। वह भारत में टेस्ट मैच खेलना चाहता था। उसने दो महीने पहले दो बार मुझे फोन करके कहा था कि वह टीम में जगह बनाना चाहता है और काफी उत्साहित है। श्रीराम ने कहा, इसके लिए उसने न्यू साउथ वेल्स की तरफ से प्रथम श्रेणी मैच खेलना शुरू कर दिया था। उसने दोनों पारियों में तीन-तीन विकेट लेकर अच्छा प्रदर्शन भी किया था, इसलिए दौरे के लिए नहीं चुने जाने से वह काफी निराश है। श्रीराम ने कहा कि आस्ट्रेलिया की असली परीक्षा लंबी अवधि तक स्पिन को उच्च स्तर पर बनाए रखना होगी।

### गुरप्रीत ने बेंगलुरू एफसी से पांच साल का अनुबंध बढ़ाया

**बेंगलुरू।** भारतीय फुटबॉल टीम के गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू ने शुक्रवार को बेंगलुरू एफसी के साथ पांच साल और रहने का फैसला किया तथा क्लब के साथ अपना अनुबंध 2028 तक बढ़ा लिया। राष्ट्रीय टीम के नंबर एक गोलकीपर संधू 2017 में क्लब से जुड़े थे। तब वह यूएफा यूरोपा लीग में खेलने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बने थे। वह पिछले पांच साल से बेंगलुरू एफसी की शुरूआती एकादश का हिस्सा रहे हैं। संधू ने 31वें जन्मदिन पर क्लब से करार बढ़ाने पर हस्ताक्षर किए। उन्होंने कहा, मैं बेंगलुरू एफसी के साथ अपना करार बढ़ाकर खुश हूं जिसने हमेशा मेरी काबिलियत पर भरोसा किया है। वर्ष 2011 से वह भारत के लिए 50 से ज्यादा मैच खेल चुके हैं।

# भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के लिए आस्ट्रेलिया को मिला डुप्लीकेट अश्विन

**एजेंसी।** बेंगलुरू

**भारत** के खिलाफ आगामी टेस्ट श्रृंखला की तैयारी की कवायद में स्पिनरों की मददगार पिच पर बल्लेबाजी अभ्यास के लिए आस्ट्रेलियाई टीम 21 वर्ष के स्पिनर महीश पिथिया की सेवाएं ले रही है जिनका एक्शन रविचंद्रन अश्विन से मिलता है।

ऑफ स्पिनर अश्विन को लेकर आस्ट्रेलियाई खेमा काफी चिंतित है। आस्ट्रेलिया ने 2004 के बाद से भारत में टेस्ट श्रृंखला नहीं जीती है। चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला नौ फरवरी से नागपुर में शुरू होगी। एक रिपोर्ट के अनुसार, आस्ट्रेलियाई टीम ने टेस्ट दौरे के पहले अभ्यास सत्र में डुप्लीकेट रविचंद्रन अश्विन की गेंदों का सामना किया है। इसमें कहा गया, स्पिन का सामना करने पर फोकस रहा और स्थानीय नेट गेंदबाजों में पिथिया अलग थे। उन्होंने कोई ब्रेक लिए बिना लगातार गेंदबाजी की और स्मिथ, मार्नस लाबुशेन और ट्रेविस हेड जेसे बल्लेबाजों को परेशान किया। गुजरात के जूनागढ के रहने वाले पिथिया ने 11 वर्ष की उम्र से पहले अश्विन को गेंदबाजी करते नहीं देखा था क्योंकि उनके पास टीवी नहीं था। उन्होंने पहली बार 2013 में वेस्टइंडीज के खिलाफ अश्विन की गेंदबाजी देखी और तभी से उन्हें आदर्श मानते हैं।

दिसंबर में बड़ौदा के लिए प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पदार्पण करने वाले पिथिया को आस्ट्रेलियाई टीम ने सोशल मीडिया पर उनके फुटेज देखने के बाद यहां बुलवाया। रिपोर्ट में कहा गया , अश्विन से मिलने वाली चुनौती का मुकाबला दुनिया का कोई स्पिनर नहीं कर सकता लेकिन पिथिया आस्ट्रेलियाई टीम की मदद कर रहे हैं।



### तेज गेंदबाजी कोच डोनाल्ड का करार वनडे विश्व कप तक बढ़ाया

**ढाका।** बांग्लादेश ने तेज गेंदबाजी कोच एलेन डोनाल्ड का अनुबंध इस साल भारत में होने वाले आईसीसी एक दिवसीय विश्व कप तक बढ़ा दिया है। डोनाल्ड मार्च 2022 में बांग्लादेश के कोच बने थे और उनका करार पिछले साल आस्ट्रेलिया में हुए टी-20 विश्व कप तक ही था। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने बाद में भारत के खिलाफ घरेलू श्रृंखला तक अनुबंध बढ़ाया।

बीसीबी के क्रिकेट संचालन प्रमुख जलाल युनूस ने क्रिकबज को बताया, डोनाल्ड का करार विश्व कप तक बढ़ा दिया गया है। रिपोर्ट के अनुसार डोनाल्ड 22 फरवरी को ढाका पहुंचेंगे। इसके बाद बांग्लादेश टीम को इंग्लैंड दौरे पर तीन वनडे और तीन टी-20 खेलने हैं।

### उत्तराखंड को हराकर कर्नाटक सेमीफाइनल में

**बेंगलुरू।** आठ बार की चैम्पियन कर्नाटक ने उत्तराखंड को एक पारी और 281 रन से हराकर रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। फॉलोआन के बाद अपने कल के स्कोर तीन विकेट पर 106 रन से आगे खेलते हुए उत्तराखंड के बल्लेबाज 103 रन ही जोड़ सके। पूरी टीम चौथे दिन 73.4 ओवर में 209 रन पर आउट हो गई। उत्तराखंड के लिए स्वप्निल सिंह ने 100 गेंद में 51 रन बनाए। कर्नाटक के लिए श्रेयस गोपाल ने नाबाद 161 रन बनाए जिससे टीम ने पहली पारी में 606 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। उन्होंने उत्तराखंड की दूसरी पारी में 26 रन देकर तीन विकेट भी लिए। गोपाल के अलावा विजयकुमार विशाख ने तीन, वी कावेरप्पा और एम वेंकटेश ने दो-दो विकेट लिए। इससे पहले गेंदबाजी का फैसला करने वाली कर्नाटक की टीम ने उत्तराखंड को पहली पारी में 116 रन पर समेट दिया था। वेंकटेश ने 36 रन देकर पांच विकेट लिए। जवाब में कर्नाटक के लिए गोपाल के अलावा रविकुमार समर्थ ने 82, कप्तान मयंक अग्रवाल ने 83, देवदत्त पड्डिकल ने 69 और निकिन जोस ने 62 रन बनाए।

### अगला विश्व कप नहीं खेल पाएंगे मेस्सी

**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी 2026 में होने वाला अगला विश्व कप तो नहीं खेल पाएंगे लेकिन वह चाहते हैं कि लियोनेल स्कालोनी तब तक टीम के मुख्य कोच बने रहें। मेस्सी की कप्तानी में अर्जेंटीना ने दोहा में दिसंबर में हुए विश्व कप जीता। अगला विश्व कप मेक्सिको, कनाडा और अमेरिका में होगा और तब तक वह 39 वर्ष के हो जाएंगे। उन्होंने स्थानीय मीडिया से कहा कि इस उम्र में एक और विश्व कप खेल पाना मुश्किल होगा। उन्होंने कहा, मुझे फुटबॉल खेलना पसंद है। मैं फिट हूं और खेल का मजा ले रहा हूं लेकिन अभी विश्व कप बहुत दूर है। देखना होगा कि तब तक क्या हालात होते हैं। अभी उनका लक्ष्य अगले साल कोपा अमेरिका खिताब बरकरार रखना है। कोच स्कालोनी अर्जेंटीना फुटबॉल महासंघ के साथ करार बढ़ाना चाहते हैं।

# त्रिकोणीय श्रृंखला की सकारात्मक बातों को विश्व कप में लेकर उतरेंगे : दीप्ति शर्मा

## भारत को विश्व कप के पहले मैच में 12 फरवरी को पाकिस्तान से खेलना है

**एजेंसी।** ईस्ट लंदन

भारतीय हरफनमौला दीप्ति शर्मा त्रिकोणीय श्रृंखला में टीम के प्रदर्शन से खुश है और दस फरवरी से शुरू हो रहे आईसीसी टी-20 महिला विश्व कप में उस लय को कायम रखने के इरादे से उतरेगी। आईसीसी टी-20 विश्व कप 2020 में भारतीय टीम फाइनल तक पहुंची थी। उसे त्रिकोणीय श्रृंखला के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका ने पांच विकेट से हराया।



शर्मा ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, श्रृंखला से काफी सकारात्मक बातें निकली हैं। हमने गेंदबाजी और बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन किया। हमें विश्व कप में भी इसे बरकरार रखना है। उन्होंने कहा, हम इंग्लैंड या किसी भी टीम से खेलें, हमारा फोकस अपनी ताकत पर होना चाहिए। दक्षिण अफ्रीका को घरेलू मैदान में खेलने का फायदा मिला लेकिन हमें श्रृंखला की सकारात्मक बातों को विश्व कप में लेकर उतरना है। हमें विरोधी टीम के बारे में नहीं बल्कि अपने बारे में सोचना है।

पांच मैचों में नौ विकेट लेकर प्लेयर ऑफ द सीरिज रही शर्मा ने कहा कि उन्हें दक्षिण अफ्रीका की पिचों से काफी मदद मिली। उन्होंने कहा, हमने दक्षिण अफ्रीका की विकेटों पर खेला जहां स्पिनरों को टर्न मिलता है। मुझे विकेट से काफी मदद मिली। हैरी दी (हरमनप्रीत कौर) ने भी मुझे कहा कि हालात के अनुरूप गेंदबाजी करती रहूं। मुझे लगता है कि हमने अच्छी गेंदबाजी की। भारत को विश्व कप के पहले मैच में 12 फरवरी को पाकिस्तान से खेलना है।

# अंडर-19 के बाद द. अफ्रीका में महिला टी-20 वर्ल्ड कप

## इस खेल के ऑस्ट्रेलिया और भारत दावेदार

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**महिला** टी-20 वर्ल्ड कप 10 फरवरी से होगा। पिछली बार ये टूर्नामेंट ऑस्ट्रेलिया में हुआ था, जहां आठ मार्च 2020 को फाइनल देखने रिकॉर्ड 86,174 दर्शक पहुंचे थे। इन दो टी-20 वर्ल्ड कप के बीच आए बदलावों का असर इस बार देखने को मिल सकता है।

आईसीसी महिला टी-20 वर्ल्ड कप की मेजबानी दक्षिण अफ्रीका कर रहा है। द. अफ्रीका ने हाल ही में अंडर-19 वर्ल्ड कप की मेजबानी की थी, जिसे भारत ने जीता है। टूर्नामेंट के 23 मैच बोलैंड पार्क, सैंट जॉर्ज और न्यूलैंड ग्राउंड पर खेले जाएंगे। ग्रुप राउंड 10 फरवरी से 21 फरवरी तक चलेगा। 23 और 24 फरवरी को सेमीफाइनल खेले जाएंगे। 26 फरवरी को फाइनल होगा। टूर्नामेंट के वॉर्मअप मैच छह फरवरी से होंगे।

वर्ल्ड कप में 10 टीमें हिस्सा ले रही हैं। ग्रुप ए में ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, द. अफ्रीका, श्रीलंका, बांग्लादेश हैं। इंग्लैंड, भारत, पाकिस्तान, वेस्टइंडीज, आयरलैंड ग्रुप बी में हैं। टीमें अपने ग्रुप की हर टीम से एक मैच खेलेंगी। दोनों ग्रुप की टॉप-2 टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। द. अफ्रीका ने मेजबान होने के कारण डायरेक्ट क्वालिफाई किया। अन्य सात टीमों का निर्धारण 30 नवंबर 2022 तक की रैंकिंग के आधार पर हुआ था। डिफेंडिंग चैम्पियन ऑस्ट्रेलिया की दावेदारी मजबूत है। अगर टीम ये वर्ल्ड कप जीत लेती है तो वह एक साथ वनडे वर्ल्ड कप और टी-20 वर्ल्ड कप की चैम्पियन बन जाएगी। टीम ने पिछले 17 टी-20 में से 16 जीते हैं। ऑस्ट्रेलिया कॉमनवेल्थ गेम्स की विजेता भी है। 2021 वनडे वर्ल्ड कप के अलावा भारत का पिछले कुछ आईसीसी टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन रहा है। भारत 2020 टी-20 वर्ल्ड कप में रनरअप रहा था। साथ ही भारत ने कॉमनवेल्थ गेम्स में सिल्वर जीता था। वर्ल्ड कप में भारतीय टीम के साथ अंडर-19 वर्ल्ड कप विजेता रिचा घोष और शेफाली वर्मा जुड़ेंगी। वहीं, इंग्लैंड के लिए अच्छी खबर है कि कप्तान हीथर नाइट हिप इंजरी के बाद वापसी कर रही है।



### इन खिलाड़ियों पर रहेगा विशेष ध्यान

**भारत** की स्मृति मंधाना अहम साबित होंगी। वे कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत के लिए सबसे ज्यादा 159 रन बनाने वाली बैटर थी। टूर्नामेंट में टॉप-10 रन बनाने वालों की सूची में स्मृति से बेहतर स्ट्राइक रेट (151) किसी का नहीं था। ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी 2020 टी-20 वर्ल्ड कप और कॉमनवेल्थ गेम्स में सर्वाधिक रन बनाने वाली खिलाड़ी थी। उन्होंने वर्ल्ड कप की छह पारियों में 64 की औसत से 259 रन और कॉमनवेल्थ में पांच पारियों में 44 की औसत से 179 रन बनाए थे।



**शहर का तापमान**
- अधिकतम 24.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 12.00 डिग्री सेल्सियस

**शहर में आज**
- सूरजकुंड मेले का दूसरा दिन: सुबह 10 बजे
- साईधाम में वैक्सीनेशन कैम्प: सुबह 10 बजे
- डबुआ कालोनी में केन्द्रीय मंत्री के जन्मदिन पर श्रमकार्यालय में रक्तदान शिविर: सुबह 11 बजे
- शहर में जगह-जगह वैक्सीनेशन: सुबह 10 बजे

## निवेश गुरु

**इक्विटी** फंड में स्टॉक निवेश शामिल रहता है और म्युच्युअल फंडों में यह सर्वाधिक आमतौर पर उपलब्ध फंड है। फंडों की हमारी सौगात में अनेक प्रकार के इक्विटी स्कीमों का परामर्श शामिल रहता है। प्रतिष्ठित रिसर्च एजेन्सी द्वारा भारतीय म्यूच्युयल फंड जगत के गुणवत्ता और आकड़ापरक मूल्यांकनें के समन्वय के आधार पर ही इन फंडों का चयन किया जाता है। चुने हुए इन फंडों की हर माह समीक्षा की जाती है और संशोधन किया जाता है। संपर्क प्रबंधकों की टीम आपकी व्यक्तिगत जोखिम प्रोफाईल और आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए आपको अनुसंधान आधारित मार्गदर्शन प्रदान करती है।

## यूटीलिटी न्यूज

### निशुल्क वैक्सीनेशन कैम्प आयोजित



**फरीदाबाद।** एशियन अस्पताल की ओर से फरीदाबाद की संत नगर कॉलोनी में निशुल्क कोविद वैक्सीन कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में 179 लोगों को कोविद की वैक्सीन लगाई गई। जिनमें से 160 को बूस्टर डोज़ 16 लोगों को दूसरी डोज और 3 लोगों को कोविद की पहली डोज लगाई गई। एशियन अस्पताल के चन्दर शर्मा ने कहा कि कोविड अभी खत्म नहीं हुआ है। इसलिए वैक्सीन ही हम सभी के लिए इस बीमारी से बचने का एकमात्र सहारा है। यहां कई लोग ऐसे थे। जिन्होंने अभी तक अपनी पहली और दूसरी डोज़ भी नहीं ली थी। हम उम्मीद करते हैं कि लोग अपनी वैक्सीन लगवाएंगे और सरकार के नियमों का पालन करेंगे।

## क्विक न्यूज

### प्रतिभाशाली छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की

**फरीदाबाद।** शिक्षा को बढ़ावा देने और जरूरतमंद छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए समर्पित एनटीपीसी फरीदाबाद ने अपनी सीएसआर पहल के तहत उत्कर्ष छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। आसपास के क्षेत्र के सरकारी स्कूलों के प्रतिभाशाली 27 छात्रों को छात्रवृत्तियां प्रदान की गई। एनटीपीसी फरीदाबाद के परियोजना प्रमुख केएन रेड्डी ने कहा कि शिक्षा एक मौलिक अधिकार है और एनटीपीसी फरीदाबाद यह सुनिश्चित करता है कि सभी बच्चो को हर संभव संसाधन प्राप्त हों। छात्रवृत्ति के प्राप्तकर्ताओं को शिक्षा से संबंधित खर्चों में मदद के लिए नकद पुरस्कार दिये गए। एजीएम प्रवीण गर्ग ने कहा कि हमारी टीम हमारे समुदाय में छात्रों के जीवन में सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए समर्पित है। इस मौके पर पीके गुप्ता व टीम फरीदाबाद के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# स्मार्ट सिटी : खराब स्ट्रीट लाइटों के कारण शाम को अंधेरे में डूब जाता है शहर

### जनता की शिकायतों का निपटारा न होने से शोपीस बना नगर निगम का एप 311

**राजेश दास।** फरीदाबाद

**शहर** को स्मार्ट सिटी बनाने के लिए प्रदेश अब तक करोड़ों रुपये खर्च कर चुकी है। लेकिन इसके बावजूद शहर स्मार्ट बनना तो दूर यहां लोगों को मूलभूत सुविधाएं भी नहीं मिल पा रही है। शहर को रोशनी से जगमग करने के लिए निगम द्वारा विभिन्न तरह की लाइटों पर करोड़ों रुपये खर्च किये जा चुके हैं। शहर में एलईडी लाइटें लगाने और रख रखाव करने का 12 करोड़ रुपये का ठेका तक दिया हुआ है। लेकिन इसके बावजूद शाम ढलते ही शहर का काफी बढ़ा हिस्सा अंधेरे में डूब जाता है।

शहर में फिलहाल करीब 60 प्रतिशत स्ट्रीट लाइटें हैं। ठेका होने के बावजूद इन लाइटों को बदलने की जरूरत महसूस नहीं की जाती है। इस तरह की समस्याओं के निपटारा करने के लिए निगम का एप 311 मौजूद हैं। कर्मचारियों द्वारा शिकायत पर ध्यान न दिये जाने से यह एप शोपीस साबित हो रहा है।

**ज्यादातर हिस्सों में रहता है अंधेरा :** नगर निगम ने शहर में एलईडी लाइटें लगाने का ठेका वर्ष 2018 में दिया था। लाइटें खराब होने पर उन्हें पांच साल तक बदलने की जिम्मेदारी इसी कंपनी की है। लेकिन इसके बावजूद खराब लाइटों को उतार कर नया लगाने का ठेका शुरू से ही अलग दिया जाता रहा है। इसके अलावा निगम द्वारा हाईमास्क लाइट और सौंदर्यीकरण के नाम पर फेंसी लाइटों पर भी



सेक्टर 24 में खंबे तो हैं, लेकिन लाइटें गायब हो गईं।

करोड़ों रुपये खर्च किये गए हैं। निगम के अलावा शहर की कई सड़कों पर स्मार्ट सिटी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा नए खंबों के साथ लाइटें भी नई लगाई हैं। सरकार के करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद शाम होते ही शहर के ज्यादातर हिस्सें अंधेरे में डूब जाते हैं। सबसे ज्यादा बुरी स्थित औद्योगिक क्षेत्र सेक्टर 24 और 25 की है। इन सेक्टरों की मुख्य सड़क पर तो कुछ लाइटें जलती हैं। लेकिन इनकी अंदरूनी सड़कों पर कहीं भी स्ट्रीट लाइटें नहीं जलती। जिसके कारण यहां के कारखानों में काम करने वाले लाखों मजदूरों खास कर महिलाओं को भारी परेशानी हो रही है।



लाइटों के अभाव में शाम को यहां हो जाता है अंधेरा।

**दुर्घटनाओं का बना रहता है खतरा :** शहर की सड़कों की हालत भी किसी से छिपी नहीं हैं। मजबूती का दावा करते हुए निगम द्वारा शहर के ज्यादातर हिस्सों में आरएमसी सड़कें बनाई गई थी। लेकिन इनमें से ज्यादातर सड़के रख रखाव की अवधि खत्म होने से पहले ही जगह जगह से टूट चुकी हैं। हाल ही में बनी गौंछी ड्रेन इसका जीता जागता उदाहरण है। सेक्टर 24 और 25 की सड़कों की हालत भी इससे कुछ अलग नहीं है। सेक्टर 24 की मुख्य सड़क जगह जगह से टूटी हुई है। वहीं अंदरूनी सड़कों पर कई स्थानों पर जानलेवा गड्ढे हैं। ऐसे में रात के अंधेरे में दुर्घटना का खतरा बढ़ जाता है।

### शोपीस बना एप 311

**आम** जनता से जुड़ी समस्या के शीघ्र निपटारे के लिए पूर्व निगमायुक्त यशपाल यादव के कार्यकाल के दौरान एप 311 शुरू किया गया था। ताकि लोग खराब स्ट्रीट लाइट, सीवर जाम, मैनहॉल, सफाई, पेयजल और अन्य समस्याओं की शिकायत एप में डाल सके। शुरू में इस एप में डाली जानी वाली शिकायतों का तेजी से निपटा भी हो रहा था। लेकिन निगमायुक्त यशपाल यादव के तबादले के बाद यह एप शोपीस बनकर रह गया है। इस समस्या को लेकर निगम के एक्सईएन ओपी कर्दम से बात करने का प्रयास किया गया। लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

# उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने किया सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय हस्तशिल्प मेला का शुभारंभ





### डॉ. सुदेश धनखड़ व प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल भी रहे मौजूद

### गोल्फ कार्ट में सवार होकर किया स्टॉलों का अवलोकन

### विरासत हरियाणा के पोस्टर का किया विमोचन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**उपराष्ट्रपति** जगदीप धनखड़ ने 36वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय हस्तशिल्प मेला-2023 का शुभारंभ किया। यह मेला आगामी 19 फरवरी को सम्पन्न होगा। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और उनकी धर्मपत्नी डा. सुदेश धनखड़ ने प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल, परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा, विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली, सहकारिता मंत्री डॉ. बनवारी लाल, मुख्य सचिव संजीव कौशल के साथ गोल्फ कार्ट में सवार होकर मेला परिसर का अवलोकन किया। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सूचना, लोकसंपर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग द्वारा लगाई गई डिजीटल प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने बांस से बनाए गए नॉर्थ ईस्ट पविलियन में प्रदर्शित हस्तशिल्प उत्पादों का अवलोकन किया। इस मौके पर उपराष्ट्रपति को पटका पहनाकर सम्मानित किया गया।

मोदी आर्काइव का किया अवलोकन: उद्घाटन के उपरांत उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने किर्गिस्तान द्वारा लगाए गए स्टॉल पर प्रदर्शित उत्पादों का अवलोकन किया। इसके उपरांत उन्होंने मोदी आर्काइव में प्रदर्शित डिजिटल प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने मेला परिसर में सुरीली धुन से पर्यटकों का मनोरंजन करने वाली बीन पार्टी की प्रस्तुति भी देखी। उन्होंने श्रीलंका द्वारा लगाए गए स्टॉल में हस्तशिल्प उत्पादों का अवलोकन किया।

पोस्टर का किया विमोचन: मेला परिसर में विरासत हरियाणा सांस्कृतिक प्रदर्शनी म्हारी संस्कृति म्हारा स्वाभिमान में पहुंचकर प्रदेश की प्राचीन संस्कृति का अवलोकन किया। इस स्टॉल पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल को मान-सम्मान का प्रतीक पगड़ी बांधकर सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को विरासत हरियाणा का स्मृति चिन्ह भेंट किया। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, उनकी धर्मपत्नी डा. सुदेश धनखड़ व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने विरासत हरियाणा द्वारा 2016 से 2023 तक की सांस्कृतिक गतिविधियों से तैयार किए गए पोस्टर का विमोचन किया। उन्होंने इस स्टॉल में हरियाणा प्रदेश में प्राचीन समय में घरों में प्रयोग की जाने वाली वस्तुओं को प्रदर्शित किया गया है।

सीएम ने किया स्वागत: मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने मेला परिसर के मुख्य प्रवेश द्वार पर पहुंचने पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ तथा उनकी धर्मपत्नी डा. सुदेश धनखड़ का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। वेशभूषा से सुसज्जित विभिन्न सांस्कृतिक मंडलियों ने मुख्य अतिथि व पर्यटकों का स्वागत अभिवादन किया।

इस अवसर पर बडखल की विधायक सीमा त्रिखा, पृथला के विधायक नयनपाल रावत, हरियाण पर्यटन विकास निगम के चेयरमैन अरविंद यादव, प्रधान सचिव एम.डी. सिन्हा, प्रबंध निदेशक डा. नीरज कुमार, मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार अमित आर्य, पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा, उपायुक्त विक्रम सिंह, डीसीपी नितिश अग्रवाल, मेला प्रशासक अमित कुमार गुलिया सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# नलसा के स्टॉल का किया सेशन जज ने उद्घाटन



मेले के स्टॉल का उद्घाटन करते सेशन जज सुभाष मेहता, उनके संग फरीदाबाद, पलवल और नूंह के सीजेएम व प्राधिकरण के वकील।

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**मेले** में हर साल की तरह इस बार भी हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण का स्टॉल लगाया गया है। शुक्रवार को शुरू हुए 36वें अंतर्राष्ट्रीय सूरजकुंड मेले में स्टॉल नम्बर 826 और 827 का उद्घाटन पंचकुला से आए मैम्बर सेक्रेट्री कम सेशन जज सुभाष मेहता ने रिबन काटकर किया।

इस मौके पर उनके साथ फरीदाबाद की सीजेएम सुर्किति गोयल, नूंह के सीजेएम प्रतिक जैन और पलवल के सीजेएम कुणाल गर्ग मुख्य रूप से मौजूद रहे। स्टॉल के अंदर आने पर मौके पर मौजूद डालसा के पैनल एडवोकेट रविन्द्र गुप्ता और एडवोकेट अर्चना गोयल ने मेले में मौजूद स्टॉल से संबंधित जानकारी उन्हें उपलब्ध करवाई। जहां उन्हें बताया कि इस बार का थीम उन्होंने मध्यस्था को चुना है। जिसके लिए उन्होंने तीन पुतला नुमा लोगों को बैठाया है।

वहीं दूसरी तरफ न्याय के बारे में जानकारी देने के लिए पोस्टर के संग ही वर्ष भर किए गए कार्यों की जानकारी देने के लिए फोटोग्राफ यहां लगाए है। वहीं एक सेल्फी पोइंट भी बनाया है। उन्होंने बताया कि मेले में पर्यटकों को कानून से संबधित जानकारी उपलब्ध करवाई जा रही है।

# दर्शकों के स्वागत के लिए आतुर है सूरजकुंड

### 36वें अंतर्राष्ट्रीय हस्तशिल्प कला मेले का आगाज हुआ

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**वहीं** धमाल, वहीं मस्ती, वहीं धूमधाम, नाच-गाना और कलाकारों की मंडलियां। फिर से एक साल पुराना शमा बंधा है राजा अनंगपाल की धरती सूरजकुंड पर। मेले का आगाज बंसती माहौल में आज कर दिया गया। भारत के अलग-अलग प्रांतों की संस्कृतियों को समेटे और अंतर्राष्ट्रीय मंच को साथ लेकर जनमानस के समक्ष स्वागत के लिए आतुर दिखाई दे रहा है यह मैदान, जो कि बंजर होते हुए भी गुलिस्तां की तरह महक रहा है। मेले के मुख्य द्वार से लेकर बड़ी चौपाल, फूड कोर्ट से लेकर हिमाचल मंदिर, हैदराबाद के चारमीनार गेट से छोटी चौपाल तक हर जगह ढोल-नगाड़े, बीन व लोकसंगीत पर दर्शक और कलाकार एक साथ



कलाकारों संग झूमते पर्यटक।

झूमते हुए नजर आ रहे हैं। मेले में इस बार की विशेषता है कि भारत जी-20 देशों के समिट की अध्यक्षता कर रहा है और उसे इस आयोजन का मेन थीम बनाया गया है।

अंतर्राष्ट्रीय पटल पर भारत की मजबूत होती छवि को दिखाने का किया गया भरपूर प्रयास यहां सफल होता नजर आ रहा है। मेले में आ रहे विदेशी पर्यटक और दस्तकार भी मानते हैं कि भारत का रूतबा विश्व के महान माने जाने वाले देशों के बराबर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तेजी से आगे बढ़ते जा रहे देशों में भारत को शुमार कर दिया है। इस माह 19 फरवरी तक जारी रहने वाले इस आयोजन में धीरे-धीरे दर्शकों की तादाद और अधिक बढने् की संभावना जताई जा रही है।

# मेला कर्मियों ने करवाई एचआईवी की जांच

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**मेले** में इस बार भी एचआईवी जांच का स्टॉल लगाया गया है। यह स्टॉल मेले की चौपाल के पीछे डिस्पेंसरी और कंट्रोल रूम के निकट लगाया गया है। जिसमें एचआईवी की जांच से पहले काउंसलरों द्वारा जागरूक किया जा रहा है। इसके बाद लैब टैक्नीशियनों के द्वारा जांच की जा रही है। मेले में पहले दिन ड्यूटी पर तैनात एचआईवी जांच केन्द्र में खेड़ीकलां स्वास्थ्य केन्द्र की आईटीसीटी काउंसलर रेनू और मोबाइल आईटीसीटी काउंसलर संगीता ने लोगों को जागरूक किया। वहीं लैब टैक्नीशियन सुरेन्द्र और मुकेश रानी ने सैम्पल जांच को लिये। उन्होंने बताया कि पहले दिन कुछ पर्यटकों के अलावा अधिकांश सैम्पलिंग और काउंसलिंग के लिए मेले में तैनात कर्मचारी ही पहुंचे। उन्होंने बताया कि पुलिस कर्मी और मेले में तैनात कर्मचारी स्टॉल पर



एचआईवी जांच करवाते आए मेला कर्मियों की जांच व काउंसलिंग करते आईटीसीटी कर्मी।

आकर जांच करवा रहे हैं। फिलहाल अभी तक एक भी पोजिटिव नहीं आया है। इस काउंटर पर सैम्पल लेने के तुरंत बाद ही लोगों को रिपोर्ट सौंपी जा रही है। साथ ही उन्हें एचआईवी के बारे में विस्तार से जानकारी भी दी जा रही है।

## पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट मोबाइल नंबर- 9255029919
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103

## नज़रिया



**दिनेश रघुवंशी, कवि**

चुभी जाती है ख़ामोशी कमसकम अब ज़ुबाँ खोलो
ये जो अंधड़ है इसमें अपने साहस को ज़रा तोलो
बड़े नादान हैं हम लोग फिर भी आप अब यूँ भी
निरंतर गलतियों को मास्टर स्ट्रोक मत बोलो

# सूरजकुंड : कलाकारों ने अनेकता में एकता का दिया संदेश



मेले की चौपाल पर अनेकता में एकता का परिचय दे नृत्य करते विभिन्न राज्यों और देशों के सदस्य।



मेले में फूड कोर्ट में बने थीम स्टेट के अनोखे खाद्य स्टॉल।



फूड कोर्ट में बनी मोर की विशाल मूर्ति के साथ सेल्फी लेते दर्शक।

**कविता।** फरीदाबाद

**36वें** सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय मेले में कलाकारों ने नृत्य के जरिये अनेकता में एकता का परिचय दिया। इस नृत्य में नॉर्थ ईस्ट समेत चाइना और यूनाइटेड अरब के कलाकार शामिल थे। जिसमें नॉर्थ ईस्ट से सिक्कीम, मिजोरम, असम, त्रिपुरा, मेघालय, हरियाणा के अलावा चाइना और यूनाईटेड अरब के कलाकार शामिल थे। इस मेले में करीब 40 से अधिक देश व विदेश से आए कलाकारों और हस्तशिल्पी शामिल हैं। जिसमें भागीदार राष्ट्र - शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शामिल हैं। 36वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला के लिए थीम स्टेट उत्तर भारत का उत्तर पूर्वी क्षेत्र है। इस बार मेले को थीम स्टेट उत्तर भारत की तर्ज पर सजाया गया है।

**सुंदर सजा फूड कोर्ट :** मेले में

### मेले के फूड कोर्ट में थीम स्टेट के बने है अनोखे खाद्य स्टॉल

आने वाले पर्यटक कहीं जाए न जाए, लेकिन फूड कोर्ट का रूख अवश्य ही करते है। इस बार फूड कोर्ट को एक नया लुक दिया गया है। यहां आने वालों के लिए बने अनोखे रेस्टोरेंट और फूड स्टॉल इस बार सेल्फी लेने के काम भी आ रहे हैं। उत्तर भारत के हर राज्य के व्यंजन के स्टॉल इतने बेहतर तरीके से अनोखे अंदाज में बने हैं कि देखने वाले इस ओर स्वयं ही खींचे चले जाऐंगे।

फूड कोर्ट में सिक्कीम, असम, मेघालय के स्टॉल के बाहर गैंडे और गाय के स्टैचू लगे हैं। वही त्रिपुरा, अरूणाचल प्रदेश, मणीपुर, मिजोरम के फूड स्टॉल के निकट पर्यटकों को एक बड़ा पक्षी घर अपनी तरफ आकर्षित कर रहा है। इन सभी को बांस, बांस की तिल्लियों, टोपियों और टोकरियों से सजाया गया है।

**ये रहे आकर्षण का केन्द्र :** इस बार मेले में स्टॉल भी आकर्षण का केन्द्र हैं। जहां लोगों को इस बार मेले में पहले ही दिन खरीदारी करते देखा गया। लोग मिट्टी से बनी चीजें और बांस की तिल्लियों से बने सामान के अलावा यहां बने बड़े मोर के संग सेल्फी लेते नजर आए। वहीं बीन की धुन, सपेरों के संग सेल्फी के अलावा नगाड़े पर नृत्य करते हुए लोगों ने पहले दिन मजकर मस्ती की। इस बार मेले में झूलों के साथ दिल्ली के चांदनी चौक की कचौड़ी, पकोडे वाले के अलावा नए बने गेट आकर्षण का केन्द्र रहे। वहीं सेल्फी पॉइंट भी लोगों को अपने ओर खींचते नजर आए।